लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 343, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हाथ से मिले हाथ तो आसां हो लड़ाई व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 25.0° अधिकतम तापमान, 15.0° न्यूनतम तापमान — आसमान में बादल, बारिश की संभावना, ठंडी हवा

सूर्योदय 06 : 30, सूर्यास्त 18 : 11

मुरादाबाद, रविवार, 3 मार्च 2024

दिल्ली मेरे लिए दूसरा घर : आकांशा रंजन.....15

एक नजर

सत्येन्द्र जैन के खिलाफ होगी सीबीआई जांच

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने धन शोधन मामले के आरोपी सुकेश चन्द्रशेखर द्वारा दायर जबरन वसूली की शिकायत पर पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई से जांच कराने की मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जैन पर चन्द्रशेखर से 'संरक्षण देने के बदले में शुल्क' के रूप में 10 करोड़ रुपये वसूलने का आरोप है। राज निवास के अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में तिहाड़ जेल के एक पूर्व महानिदेशक भी आरोपी थे। केजरीवाल सरकार में पूर्व गृह मंत्री जैन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मई 2022 में धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था।

जयंत, गौतम गंभीर नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

नई दिल्ली। पूर्व मंत्री और हजारीबाग से भाजपा के सांसद जयंत सिन्हा ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से उन्हें मुक्त करने का अनुरोध किया है। इसी के साथ वे आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने वालों में शामिल हो गए हैं। वहीं, पूर्वी दिल्ली सीट से भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने भी लोकसभा चुनाव न लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने भी पार्टी अध्यक्ष से राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया है। सांसद जयंत सिन्हा ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वह आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखेंगे। सिन्हा ने कहा कि वह अपना पूरा ध्यान भारत तथा पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर केन्द्रित करना चाहते हैं। नड्डा को संबोधित एक्स पोस्ट में सांसद गौतम गंभीर का कहना है कि वह क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

ईडी ने धनशोधन मामले में चेन्नई में की छापेमारी

चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित जमीन हड़पने और नौकरशाही नियुक्तियों में रिश्वत लेने के मामले में धनशोधन जांच के तहत शनिवार को चेन्नई में राजनीतिक रूप से जुड़े कुछ लोगों के खिलाफ छापे मारे। प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों ने कहा कि छापेमारी देर शाम शुरू की गई और चेन्नई में लगभग आठ से नौ परिसरों को धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कवर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिनके परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं, वे नौकरशाहों की नियुक्तियों और तैनाती के जरिये रिश्वत लेने में लिप्त होने के अलावा शहर के नुंगमबक्कम इलाके में कथित भूमि हड़पने के मामले से भी जुड़े हैं।

दिल्ली में 14 को महापंचायत 400 किसान संघ लेंगे भाग

नई दिल्ली, एजेंसी

- अब ट्रैक्टर-टॉली से नहीं, ट्रेनों व बसों से दिल्ली जाएंगे किसान

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शनिवार को कहा कि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित अन्य मांगों को लेकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए 14 मार्च को दिल्ली में 'किसान महापंचायत' में 400 से अधिक किसान संघ भाग लेंगे। वहीं, किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी रखेंगे। एसकेएम में शामिल 37 किसान संघों ने शनिवार को एक बैठक की। भारती किसान यूनियन (लखोवाल) के महासचिव हरिंदर सिंह लखोवाल ने भी 14 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में महापंचायत की बात कही जिसमें देश भर से 400 से अधिक किसान संघ हिस्सा लेंगे।

लखोवाल ने बताया कि किसान प्रतिनिधि ट्रैक्टर ट्रॉली से नहीं, बल्कि बसों और रेलगाड़ियों से दिल्ली जाएंगे। उन्होंने कहा कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी और 2020-21 के आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद करने सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

देश में होंगे प्रलोभनमुक्त निष्पक्ष चुनाव : निर्वाचन आयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा जल्द घोषित होंगे चुनाव कार्यक्रम

प्रेसवार्ता में सीईसी राजीव कुमार और ईसी अरुण गोयल।

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा कि देश में प्रलोभनमुक्त निष्पक्ष चुनाव कराए जाएंगे। पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त शनिवार को विधानभवन के तिलक हाल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की शिकायत मिली तो संबंधित डीएम व एसपी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने व राजनीतिक दलों की ओर से दर्ज की गई शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

उन्होंने कहा कि फर्जी खबरों से निपटने के लिए जिला स्तर पर एक सोशल मीडिया प्रकोष्ठ बनाया जाएगा। सोशल मीडिया पर लोगों को अपने बात रखने की पूरी स्वतंत्रता होगी, लेकिन फर्जी खबर पर आईटी एक्ट व आईपीसी की धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी व सहभागितापूर्ण चुनाव कराना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी इसके प्रति सजग व तत्पर रहें। प्रेस कान्फ्रेंस में चुनाव आयुक्त (ईसी) अरुण गोयल, मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा भी मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय-अंतर्राज्यीय सीमा पर सतर्कता बरतें

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि प्रदेश की सात अंतर्राष्ट्रीय व 30 अंतर्राज्यीय सीमा पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि धनबल व अन्य प्रलोभनों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। एयरपोर्ट व चार्टर प्लेन की सघन तलाशी की जाएगी। बैंकों में शाम के वक्त नकदी के जमा होने पर भी सतर्क नजर रखी जाएगी। प्रत्याशी डिजिटल ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। इसके साथ ही, प्रत्याशी सभी चुनाव खर्च चेक के जरिए करेंगे। उन्हें बैंकों से 200 चेक उपलब्ध कराए जाएंगे।

भाजपा ने जारी की 195 लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची, यूपी से 51 नामों की घोषणा

प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी, राजनाथ लखनऊ और अमित शाह गांधी नगर से ही लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- 28 महिला प्रत्याशी, 34 केंद्रीय मंत्रियों को भी मिला टिकट

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इनमें 51 नाम यूपी से हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से, गृहमंत्री अमित शाह गांधीनगर से तो लखनऊ से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह फिर किस्मत आजमाएंगे। 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में से 195 सीटों पर निर्णय हुआ। 34 केंद्रीय और राज्यमंत्री इस सूची में हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का भी नाम है। दो पूर्व मुख्यमंत्री का भी नाम शामिल है। इस सूची में 28 महिलाएं हैं। अनुसूचित जाति के 27 और अनुसूचित जनजाति 18 और पिछड़ा वर्ग के 57 उम्मीदवार हैं।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। सूची के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल के तिरुवनंतपुरम से, सर्बानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ सीट से, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू अरुणाचल पूर्व से, भूपेंद्र यादव राजस्थान के अलवर से, ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना से, संजीव बालियान मुजफ्फरनगर और स्मृति ईरानी अमेठी से चुनाव लड़ेंगी। हेमामालिनी को एक बार फिर मथुरा से उम्मीदवार बनाया गया है।

भाजपा ने जिन अन्य केंद्रीय मंत्रियों की उम्मीदवारी की घोषणा की है, उनमें पुरुषोत्तम रुपाला (राजकोट), मनसुख मांडविया (पोरबंदर), देवुसिंह चौहान (खेड़ा), अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर), गजेंद्र सिंह शेखावत (जोधपुर) कैलाश चौधरी (बाड़मेर), जितेंद्र सिंह (उधमपुर), अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा), अर्जुन मुंडा (खूंटी), वी मुरलीधरन (अट्टिंगल), वीरेंद्र खटीक (टीकमगढ़), फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला), जी किशन रेड्डी (सिकंदराबाद), सत्यपाल सिंह बघेल (आगरा), अजय मिश्रा 'टेनी' (खीरी), कौशल किशोर (मोहनलालगंज), भानु प्रताप वर्मा (जालौन), साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर), पंकज चौधरी (महाराजगंज), निसिथ प्रामाणिक (कूचबिहार), शांतनु ठाकुर (बनगांव) और सुभाष सरकार (बांकुड़ा) के नाम शामिल हैं। इस सूची में दो पूर्व मंत्रियों के भी नाम हैं।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा से उम्मीवार होंगे, जबकि भोपाल से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की जगह पार्टी ने आलोक शर्मा को वहां से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने नई दिल्ली से केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज, दक्षिणी दिल्ली से रमेश बिधूड़ी की जगह रामवीर सिंह बिधूडी, चांदनी चौक से पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन की जगह प्रवीण खंडेलवाल, पश्चिमी दिल्ली से प्रवेश वर्मा की जगह कमलजीत सेहरावत को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी एक बार उत्तर पूर्व दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे।

उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा के दौरान भाजपा नेता बैजयंत जय पांडा, विनोद तावड़े और अनिल बलूनी।

ज्यादातर पुराने चेहरों पर जताया भरोसा

भाजपा की 195 उम्मीदवारों की इस सूची में 34 केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। इसमें से कई लोग दोबारा या तीसरी बार चुनाव लड़ेंगे। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। जाहिर है, उत्तर प्रदेश की सीटों को लेकर काफी संजीदगी बरती गई होगी। हालांकि पहली सूची में प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में 51 सीटों पर ही नाम की घोषणा की गई। इसमें अमेठी, आगरा, मथुरा जैसी सीटों पर वर्तमान सांसदों को ही जगह दी गई है। अमेठी से स्मृति ईरानी और मथुरा से हेमा मालिनी तीसरी बार चुनाव लड़ेंगी तो आगरा से एसपी सिंह बघेल भाजपा से दोबारा चुनाव लड़ेंगे।

मैराथन बैठक में नामों पर हुआ था मंथन

पिछले दिनों भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी, जिसमें पार्टी उम्मीदवारों के नामों पर मैराथन मंथन किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी भी इस बैठक में शरीक हुए थे। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, शाह, संगठन महासचिव बीएल संतोष ने विभिन्न राज्यों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कर उम्मीदवारों के नामों पर विमर्श किया था। अभी तक लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन पार्टी ने इससे पहले ही उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पिछले विधानसभा चुनावों में भी भाजपा ने यही रणनीति अपनाई थी और बहुत हद तक यह कारगर भी रही थी।

आरओ/एआरओ की प्रा. परीक्षा भी निरस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ करेगी पेपर लीक की जांच, छह माह में दोबारा परीक्षा
- इसके पहले उप्र पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा हो चुकी है निरस्त

अमृत विचार : पेपर लीक होने के चलते उप्र सिपाही भर्ती परीक्षा के बाद अब आरओ/एआरओ (समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी, प्रारंभिक परीक्षा-2023) भर्ती परीक्षा भी निरस्त कर दी गई है। छह महीने में दोबारा परीक्षा कराने के निर्देश दिए गए हैं। पेपर लीक के इस पूरे मामले की जांच एसटीएफ को सौपीं गई है।

11 फरवरी, 2024 को उप्र के 58 जिलों में यह परीक्षा हुई थी। इस परीक्षा में करीब सात लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। अभ्यर्थियों का आरोप था कि परीक्षा से पहले ही पेपर लीक हो गया। इस परीक्षा को फिर से कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थी कई दिनों से आंदोलित थे। उप्र में कई जगहों पर, खासकर प्रयागराज में लोकसेवा आयोग के दफ्तर के सामने पिछले कई दिनों से अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बाद राज्य सरकार ने परीक्षा रद करने का फैसला लिया है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी 2024 को आयोजित आरओ/एआरओ की परीक्षा की शनिवार को समीक्षा की गई। इस परीक्षा में कथित रूप से प्रश्न पत्र के कतिपय प्रश्नों के सोशल मीडिया पर वायरल होने के शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके संबंध में शासन द्वारा परीक्षा को प्रभावित करने से संबंधित तथ्यों के साक्ष्य लोगों से मांगे गए थे। शासन को उपलब्ध कराए गये साक्ष्यों तथा आयोग द्वारा उपलब्ध रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री ने दोनों सत्रों की परीक्षाओं को निरस्त करने का निर्देश दिया।

ज्ञात हो कि, परीक्षा के लिए 10,76,004 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। सात लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रारंभिक परीक्षा के दौरान पेपर लीक हो जाने की सूचना इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गई थी।

नजीर बनेगी दोषियों की सजा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेपर लीक के दोषियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसी सजा दिलाएंगे, जो नजीर बनेगी।

झारखंड में स्पेन की महिला से गैंगरेप, 3 लोग गिरफ्तार

दुमका, एजेंसी

- दुमका जिले में एक अस्थायी टेंट में रात्रि विश्राम के दौरान दिया वारदात को अंजाम

झारखंड के दुमका जिले में स्पेन की एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस घटना के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है।

यह घटना राजधानी रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट में शुक्रवार रात तब हुई, जब स्पेन का एक पर्यटक जोड़ा एक अस्थायी टेंट में रात्रि विश्राम कर रहा था। यह युगल दुपहिया वाहन से बांग्लादेश से दुमका पहुंचा और वह बिहार से होते हुए नेपाल जाना चाहता था। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे हंसडीहा पुलिस गश्ती दल को सड़क किनारे दो लोग मिले। गश्ती दल ने यह भांप लिया कि उनके साथ कुछ हुआ है। चूंकि वे स्पेनिश भाषा बोल रहे थे तो पुलिस समझ नहीं पाई कि वे क्या कह रहे हैं। पुलिसकर्मी उन्हें यह मानकर एक स्थानीय अस्पताल लेकर गए कि उन्हें कुछ इलाज की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्पेनिश युगल ने डॉक्टरों को यौन शोषण की घटना के बारे में बताया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने पीड़िता से बात की। इसके बार हमने कुछ लोगों को हिरासत में लिया और पूछताछ के दौरान उन्होंने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। आरोपियों ने कुछ और नाम भी लिए। हमने एक दल गठित किया है और अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है। दुमका के सिविल सर्जन बच्चा प्रसाद सिंह ने बताया कि करीब 28 साल की महिला और उसके 64 वर्षीय पति का इलाज दुमका के फुलो झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में किया जा रहा था।

भाजपा की दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

इस बीच झारखंड भाजपा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पुलिस पर ढिलाई का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि जब विदेशियों के साथ ऐसी घटनाएं होंगी, तो कौन झारखंड आना चाहेगा? यहां कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। पुलिस के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए

भ्रामक वीडियो पोस्ट करने पर खरगे-जयराम को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महासचिव जयराम रमेश को कानूनी नोटिस भेजा है। गडकरी का कहना है कि दोनों ने उनके बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गुमराह करने और मानहानि करने वाली खबरें साझा की हैं। कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा था कि मोदी सरकार के मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि आज किसान को फसल का दाम नहीं मिल रहा है। गडकरी के वकील बालेंदु शेखर ने कहा कि खरगे और रमेश ने गडकरी के इंटरव्यू के एक टुकड़े को जान-बूझकर पोस्ट किया। क्लिप को बगैर संदर्भ और शब्दों के मायने के शेयर किया गया।

टैंकर से कुचलकर बाइक सवार दो दोस्तों की मौत

संवाददाता, अमरोहा/नौगावां सादात

- एक युवक और बाइक को दूर तक घसीटते ले गया टैंकर

मोहम्मद नदीम हारिस

अमृत विचार : बाइक सवार दो दोस्तों को टैंकर ने कुचल दिया। हादसे में नौगावां सादात थानाक्षेत्र के खेड़ा अपरौला गांव निवासी हारिस (26) और मोहम्मद नदीम (30) की मौके पर ही मौत हो गई। भागने के चक्कर में टैंकर चालक बाइक और हारिस को कई किमी तक घसीटते ले गया, फिर गड्ढे में पलट गया। हादसा शुक्रवार देर रात थाना नौगावां सादात क्षेत्र के गांव पीलाकुंड के पास हुआ। गांव खेड़ा अपरौला निवासी हारिस सऊदी अरब में काम करता था। कुछ दिन पहले ही वह लौटा था। गांव का ही उसका दोस्त मोहम्मद नदीम नौगावां सादात के मोहल्ला नई बस्ती की फिरदौस मस्जिद में इमाम था। शुक्रवार रात करीब 11 बजे दोनों नौगावां सादात में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। हारिस बाइक चला रहा था। पीलाकुंड गांव के निकट टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी। नदीम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि हारिस और बाइक टैंकर के अगले हिस्से में फंस गई। भागने के प्रयास में टैंकर चालक दोनों को घसीटता हुआ काफी दूर बादशाहपुर इंटर कॉलेज तक ले गया। नौगावां सादात थानाध्यक्ष पंकज तोमर मौके पर पहुंचे। टैंकर के केबिन का शीशा तोड़कर चालक को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। टैंकर चालक पृथ्वी सिंह निवासी रेहटी जागीर थाना नूरपुर जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया गया है। हारिस के चाचा तस्लीम अहमद की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया है।

अनंत अंबानी की शादी के लिए बदला एयरपोर्ट का दर्जा

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा कि केंद्र सरकार कानून ताक़ पर रखकर पूंजीपतियों को सुविधा देती है और इसका ताजा उदाहरण उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी का विवाह अवसर है जब सरकार ने जामनगर हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय स्तर प्रदान कर दिया। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि पूंजीपति मित्रों को मदद करने की बात आती है तो मोदी कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे के विवाह के लिए जामनगर हवाई अड्डे को 10 दिन के लिए अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित कर दिया है।

प्रदेश का पहला एसटीपी — कनाडा और फ्रांस से मंगाई जा रहीं अत्याधुनिक मशीनें बदबू तक बाहर नहीं निकलने देंगी

अब अल्ट्रा वायलेट किरणें मारेंगी गंदे पानी का बैक्टीरिया

गोपाल सिंह, लखनऊ

- नई तकनीक से होगा जल शोधन 297 करोड़ से जियामऊ में बनेगा

अमृत विचार : भले ही यह शुरुआत हो लेकिन गंदे पानी को निर्मल और बैक्टीरियामुक्त बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार की यह पहल आगामी दिनों में मील का पत्थर साबित होने वाली है। इसमें नई तकनीक का सहारा लेकर गंदे पानी के बैक्टीरिया को खत्म किया जाएगा। कनाडा से आने वाली मशीन से उत्पन्न होने वाली ''अल्ट्रा वायलेट किरणें'' लखनऊ की जीवनदायनी गोमती नदी में गिरने वाले नालों के गंदे पानी को स्वच्छता प्रदान करेगी। इसके लिए 297 करोड़ रुपये की लागत से जियामऊ में हैदर कैनाल एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) तैयार किया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन 120 करोड़ लीटर नाले के गंदे पानी को बैक्टीरियामुक्त किया जाएगा। एसटीपी का सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है। इसी महीने के अंत तक मशीन आ जाएगी। एसटीपी अगले दो माह में शुरू हो जाएगी। इससे गोमती का पानी साफ होगा। 'गाद' न होने से नदी का जलस्तर भी बढ़ेगा।

कचरे से प्रतिदिन एक मेगावाट बिजली का होगा उत्पादन

प्रोजेक्ट का काम देख रहे जल निगम के अवर अभियंता सुरेंद्र कुमार बताते हैं कि एसटीपी में नाले के गंदे पानी का शोधन करने के बाद जो वेस्ट (गाद या कचरा) बचेगा उससे प्रतिदिन एक मेगावाट बिजली बनाई जाएगी। बिजली बनाने के लिए फ्रांस से गैस इंजन मंगाया गया है।

> एसटीपी का सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है। कनाडा, फ्रांस की मशीन इस महीने आ जाएगी। नई तकनीक में मशीन अल्ट्रा वायलेट किरणों को उत्पन्न करेगी और इसी से गंदे पानी के बैक्टीरिया मारे जाएंगे। गाद न होने से नदी का पानी भी निर्मल होगा और जलस्तर भी बढ़ेगा। आगामी दो माह में एसटीपी शुरू हो जाएगी।
>
> – **महेश कुमार गौतम**, अधिशासी अभियंता जल निगम

बदबू रोकेगा 'ऑडर रिमूवल सिस्टम'

एसटीपी में नाले के पानी का शोधन करते समय इस बात का खास ध्यान रखा जाएगा कि बदबू हवा में न फैले। इसके लिए एसटीपी में ऑडर रिमूवल सिस्टम'' लगाया जाएगा। यह शोधन के दौरान निकलने वाली गैस को बाहर नहीं जाने देगा। यह ऑडर रिमूवल प्रणाली भी विदेशी होगी। इसे फ्रांस से मंगाया जा रहा है।

कोविड के चलते योजना की गति थी धीमी

जियामऊ में 297 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रही इस एसटीपी की शुरुआत जुलाई 2018 में हुई थी। इसके लिए राज्य सरकार से 68 करोड़ रुपये दिए भी थे। लेकिन कोविड और बजट में देरी की वजह से इसका निर्माण धीमा हो गया था। सरकार ने इस प्रोजेक्ट को अमृत योजना में शामिल करते हुए इसे रफ्तार दे दी है।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

☞ तुरैहा मछुआ समाज की बैठक सराय गेट स्थित बाबा राम स्वरूप की समाधि पर पूर्वाह्न 11:15 बजे।

☞ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक तिलक कालोनी स्थित कार्यालय पर अपराह्न 2:30 बजे।

एक नजर

47221 लोगों को मिला आयुष्मान योजना का लाभ

रामपुर, अमृत विचार : आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत वर्ष 2018 से अब तक जिले के 47221 मरीजों ने जनपद व जनपद से बाहर उच्च स्तर के स्वास्थ्य संस्थानों में उपचार कराया। है। आयुष्मान कार्ड जारी करने में जनपद रामपुर की प्रदेश में 13वीं रैंक है। जिले के 9 निजी हॉस्पिटल इस योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि जिले में कुल लक्ष्य 638000 के सापेक्ष 570000 चिह्नित लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। शेष लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड जारी किए जा रहे हैं।

ग्रामीण को किया पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : थाना केमरी पुलिस ने अंसार पुत्र गुच्छन निवासी ग्राम सिमरिया थाना केमरी को ग्राम सिमरिया मे तालाब के पास से सट्टे की खाईबाड़ी करते समय गिरफ्तार किया। उसके पास से दो सट्टा पर्ची, एक पॉकिट डायरी, एक पेन व 450 रुपये नकद बरामद हुए।

एसडीएम के पेशकार को बरेली की जेल भेजा

मिलक (रामपुर), अमृत विचार : मिलक तहसील में तैनात एसडीएम के पेशकार जुनैद खान को शुक्रवार को मुरादाबाद की भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने रिश्वत लेते दबोचा था। शनिवार को उसे कोर्ट में पेश कर बरेली की जेज भेज दिया गया।

कोतवाली मिलक में चार घंटे तक चली कानूनी कार्रवाई के बाद मुरादाबाद में स्थित क्षेत्रीय एंटी करप्शन थाने के प्रभारी निरिक्षक सूर्यप्रताप सिंह ने मिलक कोतवाली में आरोपी जुनैद के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कराया था। टीम जुनैद को अपने साथ मुरादाबाद स्थित थाने ले गई थी।

शनिवार को टीम ने आरोपी जुनैद को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे बरेली की जेल भेज दिया गया है।

वर्ष 2022 में लोकसभा का उपचुनाव जीतने के बाद 2024 में फिर मिला टिकट, सूची में नाम देख खुशी से झूमे भाजपाई व समर्थक

रामपुर से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे सांसद घनश्याम सिंह लोधी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ पूर्व मंत्री आजम खां को उप चुनाव में हराने का मिला इनाम

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर सांसद घनश्याम सिंह लोधी पर भरोसा जताया है। पार्टी ने रामपुर लोकसभा सीट से उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए अपना प्रत्याशी घोषित किया है। उन्हें टिकट मिलने से भाजपाइयों व उनके समर्थकों में खुशी है।

पूर्व मंत्री आजम खां के लोकसभा सीट से इस्तीफा देने के बाद वर्ष 2022 में हुए उप चुनाव में घनश्याम सिंह लोधी ने जीत दर्ज की थी। शनिवार देर शाम भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने प्रत्याशियों के नामों की सूची जारी की। इसमें घनश्याम सिंह लोधी का नाम देखकर उनके समर्थक खुशी से झूम उठे। उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। घनश्याम सिंह लोधी सपा के टिकट पर एमएलसी भी रहे हैं और उनका टिकट सपा सरकार में हेलीकॉप्टर से आया था। लोकसभा 2024 के लिए भी रामपुर से कई नामों पर चर्चा हो रही थी, लेकिन, पार्टी हाईकमान ने घनश्याम सिंह लोधी के नाम पर मुहर लगा दी है।

ग्राम प्रधान का चुनाव जीतकर शुरू किया था राजनैतिक सफर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजनैतिक सफर में घनश्याम सिंह लोधी हमेशा मुकद्दर के सिकंदर रहे हैं। उन्होंने अपने राजनैतिक सफर की शुरूआत ग्राम प्रधान का चुनाव जीतकर की थी। अब इन्हें भाजपा ने फिर अपना प्रत्याशी बनाया है।

सपा शासन काल में इनका हेलीकाप्टर से टिकट आया था क्योंकि एमएलसी के नामांकन के लिए आखिरी दिन और आखिरी मिनट बचे थे। इन्होंने नामांकन कराकर चुनाव जीत लिया। उसके बाद वर्ष 2021 में सपा छोड़ भाजपा में शामिल हो गए और वर्ष 2022 में भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया और वह 43 हजार वोटों से चुनाव जीत गए थे। शनिवार को फिर लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है। लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने तैयारियां तेज कर दी है। सपा और कांग्रेस ने प्रदेश में कुछ प्रत्यशियों के नाम घोषित कर दिए थे। भाजपा में प्रत्याशियों के नामों को लेकर चर्चा शुरू हो गई थी। जिले में भी कई नामों की चर्चा लगातार चल रही थी। कुछ लोग घनश्याम सिंह लोधी का टिकट कटने का दावा कर रहे थे लेकिन, कुछ लोग ऐसे भी थे जिन्होंने पूरी ताकत लगाकर उनको दोबारा से उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने की वकालत की थी। शनिवार को पार्टी मुख्यालय से लोकसभा प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए गए। इनमें भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर घनश्याम सिंह लोधी को लोकसभा प्रत्याशी बनाकर दांव खेला है।

जिलाध्यक्ष के पास ही रखे रहे गए प्रत्याशियों के नाम

लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी के नाम को लेकर जिले में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही थीं कि इस बार लोकसभा का प्रत्याशी किसी और को बनाया जाएगा। इतना ही नहीं लोकसभा चुनाव का टिकट पाने के लिए कुछ लोगों ने जिलाध्यक्ष को आवेदन भी दिए थे। इसमें भाजपा नेता जागेश्ववर दयाल दीक्षित, इंजीनियर नलिन सिंह, शंकुतला लोधी के नाम शामिल थे, लेकिन इन लोगों के आवेदन जिलाध्यक्ष के पास ही रखे रहे गए और सांसद घनश्याम सिंह लोधी का टिकट हो गया। इनके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और जयाप्रदा को टिकट होने की चर्चा थी।

यह है घनश्याम का राजनैतिक सफर

- 1985 में जिठिया सालेपुर के ग्राम प्रधान बने
- 1990 में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनाए गए
- 1999 में बसपा से लोकसभा चुनाव हार गए
- 2004 में राष्ट्रीय क्रांति पार्टी से एमएलसी चुने गए
- 2016 में सपा से एमएलसी बने
- 2022 में भाजपा से लोकसभा का उपचुनाव जीते

मार्च के दूसरे दिन झमाझम हुई बारिश

25 मिलीमीटर बारिश के आसार, जगह-जगह जलभराव होने से हुई परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिले भर में शनिवार को तेज हवा के साथ हुई वर्षा से गेहूं और सरसों की फसल खेतों में गिर गई है। इससे किसान चिंतित हैं। बारिश से जगह-जगह जलभराव होने से लोगों को भी परेशानी हुई।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही के अनुसार, लगातार सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के चलते पांच से 25 मिमी वर्षा होने के आसार हैं। उधर, जिले में गेहूं का करीब डेढ़ लाख हेक्टेयर रकबा है, खेतों में तैयार होने वाली गेहूं और सरसों की फसल गिर गई, जबकि, 35 हजार हेक्टेयर भूमि पर गन्ने की फसल है। शनिवार तड़के से हल्की कभी तेज बारिश से गेहूं और सरसों की फसल खेतों में गिर गई। जबकि, गेहूं की पिछैती फसल को बारिश से लाभ हुआ है। शनिवार को अधिकतम तापमान-23डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान-16 डिग्री सेल्सियस रहा। तेज हवा के साथ बारिश से सर्दी बढ़ने पर सड़कों पर लोगों की आवाजाही काफी कम हो गई।

राहे मुर्तजा रोड पर छाता लगाकर गुजरता बाइक सवार। ● अमृत विचार

▸▸ तेज हवा के साथ बारिश से गेहूं, सरसों की फसलों में नुकसान

सुबह आठ बजे तक हल्की बारिश होती रही। मौसम वैज्ञानिक दो मार्च को बारिश होने का अनुमान जता रहे थे। बारिश होने के कारण तमाम खेल गतिविधियां ठप हो गई हैं।

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिक खेलकूद समारोह में बारिश ने दिक्कतें पैदा कर दीं, बारिश का पानी मैदान में भर गया। जिसके चलते कालेज के सभागार में विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

फसलें गिरीं, बिजली आपूर्ति भी बाधित

बिलासपुर, अमृत विचार : क्षेत्र में बारिश और तेज हवा से गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान हुआ है। किसानों ने फसलों के नुकसान का आकलन कर मुआवजे की मांग की है। शुक्रवार देर रात से क्षेत्र में शुरू हुआ बूंदाबांदी का क्रम शनिवार को भी जारी रहा। हवा से सुबह से देर शाम तक विद्युत आपूर्ति भी बाधित रही। उधर, गांव महेशपुरा, मुल्लाखेड़ा, पिपलिया महतो, नवाबगंज, भटपुरा तारन, खूंटाखेड़ा, धावनी हसनपुर, कौशल गंज, रसूलपुर, मंसूरपुर सहित कई गांव के किसानों की फसलें गिर गईं। किसानों ने बताया कि इस बारिश के साथ चली तेज हवा से किसानों को नुकसान हुआ है। महेशपुरा के किसान इस्लाम अली और इकरार खां का कहना है कि लगभग गेहूं की 30 प्रतिशत फसल गिरने के कारण बर्बाद हो सकती है।

मटर, सरसों व आलू के किसान हो रहे परेशान

ढकिया/ मिलक, अमृत विचार : क्षेत्र में शनिवार सुबह आठ बजे से तेज हवा के साथ बारिश हुई। किसानों के खेत में खड़ी गेंहू की फसल खेतों में बिछ गई। किसान गेंहू की फसल के उत्पादन को लेकर चिंतित हैं।

गेहनी गांव निवासी किसान कल्लू पांडे, अमन, ढकिया निवासी रामप्रकाश सिंह चौहान, अनूप सिंह आदि का कहना है कि तेज हवा के साथ बारिश में गेंहू की फसल के जमीन पर गिर जाने के कारण गेंहू की फसल का उत्पादन कम होगा। किसानों को उत्पादन कम होने से गेहूं की फसल में आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी। बारिश होने से गांवों में भी सड़कों पर जल भराव हो गया है और जल भराव व कीचड़ होने से लोगों को रास्तों से निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरसों, मटर व आलू की फसल में भी किसानों को नुकसान हुआ है। गेहूं के अलावा मटर, सरसों व आलू की खेती करने वाले किसान भी तेज हवा के साथ बारिश होने से फसलों की पैदावार में नुकसान होने को लेकर चिंता जता रहे हैं।

बारिश के बीच ग्रामीण के कच्चे मकान की छत गिरी

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : बारिश में गरीब के कच्चे मकान की छत भर-भराकर नीचे गिर गई। हादसे में परिवार बाल-बाल बच गया। ग्रामीण ने मामले की शिकायत एसडीएम से कर आवसीय योजना का लाभ दिलवाए जाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के गांव बवनपुरा निवासी शम्मू खां पुत्र मुन्ने खां मजदूर है। शनिवार सुबह वह अपने परिवार के साथ कच्चे मकान में मौजूद थे। इस दौरान तेज हवा और बारिश के चलते अचानक कच्चे मकान की आधी छत भर-भराकर नीचे गिर गई। इससे परिवार के लोगों में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इस दौरान ग्रामीणों ने छत के मलबे में दबे सामान को बाहर निकाला। परिजनों को सांत्वना देते हुए मामले से प्रशासन को जानकारी पीड़ित परिवार ने डीएम और एसडीएम से लिखित शिकायत कर आवास योजना का लाभ दिलवाए जाने की मांग की है। परिजनों ने बताया कि उनका मकान कच्चा और जर्जर अवस्था में है। लेकिन प्रधानमंत्री आवासीय योजना का उन्हें लाभ नहीं मिला है। अधिकारी व कर्मचारी उन्हें टाल-मटोल कर भगा देते हैं। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि गांव बवनपुरा में बारिश के दौरान कच्चा मकान गिरने की सूचना मिली है। घटना की जांच लेखपाल से करवाई गई है। प्रशासनिक स्तर पर पीड़ित परिवार की मदद की जाएगी।

गांव बवनपुरा में बारिश के दौरान गिरी कच्चे मकान की छत। ● अमृत विचार

अन्नपूर्णा भवन का हुआ लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन के सभागार से प्रदेश में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) और ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों का ऑनलाईन लोकार्पण किया।

इस दौरान कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिले में प्रत्येक अन्नपूर्णा भवन, मॉडल उचित दर दुकानों पर किया गया। अन्नपूर्णा भवन, मॉडल उचित दर दुकानों को सजाया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व राशन के लाभार्थियों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी अभिषेक कुरील ने बताया कि तहसील सदर के गांव भमरौआ, तहसील स्वार के ग्राम-धनौरी, तहसील टांडा के ग्राम पहाड़पुर, तहसील बिलासपुर के ग्राम-पिपलिया गोपाल में अन्नपूर्णा भवन हैं। मिलक तहसील क्षेत्र गांव धर्मपुर और शाहबाद तहसील क्षेत्र के गांव ढकिया में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवनों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को जागरूक किया गया। बिलासपुर के गांवों में ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह ने कुछ अन्नपूर्णा भवनों का फीता काटकर उद्घाटन किया।

गांव पिपलिया गोपाल में फीता काटकर उद्घाटन करते ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह।

▸▸ जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को किया जागरूक

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने बनाए आकर्षक मॉडल

रामपुर, अमृत विचार : शिवि टाकिज स्थित सेंट एंथोनी स्कूल में विभिन्न विषयों में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के कक्षा नर्सरी से कक्षा 11 तक के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी का आगाज विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

प्रधानाचार्य ने कहा कि विज्ञान माडलों को देखकर लग रहा है कि स्कूल बच्चे वैज्ञानिक बनेंगे। विज्ञान की प्रदर्शनी से अन्य क्षेत्रों के प्रति जागरूकता पैदा होती है। प्रदर्शनी के मुख्य विषय पर्यावरण संबंधी मुद्दे, जैव विविधता, मानव कल्याण में जीवन विज्ञान, वैकल्पिक ऊर्जा, सूचना संचार परिवहन, गणित विज्ञान और खेल थे। प्रदर्शनी में कॉमर्स विषय ने भी सबका ध्यान अपनी और आकर्षित किया।

किसानों ने मांगा गिरी फसलों का मुआवजा

संवाददता, टांडा

अमृत विचार : शुक्रवार देर रात से तेज हवा के साथ हुई बारिश से ठंड में इजाफा हो गया। तीव्र हवा के झोंकों ने गेहूं और सरसों की लहलहाती फसल को जमीन पर गिरा दिया है। चना, अरहर, टमाटर समेत कई फसलों को नुकसान हुआ है। गांव रामनगर लतीफपुर में किसान वेदराम के खेत में खड़ी गेहूं की फसल गिर गई। किसानों ने बारिश से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे की मांग की है।

बारिश और तेज हवा ने गेहूं, सरसों की फसल को धरती पर बिछा दिया है। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश और तेज हवा ने खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान हुआ है।

गेहूं की फसल गिरने के बाद खेत में चिंतित बैठा किसान। ● अमृत विचार

बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। किसान फसलों अगर अधिक बारिश हुई तो फसलें बर्बाद हो जाएंगी। सरकार किसानों को मुआवजा दे। **-मजहर अली उर्फ लाला, नगर अध्यक्ष भाकियू टांडा**

तेज हवा के साथ हुई बारिश से गेहूं और सरसों की खड़ी फसल गिर गई है। इससे किसानों को नुकसान हुआ है। सरकार द्वारा गिरी फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाना चाहिए। **-बलजीत सिंह, किसान**

बारिश कृषकों के लिए काफी हानिकारक साबित हो रही है। गेहूं और सरसों की तैयार फसलों को नुकसान हुआ है। किसानों को नुकसान का मुआवजा दिया जाए। **-साबिर अली, जिला सचिव भाकियू**

तेज हवा के साथ हुई बारिश से गेहूं, टमाटर और सरसों की फसल को नुकसान हुआ है। इससे किसान परेशान हो गए हैं। अब फसल खराब होने का डर सता रहा है। **- वेदराम किसान, गांव रामनगर लतीफपुर**

स्वीप कार्य योजना कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित रोल प्ले का आयोजन, पिंक बूथ बनाया मॉडल

रोल प्ले से विद्यार्थियों को समझाई निर्वाचन प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : स्वीप कार्य योजना के अंतर्गत शनिवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित रोल प्ले का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। एक पिंक बूथ नंबर 37 का मॉडल बनाया गया। महिला स्टाफ को लगाया गया।

पिंक बूथ नंबर 37 पर निर्वाचन प्रक्रिया को दर्शाया गया। इसमें एक छात्रा को पीठासीन अधिकारी, एक छात्रा को मतदान अधिकारी प्रथम, एक छात्रा को मतदान अधिकारी द्वितीय बनाया गया। एक छात्रा को मतदान अधिकारी तृतीय बनाया गया। इसमें विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने लाइन में लगकर वोट डाले। उन्होंने पूरी निर्वाचन प्रक्रिया को समझा। जब भी कोई मतदाता वोट डालने आता है तो सबसे पहले वह अपनी वोटर पर्ची लेकर मतदान अधिकारी प्रथम के पास आता है। उसके बाद वह मतदान अधिकारी अपनी सूची में उस मतदाता के नाम के आगे सही का निशान लगाता है। इसके बाद मतदाता को मतदान अधिकारी द्वितीय के पास भेज देता है। मतदान अधिकारी द्वितीय वोटर पर्ची बनाकर मतदाता को देता है। फिर वह मतदाता मतदान अधिकारी तृतीय के पास जाता है जिसमें पर्ची को देखकर वह मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर स्याही का निशान लगाता है। पीठासीन अधिकारी ईवीएम मशीन को कमांड देते हैं और मतदाता वोट डालने के लिए बूथ में चला जाता है। इसके बाद अपना मनपसंद बटन दबाकर वह डाल देता है। बाहर निकल कर मतदान केंद्र से बाहर चला जाता है। विद्यालय के सभी बच्चों ने निर्वाचन प्रक्रिया को बारीकी से समझा। निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर बच्चों के अंदर काफी उत्साह रहा। विद्यालय में स्वीप कार्य योजना के अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के कक्षा छह, सात और आठ के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू, सीमा गौहर, नसरीन बी, रजिया बेगम, रजनी गुप्ता, अमरपाल सिंह, शाजिया बी, शहनाज फातिमा आदि उपस्थित रहे।

निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विषय पर निबंध लिखते छात्र एवं छात्राएं। ● अमृत विचार

सिलईबड़ा प्रकरण की कराई जाए निष्पक्ष जांच

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय समाज सेवा संघ के राष्ट्रीय संगठन महासचिव भानु प्रताप सिंह यादव ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि गांव सिलईबड़ा में जिस तरह के सामाजिक संघर्ष में सुमेश की हत्या हुई है, वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि घटना की निष्पक्ष जांच कराने के लिए एक कमेटी का गठन किया जाए। प्रकरण में पारदर्शिता से जांच कराई जाए। जिससे कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर पीड़ित पक्ष को न्याय मिले।

उधर, भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत सिंह नौटियाल चार मार्च को मृतक सुमेश के परिजनों से मिलेंगे। पूर्वाह्न 11 बजे आंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद वह जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी से वार्ता करेंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष राजेश खन्ना ने दी है।

छेड़खानी होने पर पुलिस को दें सूचना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : विशेष महिला सुरक्षा दल की प्रभारी ज्योति सिंह ने कहा, बालिकाओं को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। उन्हें स्नातक स्तर तक निशुल्क शिक्षा की सुविधा है। महिला हेल्पलाइन सेवा के लिए 1090 नंबर डायल कर सकती हैं। हर जिले में एंटी रोमियो स्क्वायड गठित है। अगर किसी भी छात्रा के साथ कोई भी छेड़खानी की घटना होती है तो वह महिला पुलिस को सूचित करें। महिला सुरक्षा सप्ताह के तहत छह मार्च को एक रैली निकाली जाएगी। इसमें छात्राएं शामिल रहेंगी।

सैदनगर ब्लॉक क्षेत्र के घाटमपुर स्थित कंपोजिट स्कूल में शनिवार को विशेष महिला सुरक्षा दल के सदस्य पहुंचे। इनमें विशेष महिला सुरक्षा दल प्रभारी ज्योति सिंह व अन्य महिला कांस्टेबल शामिल रहीं। उन्होंने छात्राओं को विद्यालय परिसर में एकत्र कर मिशन शक्ति से संबंधित नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के विषय में जानकारी दी। महिलाओं व छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति व उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति मिशन शक्ति के अंतर्गत जागरूक किया। बताया कि केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगल योजना, महिलाओं के लिए निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कॉरस्पॉडेंट सखी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित की जा रही हैं। जो बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं के लिए ही हैं। इस दौरान कांस्टेबल रीना, संगीता, वर्षा आदि रहीं।

छात्राओं को संबोधित करतीं महिला सुरक्षा दल की सदस्य। ● अमृत विचार

▸▸ घाटमपुर के विद्यालय में मिशन शक्ति के तहत दिए टिप्स

एक नजर

अजीमनगर पुलिस ने पकड़ा आरोपी

रामपुर, अमृत विचार : अजीमनगर पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक युवक को पकड़ लिया। उसके बाद थाने ले आई। जहां उस पर कार्रवाई कर दी है। थाना अजीमनगर पुलिस ने आयान पुत्र नाजिम निवासी ग्राम नगलिया आकिल को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए ग्राम नगलिया आकिल में नाले वाले बाग के पास से गिरफ्तार किया गया।

मारपीट में 8 लोग घायल

मिलक, अमृत विचार : नगर में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इससे आठ लोग घायल हो गए। घायल कोतवाली पहुंचे। नगर के पक्की सराय में चौक के सामने घरों के आगे साइकिल खड़ी करने पर विवाद हो गया। दो पक्षों के लोग आमने सामने आ गए। चौक पर खड़े ठेले में रखे लकड़ी के पटरे व ईंट पत्थर से एक दूसरे पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में फूलबी, रईसन, आबिद, आदिल, शाकिर, नसरीन,आसिफ सभासद, अब्दुल अजीज और जियाउल घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि दो पक्षो में मारपीट हुई है। तहरीर प्राप्त होने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सेवानिवृत होने पर कर्मचारी को दी विदाई

केमरी, अमृत विचार : केमरी में अब्दुल समद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात थे। शनिवार को उनके सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष के पति अंसार अहमद ने उन्हें फूल माला पहनाई। इसके बाद नगर पंचायत कार्यालय से उनके घर तक ढोल नगाड़ों के साथ प्रस्थान कराया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, लिपिक विनीत सक्सेना, सफाई नायक जाहिद खान, कुलदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

शराब के साथ एक पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : टांडा पुलिस ने अभियान चलाकर एक युवक को पकड़ लिया। जहां उस पर कार्रवाई कर दी है। थाना टांडा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम धनुपुरा नई पानी की टंकी कोसी नदी के पास से आरोपी इन्द्रपाल उर्फ छुट्टन पुत्र ननुकी उर्फ नन्हे को शराब बनाते हुए गिरफ्तार किया। उसके बाद से पुलिस को शराब बनाने के उपकरण व 30 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

80 लाख की अफीम के साथ दो तस्कर पकड़े

बिहार का गुड्डू लाया था अफीम, साथ में भोट के साहब सिंह को ले जाना था

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : बरेली एसटीएफ और सिविल लाइन पुलिस ने बाईपास के पास एक होटल के पास छापा मारकर दो लोगों को 80 लाख की अफीम के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया। एक आरोपी बिहार और एक भोट का रहने वाला है।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि सीओ सिटी जितेन्द्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन और एसटीएफ बरेली की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना, सर्विलांस लोकेशन की मदद से दो आरोपियों को जमींदारान होटल के पास गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाने में शनिवार दोपहर पुलिस अधीक्षक ने पत्रकार वार्ता की। आरोपी गुड्डू साहनी निवासी गांव रामवन मलाह टोली थाना पकड़ी दयाल जिला मोतिहरी चम्पारान बिहार है और साहब सिंह पुत्र दिलीप सिंह निवासी गांव अहमद नगर तारन थाना भोट को पकड़ा है। थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों के पास मिली अफीम की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कीमत लगभग 80 लाख रुपये आंकी गई है।

पत्रकार वार्ता में बोलते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

15 दिन से पुलिस जुटा रही थी साक्ष्य

क्षेत्र में चरस और अफीम का धंधा तेजी चल रहा है। आए दिन किसी न किसी क्षेत्र में पुलिस आरोपी को चरस के साथ पकड़ती है। 15 दिनों से पुलिस को इनपुट मिल रहा था कि एक युवक बिहार से अफीम लेकर रामपुर आ रहा है। शनिवार को सर्विलांस के जरिये दोनों युवकों को पकड़ लिया। सिविल लाइन इंस्पेक्टर अजय शर्मा ने बताया कि बिहार का रहने वाला गुड्डू अफीम लेकर आया था। भोट निवासी युवक को लेकर जाना था। बाकी इनके और साथियों को तलाश किया जा रहा है। साथ ही इनके अपराधिक इतिहास और बिहार के युवक के बारे भी और जानकारी ली जा रही है।

टीम में यह रहे शामिल

अफीम तस्करों को पकड़ने वाली टीम में दरोगा राशिद अली,एसटीएफ बरेली, दरोगा नीरज कुमार शर्मा, सिविल लाइन, दरोगा मनोज कुमार पाण्डेय, थाना गंज, एचसी गिरिजेश पोसवाल व एचसी नितिन कुमार एसटीएफ बरेली, एचसी सुखवीर सिंह, सिविल लाइन, एचसी अनिल कुमार सिविल लाइन, सिपाही संजय यादव, एसटीएफ बरेली और कमांडों रामकिशन एसटीएफ बरेली शामिल रहे।

सट्टे की खाईबाड़ी करते आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : खजुरिया थाना पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 630 रुपये की नकदी, सट्टा पर्चियां बरामद हुईं। आरोपी गुलवेज अनवर उर्फ गुल्लू पुत्र लियाकत हुसैन बिलासपुर नगर क्षेत्र के मोहल्ला साहूकारा का रहने वाला है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी को अहरो गांव की साप्ताहिक बाजार से पकड़ा गया।

फ्रांस की राजनयिक ओलिविया बेलेमेरे का नूर महल में स्वागत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : फ्रांस की राजनयिक ओलिविया बेलेमेरे दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को नूर महल पहुंचीं। उनके साथ भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी माथौ की सोशल सेक्रेट्री नारायणी हरि गोविंदन भी आई हैं। दोनों का नूर महल में पूर्व सांसद बेगम नूरबानो और पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने स्वागत किया।

श्रीलंका स्थित फ्रांस के दूतावास की सांस्कृतिक एवं सहयोग सलाहकारओलिविया बेलेमेरे ने शनिवार को पूर्व मंत्री नवेद मियां के साथ रजा लाइब्रेरी का अवलोकन किया। लोहारू कलेक्शन समेत लाइब्रेरी में पांडुलिपियां भी देखीं। राजनयिक ने खासबाग पैलेस, गांधी समाधि और इमामबाड़ा किला भी देखा। उन्होंने नवेद मियां और बेगम नूरबानो से रामपुर के इतिहास और कला, संस्कृति पर बातचीत की। नवेद मियां ने केरल के कोडियार शाही स्नान परिवार की पूयम थिरुनल गौरी पार्वती बाई को फ्रांसीसी सरकार द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित होने पर खुशी जाहिर की। इस मौके पर पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खान, आरिफ खां, राजा खां, आसिम एजाज, अल्तमश खां, दय्यान खां, जैद रजा, औसाफ मोहम्मद खां आदि मौजूद रहे।

नूर महल में फ्रांस की राजनयिक ओलिविया बेलेमेरे और राजदूत की सोशल सेक्रेट्री नारायणी पूर्व सांसद बेगम नूरबानो के साथ। ● अमृत विचार

▸▸ **श्रीलंका स्थित फ्रांस के दूतावास की सांस्कृतिक एवं सहयोग सलाहकार हैं ओलिविया बेलेमेरे**

राजदूत की सचिव ने खरीदी वाल्मीकि रामायण

राजनयिक ओलिविया बेलेमेरे के साथ आईं फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी माथौ की सोशल सेक्रेट्री नारायणी हरिगोविंदन रजा लाइब्रेरी में वाल्मीकि रामायण देखकर बेहद प्रभावित हुईं। उन्होंने वाल्मीकि रामायण का एक सेट भी खरीदा। साथ ही कई पांडुलिपियों के फोटोग्राफ भी लिए।

शाकिब ने कराई थी व्यापारी से लूट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ **लूटी हुई रकम में से एक लाख 74 हजार 370 रुपये मिले**

अमृत विचार : सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुई व्यापारी से ढाई लाख की लूट का पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शनिवार की अपराह्न खुलासा कर दिया। इस मामले में तीन आरोपी पकड़े गए हैं। लूटी गई रकम से 174370 रुपये, दो बाइकें और तमंचे भी मिले हैं।

गंज थाना क्षेत्र के शुतरखाना निवासी जावेद शम्सी उर्फ गुड्डू बुधवार को सिविल लाइन और अजीतपुर के दुकानदारों से वसूली कर घर जा रहे थे। शाहबाद गेट से कुछ पहले वह अमरूद खरीदने के लिए वहां रुक गए थे। इस दौरान बाइक सवार दो युवक उनके पास आकर रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए थे। बैग में वसूली किए हुए ढाई लाख रुपये थे। इस मामले में तहरीर के आधार पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के आधार पर दो युवकों को पकड़ लिया। पुलिस उन्हें थाने ले आई। सख्ती से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने अजीतपुर निवासी मोहम्मद शाकिब को भी उठा लिया। पुलिस ने तीनों से पूछताछ की। शनिवार को एसपी ने सिविल लाइन थाने में घटना की खुलासा किया। बताया कि जावेद शम्सी की जान पहचान के दुकानदार शाकिब ने लूट करवाई थी। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसका चालान कर दिया गया। पुलिस को उनके पास से 174370 रुपये व घटना में प्रयुक्त दो बाइकें आरोपी मोहम्मद शाकिब के पास से एक तमंचा, एक कारतूस मिला है। उसे आश्रम पद्धति कट के पास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में नोमान पुत्र हशरत अली निवासी पक्का बाग दाल मील के पास थाना गंज, अहद मियां पुत्र रिजवान मियां निवासी मोहल्ला घेर मुबारक शाह खां निकट दाल मील थाना गंज, मोहम्मद शाकिब पुत्र नवाब जान निवासी नई बस्ती मदीना मस्जिद अजीतपुर शामिल हैं।

दोस्तों के साथ मिलकर दिया घटना को अंजाम

सूत्रों की माने तो दुकानदार मोहम्मद शाकिब का कारोबार सही नहीं चल रहा था। वह काफी लोगों का कर्जदार हो गया था। व्यापारी के उसके ऊपर 90 हजार रुपये थे। इसमें उसने 45 हजार रुपये देकर ही सामान भिजवाने की बात कही थी। इसके बाद जावेद शम्सी की रेकी शुरू की थी। उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर बुधवार देर शाम शाहबाद के निकट घटना को अंजाम दिया। लूट के बाद रुपये बांटने भी तय हो गए थे।

कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

स्वार, अमृत विचार: छेड़खानी के विरोध पर महिला को पीट कर नकदी, आभूषण लूटने में मिलक खानम पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है।

मिलकखानम क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी कोतवाली के गांव इमरतपुर निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों में मनमुटाव रहने लगा। तीन लाख रुपये में समझौता हुआ। महिला के पति ने एक लाख रुपये उसके परिजनों को दे भी दिए। बाकी पैसे मांगने पर चार दिसंबर को रामप्रसाद, रामेश्वर, नवल महेन्द्र महिला के घर पहुंच गए। आरोप है कि महिला के विरोध करने पर छेड़खानी की और मारपीट कर 30 हजार रुपये व आभूषण लूटकर फरार हो गए थे। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब कोर्ट के आदेश पर मिलकखानम पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख से मिलते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

राज्यमंत्री से की भाजपा कार्यालय बनवाने की मांग

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : भाजपा नेत्रियों ने कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख से नगर में पार्टी कार्यालय बनवाने की मांग की। राज्यमंत्री ने शीघ्र ही इसे बनवाने का आश्वासन दिया।

भाजपा महिला मोर्चा की नगराध्यक्ष मधुबाला गुगलानी ने बताया कि कार्यालय बनने से पार्टी कार्यक्रमों को और अधिक बेहतर ढंग से किया जा सकेगा। पूरे देश में भाजपा के बड़े-बड़े कार्यालयों की चर्चा होती है, वहीं राज्यमंत्री की अपनी विधानसभा में पार्टी का कोई स्थाई कार्यालय नहीं है। राज्यमंत्री से मिलने वाली नेत्रियों में अनुराधा कश्यप, नेहा यादव, नेहा कश्यप, रीता गौतम तथा भाजपा नेता बलविंदर सिंह, रवि राठौर, शमीम हसन आदि भी शामिल रहे।

कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

रामपुर, अमृत विचार : पनवड़िया के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। उसके बाद पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सिविल लाइन निवासी राजेश बाइक से किसी काम से मिलक जा रहा कि पनवड़िया के पास कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी कार चालक मौका पाकर फरार हो गया। लोगों ने घायल को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बाद में सभी लोग अपने अपने रास्ते को चले गए। सूचना के बाद पुलिस भी आ गई,लेकिन जब तक घायल जा चुका था।

बैठक में 46 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पारित

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : खंड विकास कार्यालय के सभागार में शनिवार को हुई क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में 46 करोड़ रुपये के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए। 113 ग्राम पंचायत में मनरेगा, केंद्रीय वित्त, राज्य वित्त एवं 15वें वित्त के माध्यम से विकास कार्य कराए जाएंगे।

बैठक बारिश के कारण निर्धारित समय से एक घंटे बाद शुरू हुई। यह बैठक ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने पिछली बैठक की पुष्टि कराई। बाद में उन्होंने सदन को एजेंडा पढ़कर सुनाया। बैठक में मनरेगा योजना, पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाएं, पेयजल, राजकीय नलकूपों के संचालन, पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाएं, राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन, राज्य वित्त एंव 15वां वित्त, प्रधानमंत्री आवास योजना, केंद्रीय वित्त/15वें वित्त आयोग के कार्यों व योजनाओं पर चर्चा की गई। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से 46 करोड़ रुपये प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए हैं। ग्राम पंचायत में विकास कार्य करवाए जाएंगे। ब्लॉक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों ग्राम प्रधानों से विकास कार्यों में सहयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष हरजीत सिंह, एडीओ पंचायत प्रभारी त्रिवेंद्र मोहन, ग्राम प्रधान ओमप्रकाश यादव, भोला सिंह, अहकाम मिर्जा, भगवत सरन, विनोद कुमार गौतम, चौधरी लोकेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी नवीन आर्य, कुलदीप भटनागर,शाकिब खां, राजवीर सिंह, अमरीश कुमार, कमल यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन एडीओ आलोक कुमार सक्सेना ने किया।

बिलासपुर में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में बोलते ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख।

मारपीट, वारंट में सात लोगों का चालान

बिलासपुर, अमृत विचार : तहसील के तीनों थानों की पुलिस ने मारपीट व वारंट के मामलों में सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि गांव सिरसखेड़ा निवासी जसविंदर सिंह व बलजीत सिंह, सदराखेड़ा निवासी परविंदर सिंह को मारपीट और चंदेला गांव निवासी रामकिशन दुबे को कोर्ट के वारंट के आधार पर पकड़ा गया है। खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि पनवड़िया गांव निवासी रहीस अहमद व उसके पुत्र फजील खां का मारपीट में चालान किया गया है। केमरी थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि माजुल्लानगर निवासी अली हसन को विद्युत अधिनियम के तहत चल रहे एक मामले में न्यायालय के वारंट पर उसके घर से पकड़कर कार्रवाई की गई है।

बारिश से कई बिजली लाइनों में हुए फॉल्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शनिवार की तड़के से शुरू हुई बारिश से शहर की विद्युत आपूर्ति लड़खड़ा गई, बारिश से 33केवीए की लाइनों में फॉल्ट हो गए। सुबह नौ बजे के बाद बारिश हल्की हुई तो कर्मचारी लाइन को सही करने पहुंचे।लेकिन, फिर दोबारा से बारिश शुरू हो गई। उधर इतनी देर तक बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गंगापुर आवास विकास, पहाड़ी गेट, जेल रोड तक करीब पांच घंटे बिजली ठप रही।

बारिश से पहाड़ी गेट, जेल रोड की 33केवीए लाइनों में खराबी आ गई। खराबी आ जाने से वोल्टेज कम हुए और उसके बाद वोल्टेज तेज हो गए। वोल्टेज तेज होने पर उपभोक्ताओं ने विद्युत निगम के अधिकारियों को फोन करके सूचित किया। जिन्होंने संबंधित एसएसओ फोन लगाकर सप्लाई का शटडाउन कराया। इसके बाद बिजली कर्मचारियों को लाइन में हुए फॉल्ट को सही करने के लिए कर्मचारियों को भेजा गया। सुबह नौ बजे दोपहर एक बजे बाधित सप्लाई को सुचारू कराए जाने के लिए कर्मचारी मौके पर ही डटे रहे। दूसरी ओर, तेज हवा चलने से राधा चौराहा पर बिजली के तार टूट गए। चौराहा क्षेत्र की बाधित आपूर्ति को सुचारू कराए जाने के लिए पेड़ों की छंटाई कराई गई। जो तार टूटकर गिरे थे उनकी मरम्मत कराई गई। इस दौरान मालगोदाम, बीपी कालोनी, गुरूद्वारा कालोनी समेत आसपास के क्षेत्रों की आपूर्ति बाधित रही। अवर अभियंता बीपी सिंह ने बताया कि बारिश के संग हवा चलने से लाइन में दिक्कत आई थी। जिसको सही कराया दिया गया है। अपराह्न से सप्लाई सुचारू करा दी गई है।

राधा रोड स्थित लाइन में आई खराबी को सही करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

जान जोखिम में डालकर कर रहे काम

विद्युत निगम की अधिकारियों के चलते बिजलीघरों में तैनात कर्मचारी जान जोखिम में डालकर कार्य को अंजाम दे रहे है। इनको न तो उपकरण, हाइड्रा की सुविधा मुहैया नहीं कराई जा रही है। इसी के चलते सप्ताह भर पहले ही सिविल लाइंस क्षेत्र में एक कर्मचारी की कार्य के दौरान मौत हो गई थी। उसकी मौत की कारण अचानक सप्लाई चालू होना मिला था। इसके अलावा और भी कई ऐसे कारण हैं। ड्यूटी के दौरान लाइट में आई खराबी को सही करने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

आदेश अल्पसंख्यक निदेशालय ने दिए जांच के आदेश, जिले में हैं 321 मदरसे, 248 में कार्यरत हैं शिक्षक

फिर होगी मदरसा शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेखों की जांच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जनपद में संचालित मदरसों की एक बार फिर जांच होगी। इसके लिए अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय की ओर से अल्पसंख्यक विभाग को निर्देश का रिमाइंडर मिला है। मदरसों में भवन, जमीन और शिक्षकों की योग्यता जांची जाएगी। हालांकि जांच के लिए निदेशालय द्वारा नवंबर में आदेश दिए गए थे। इसमें विभाग को 30 दिसंबर तक जांच कर रिपोर्ट निदेशालय को भेजी जानी थी, लेकिन बीते वर्ष दिसंबर के बाद फरवरी बीत चुका है। अभी तक जांच शुरू नहीं हो सकी। जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निदेशालय की ओर से विभाग को रिमाइंडर जारी किया गया है।

जनपद में संचालित मदरसों की जांच के लिए अल्पसंख्यक निदेशालय की ओर से नवंबर में निर्देश दिए गए थे। इसमें 321 मान्यता प्राप्त मदरसे शामिल हैं। 248 आधुनिकीकरण योजना के हैं। इनमें 15 स्नातक और 233 शिक्षकों की तैनाती है। अनुदानित दो मदरसे शामिल हैं। इसमें मदरसा फुरकानिया और गुलशन-ए- बगदाद हैं। जिनके भवनों और शिक्षकों के अभिलेखों की जांच होनी है। तीन माह का समय गुजर जाने के बाद भी विभागीय कर्मचारियों ने निर्देश पर कोई कार्रवाई नहीं की है। जिसकी वजह से जांच अधर में है। ऐसे में अधिकारियों का दावा है कि जांच के लिए संबंधित कर्मचारी को निर्देशित किया है, वह जल्द ही जांच आख्या कार्यालय में प्रस्तुत करें। जहां से इसको निदेशालय भेजा जाएगा। मदसरों की रिपोर्ट निदेशालय को भेजी जाएगी। इसके बाद जो निर्देश मिलेंगे अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

> निदेशालय द्वारा जो विभाग को निर्देश मिले हैं, इसके लिए विभाग की ओर से कार्य जारी है। जांच पूरी होने पर अल्पसंख्यक निदेशालय को भेजी जाएगी। संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि जल्द की जांच की आख्या कार्यालय में प्रस्तुत कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। –अंकित कुमार
> **जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी।**

एक-दूसरे पर टाल रहे कर्मचारी

निदेशालय द्वारा विभाग को दिए गए निर्देशों पर मदरसों की जांच कराए जाने के लिए विभागीय कर्मचारी एक दूसरे पर टाल मटोल कर रहे हैं। जानकारी के लिए पटल कर्मचारी से जानकारी मांगी गई तो मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं का हवाला देकर कर्मचारियों ने बात को गुमसुम कर दिया। इस बारे में जब जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से जानकारी ली तो उन्होंने जानकारी मुहैया कराई।

क्या है मामला

शासन की ओर से वर्ष 2017 में मदरसों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। जिले में जो मदरसे संचालित है उनकी स्थिति क्या है इनमें कुछ मदरसा आधुनिकीकरण योजना को शामिल किया गया था। जो मदरसे है उनमें कितने शिक्षक तैनात और उनको भवनों की क्या स्थिति हैं। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए एसआईटी टीम को गठन किया था। एसआईटी टीम को जांच में सहयोग नहीं करने पर निदेशालय की ओर विभाग को दोबारा से रिमांइडर जारी किया है। यह रिमाइंडर दिसंबर 2023 में दिया गया था। इसके बाद भी जांच अधर में लटकी हुई है।

दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

मिलक, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में तीन घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

थाना शहजादनगर के फत्तेहपुर गांव निवासी परशुराम अपने भाई अशोक के साथ कोतवाली क्षेत्र के पिपला शिवनगर गांव में हुयी रिश्तेदारी में अंत्योष्टि में शामिल होने आया था। अंत्योष्टि के बाद दोनों बाइक से घर वापस लौट रहे थे। क्षेत्र के रामनगर की गौटिया निवासी विकास लोहा की बाजार करने आया था। बाइक से घर वापस लौटते समय पीछे से आ रहे परशुराम की बाइक से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में परशुराम, अशोक और विकास गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर तीनों घायलों को एंबुलेंस के द्वारा मिलक के सरकारी अस्पताल लाया गया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

खनन चेक पोस्ट पर ट्रक की रॉयल्टी चेक करते उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार।

लापरवाही किसी भी हालत में नहीं की जाएगी बर्दाश्त

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : स्वार एसडीएम अवनीश कुमार ने खनन चेक पोस्ट पर पहुंचकर वाहनों की चेकिंग की। चेकपोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए।

शुक्रवार रात अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ खनन चेक पोस्ट पहुंचे उपजिलाधिकारी ने आकस्मिक निरीक्षण किया। चेक पोस्ट पर तैनात राजस्व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि किसी भी हालत में ओवरलोड वाहन गुजरने न पाएं। रेत के वाहनों की रॉयल्टी चेक की जाए। उन्होंने मानपुर और मसवासी चेक पोस्ट का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

पुलिसकर्मियों को भी तैनात रहने के निर्देश दिए ओवरलोड चलने वाली ट्रैक्टर-ट्रालियों पर भी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि किसी भी हालत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मेडिमा अस्पताल के डॉक्टरों समेत आठ पर एफआईआर

बिलासपुर, अमृत विचार : हाईवे स्थित मेडिमा हॉस्पिटल के संचालक व दो अन्य डॉक्टरों समेत कुल आठ लोगों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या की धारा में मामला दर्ज किया गया है।

न्यायालय के आदेश पर यह रिपोर्ट मोहल्ला साहूकारा निवासी मोहम्मद यूसुफ ने पंजीकृत कराई है। ज्ञात हो कि बीते वर्ष की तीन अक्टूबर को इस अस्पताल में वादी की पत्नी शमीना बेगम की डिलीवरी के बाद मौत हो गई थी। इसके बाद वहां हंगामा हुआ था। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सील करने की कार्रवाई भी की थी। कुछ दिन बाद पीड़ित के नवजात शिशु ने भी दम तोड़ दिया था। पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, गर्भवती महिला की मौत अस्पताल की लापरवाही के चलते हुई थी। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

एक नजर

अमिताभ ठाकुर आज जाएंगे सिलईबड़ा

रामपुर, अमृत विचार : आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर और डॉ. नूतन ठाकुर रविवार सुबह 10 बजे सिलईबड़ा गांव में हुई छात्र की मौत के घटनास्थल पर जा कर पीड़ित लोगों से मुलाकात करेंगे। अमिताभ और नूतन ठाकुर मुरादाबाद में भी प्रेस वार्ता करेंगे। इसके बाद दो बजे पीड़ित अधिवक्ता चंदन बिस्ट निवासी हिमगिरी कॉलोनी जाएंगे।

पशुओं को पकड़वाया जाए

रामपुर, अमृत विचार : तहसील सदर में शनिवार को किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और संपूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन दिया। जिसमें महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा कि सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर बेसहारा गोवंश को संरक्षित करने का कार्य कर रही है। इसके बावजूद भी कई हजार छुट्टा पशु किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि पशुओं को पकड़वाया जाए। प्रदर्शन करने वालों में इरशाद पाशा, नूर मोहम्मद, फरमान, रिजवान, राशिद, दिनेश कुमार, फजले अली और विनोद कुमार आदि शामिल रहे।

टांडा मार्ग पर पर्यटकों के वाहन भरेंगे फर्राटा

21 किलोमीटर तक की सड़क का 62 करोड़ की लागत से होगा चौड़ीकरण, काम शुरू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुरादाबाद-दढ़ियाल मार्ग 21 किलोमीटर के चौड़ीकरण के लिए 15 करोड़ रुपये मिले हैं। किस्त मिलने पर विभाग ने कार्य शुरू करा दिया गया है। यह कार्य 62 करोड़ रुपये की लागत से होना है। मार्ग के चौड़ीकरण से लोगों को जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी और पर्यटकों के वाहन फर्राटा भरेंगे।

इस मार्ग पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। वाहन चालकों के साथ सवारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पर्यटकों के वाहन भी सड़क पर जाम में फंस जाते हैं। मार्ग की हालत सुधारने को लेकर लोक निर्माण विभाग की ओर से अक्टूबर 2023 में 62 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। मौजूदा समय में मार्ग की चौड़ाई सात मीटर है। इसे बदलवाकर 10 मीटर कराया जाना है। प्रस्ताव पर मंजूरी मिलने के बाद चौड़ीकरण शुरू कर दिया है। यह कार्य मुरादाबाद के साथ रामपुर की सीमा में बादली से आगे भगतपुर तिराहे से शुरू हो गया है। मुरादाबाद-टांडा दढ़ियाल मार्ग जो कि सिरावां से होकर बाजपुर के पास उत्तराखंड से जोड़ते हुए बनेगा। सिरावा से रामपुर की सीमा तक 10 किलोमीटर मार्ग मुरादाबाद सीमा में हैं। बादली रामपुर की सीमा से 22 किलोमीटर का मार्ग बाजपुर के पास उत्तराखंड तक की सीमा है। मुरादाबाद सीमा में मार्ग चौड़ीकरण के लिए शासन से 15 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृति हो गई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार केवल राहगीरों के लिए फुटपाथ का रास्ता ही रहेगा। चौड़ीकरण का काम कराया जा रहा है जो 10 मीटर तक चौड़ा होना है डेढ़ साल में काम पूरा हो जाएगा।

मुरादाबाद-टांडा मार्ग पर चौड़ीकरण कराए जाने को खुदाई करती जेसीबी।

> मुरादाबाद-दढ़ियाल के 21 किलोमीटर मार्ग तक चौड़ीकरण होना है चौड़ीकरण कराए जाने के लिए 62 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके लिए शासन से 15 करोड़ रुपये की किश्त जारी हो गई है। मौजूदा समय में कार्य शुरू हो गया है।
>
> **-केवी सिंह, एक्सईएन अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग**

सैजनी नानकार की सड़क को सुधारने को मिली धनराशि

सैजनी नानकार की 800 मीटर की सड़क काफी क्षतिग्रस्त हालत में है। सड़क में काफी गहरे गड्ढे हो गए हैं इस सड़क की बदहाली को भी अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। बदहाल सड़क पर आते-जाते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 600 मीटर की सड़क में सीसी और दो सौ में पीसी कार्य 60 लाख रुपये की लागत से होना है। जेई अकील अहमद ने बताया कि कार्य कराए जाने के लिए शासन से पचास प्रतिशत धनराशि मिल चुकी है। ठेकेदार को कार्य कराए जाने के लिए दो माह का समय दिया।

1168 ने छोड़ी अंग्रेजी की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शनिवार सुबह 8:30 से पहली पाली में यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट के संगीत-गायन की परीक्षा हुई। इसमें संस्थागत के पंजीकृत परीक्षार्थी 32 के सापेक्ष 29 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। व्यक्तिगत के पंजीकृत चार परीक्षार्थियों में से तीन ही परीक्षार्थी परीक्षा दे सके।

शनिवार को दूसरी पाली में अंग्रेजी की इंटरमीडिएट की परीक्षा अपराह्न दो बजे से शुरू हुई। इससे पहले अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होने के कारण सभी परीक्षार्थियों की गेट पर सघन तलाशी ली गई। उसके बाद केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। संस्थागत के पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 19565 के सापेक्ष 18397 परीक्षार्थी ही अंग्रेजी की परीक्षा में शामिल हुए। 1168 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। वहीं व्यक्तिगत के पंजीकृत 486 परीक्षार्थी के सापेक्ष 442 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने पहुंचे जबकि, 44 गैर हाजिर रहे। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरों की नजर में कराई जा रही हैं। सुरक्षा के लिहाज से 71 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा। उधर, यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण तरह से निपटाने के लिए छह टीमें गठित की गई हैं।

उसी के चलते शनिवार को उड़ाका दल अपने-अपने क्षेत्र में दोपहर की पाली में हुए अंग्रेजी की परीक्षा में छापेमारी करते रहे। इसके अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक भी अपनी टीम के साथ कई परीक्षा केंद्रों में जाकर छात्र-छात्राओं की सघन तलाशी ली। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि पहली पाली में इंटरमीडिएट की संगीत-गायन की परीक्षा हुई। जबकि दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की अंग्रेजी की परीक्षा हुई। दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण तरह से निपट गई।

परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों की तलाशी लेते शिक्षक। ● अमृत विचार

बोर्ड परीक्षा

▸▸ **18397 छात्र-छात्राओं ने दी परीक्षा, केंद्रों पर चेकिंग के बाद मिला प्रवेश**

सुशील और निशा बनी चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुए दो दिवसीय खेलकूद समारोह का शनिवार को बारिश के बीच समापन हो गया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बारिश ने खेलों में खलल डाली लेकिन, गीले मैदान पर ही खिलाड़ियों ने दौड़ लगाई। बालक वर्ग में सुशील और बालिका वर्ग में निशा के सिर कॉलेज चैंपियन का ताज सजा है। बारिश तेज होने पर खिलाड़ियों को कॉलेज सभागार में प्राचार्य डॉ. दीपा अग्रवाल समेत अन्य प्रवक्ताओं ने मेडल पहनाए और ट्रॉफियां दीं।

तीन प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। 100 मीटर, 5000 मीटर दौड़ में छात्र ने छात्राओं ने जौहर दिखाए। 100 मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में निशा प्रथम, खुशबू द्वितीय, राधा सागर तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर बालक वर्ग में मोहम्मद शमी प्रथम रहे। 5000 मीटर दौड़ छात्र वर्ग मे मनोज कुमार प्रथम रहे। गोला प्रक्षेपण छात्र वर्ग में मोहम्मद शमी को प्रथम स्थान मिला। 400 मीटर दौड़ में सुशील प्रथम रहे। गोला प्रक्षेपण प्रतियोगिता में रजनी प्रथम, भाला फेंक छात्र एवं छात्रा वर्ग में क्रमश आफताब नवाज प्रथम, सिम्पसन द्वितीय और विकास सिंह ने तृतीय प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में गरिमा रावत ने प्रथम रही। चक्का फेंक में 200 वर्ग में छात्र एवं छात्राएं शाहनवाज प्रथम रहे। बालिका वर्ग में निशा रही। इस दौरान डॉ. एसएस यादव, डॉ. जहांगीर अहमद, डॉ. अरुण कुमार व डॉ. राजू मौजूद रहे।

मेडल व प्रमाण पत्र दिखाते विजयी छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

▸▸ **बारिश ने खेलों में डाली खलल राजकीय रजा महाविद्यालय में खिलाड़ियों हुए पुरस्कृत**

बैंक ऋण स्कीम की नहीं दे रहे सुविधा

स्वार, अमृत विचार: उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। इसमें आरोप लगाया कि बैंक ऋण योजनाओं की सुविधा व्यापारियों को नहीं दे रहे हैं।

शनिवार को नगर के मोहल्ला खास स्वार में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक हुई। इसमें मंडल अध्यक्ष अनवर अली ने कहा कि व्यापारियों को बैंक कोई भी सुविधा नहीं पहुंचा रही है। सरकार द्वारा विभिन्न लाभकारी ऋण स्कीम योजना चलाई जा रही हैं, लेकिन व्यापारियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे पूर्व व्यापारी इशरत मियां, एजाज, सलीम, जुनैद, शरीफ ने व्यापार मंडल सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री शिव औतार सक्सेना उर्फ मन्नू, उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, महासचिव गुड्डू अली, नगर मंत्री फुरकान अली, गुड्डू हाफिज आदि मौजूद रहे।

फसल विविधीकरण कराने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंदकिशोर कलाल ने विकासखंड स्वार में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जलागम विकास घटक 2.0 का जायजा लिया। सीडीओ ने कृषकों की आय बढ़ाने के लिए फसल विविधीकरण के कार्य कराने पर जोर दिया।

भूमि संरक्षण अधिकारी ने बताया कि यह योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 से जनपद में संचालित है। योजना के अन्तर्गत कुल 4872.00 हेक्टेयर क्षेत्रफल में जलागम विकास के कार्य जैसे तालाब निर्माण, तालाब जीर्णोद्धार, पेरीफेरल बांध, मार्जिनल बाध, चेकडैम, कंटूर बांध का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के अन्तर्गत कुल 13 माइक्रो वाटर शेड हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने माइक्रो वाटर शेड बमना का निरीक्षण किया। तालाब निर्माण के तहत गांव बमना में प्राकृतिक संसाधन प्रबंन कंपोनेंट के अन्तर्गत दो तालाबों का निर्माण किया गया है। बताया कि वर्षा जल का संचयन होगा एवं आवश्यकतानुसार कृषक संचित जल से अपनी फसलों की सिंचाई भी कर सकेंगे। वर्षा जल के संचयन से भूमिगत जल स्तर में भी सुधार होगा। ग्राम बमना में मृदा कटाव को रोकने एवं जल के संरक्षण के लिए कुल 4500 मीटी लंबे पेरीफेरल बाध का निर्माण किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने भूमि संरक्षण अधिकारी से कहा कि नालों में चेकडैम का निर्माण भी कराया जाए।

पेरीफेरल बांध की टूट-फूट होने पर उसकी मरम्मत का कार्य भी हो। ग्राम बमना में ही उत्पादन प्रणाली के अन्तर्गत कृषक नसर अली पुत्र हमीर हुसैन द्वारा एक हेक्टयेर क्षेत्रफल में केले की खेती की गई है। कृषकों की आय बढ़ाने के लिए केला, अमरूद, बागवानी, सब्जियों की खेती आदि को शामिल किया गया है। किसान नसर अली को केला की खेती के लिए 25000 रुपये का अनुदान दिया गया है। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, भूमि संरक्षण अधिकारी नरेन्द्र पाल, उप कृषि निदेशक शैलेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

स्वार में निरीक्षण करते मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल।

निरीक्षण

▸▸ **मुख्य विकास अधिकारी ने जलागम विकास घटक का लिया जायजा**

शिक्षकों से दीक्षा ऐप के प्रयोग को सुनिश्चित कराएं : नीलम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में शनिवार को बैठक हुई। इसमें प्राचार्य नीलम रानी टम्टा ने कहा कि दीक्षा ऐप के प्रतिदिन प्रभावी प्रयोग और अनुश्रवण के लिए संकुल से एक शिक्षक को नोडल नामित किया जा रहा है, जो अपने संकुल के अन्य शिक्षक साथियों से समन्वय बनाकर शिक्षकों से शत-प्रतिशत दीक्षा ऐप के प्रयोग को सुनिश्चित कराएंगे।

बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि सभी शिक्षक दीक्षा ऐप की किसी तकनीकी समस्या को दूर करने में शिक्षकों का मार्ग दर्शन करेंगे। निर्धारित प्रारूप पर दीक्षा प्रयोग संबंधी सूचना प्राप्त कर मांगने पर सॉफ्ट कॉपी में नोडल एआरपी के माध्यम से डायट और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को देंगे। समस्त शिक्षक संकुल दीक्षा से संबधित आवश्यक सूचनाएं अपने अपने आवंटित विद्यालयों से एकत्र कर अपने संकुल के उपरोक्त में से नामित नोडल संकुल साथी को मांगे जाने पर उपलब्ध कराएंगे। सूचना प्रपत्र फॉरमेट जैसे ही प्राप्त होगा, प्रेषित कर दिया जाएगा। कहा कि सोमवार तक सभी शिक्षक संकुल साथी अपने नोडल साथी को सूचना सॉफ्ट कॉपी में भेज दें।

यह है चमरौआ की दीक्षा नोडल शिक्षक संकुल टीम

मेघा सागर (अलीनगर), सुमन अरोरा (बकैनिया), रानी (भोट), अनिकेत प्रकाश (ककरौआ), नीता शर्मा (कोयला), फुरकान मोहम्मद (चमरौआ), राखी सागर (पंजाबनगर), कपिल कुमार (जौलपुर)

सोशल मीडिया बच्चों के मन पर डाल रहा असर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ग्रीन फील्ड्स इंटरनेशनल की सिटी ब्रांच यूरो जोन में शनिवार को बच्चों के मानसिक व शारीरिक परिवर्तन पर आधारित एक कार्यक्रम हुआ। इसमें वक्ताओं ने बताया कि सोशल मीडिया बच्चों पर किस तरह से नकारात्मक असर डालता है। मनोवैज्ञानिक असर कैसे उनके व्यवहार में परिवर्तन करता है यह देखना जरूरी होता है।

शौकत अली रोड स्थित स्कूल परिसर में कार्यक्रम में मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता सहर खान ने बच्चों के माता-पिता से परिवर्तन के विषय पर चर्चा की। बताया कि दो वर्ष की आयु से लेकर आठ वर्ष तक के बच्चों में मानसिक और शारीरिक परिवर्तन को कैसे देखना चाहिए। कहा, सोशल मीडिया से कोई भी बच्चा अछूता नहीं है। ऐसे में उनके दिमाग को पढ़ना, उसे समझना भी एक कला है। प्रधानाचार्य शीमा उजैर ने कहा कि बच्चों के व्यवहार में अचानक परिवर्तन आना, उनमें गुस्सा, चिंता का विषय हो सकता है।

स्कूल में पूरे वर्ष उत्कृष्ट कार्य करने पर बच्चों को सम्मानित किया गया। अत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर आरुष अग्रवाल, रिदा अमीन, अरहम रजा, मोहम्मद शयान, मोहम्मद राफे, रियांश, अर्थव, हम्द, अली हम्जा, अब्दुल्ला अर्शिया तबरेज, मोहम्मद मेहरान, खदीजा, मनराज, हमदा, काहिल, यूसुफ, जुनैरा समेत अन्य सम्मानित हुए। इस मौके पर ग्लोबल सोशल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष जुबैर शम्सी सपत्नी मौजूद रहे। स्कूल के निदेशक उजैर शमसी ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें सम्मानित किया।

बच्चों को सम्मानित करतीं मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

कार्यक्रम

▸▸ **स्कूल में हुआ बच्चों के मानसिक शारीरिक परिवर्तन पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन**

प्रमाण पत्र दिखाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

विजयी छात्र-छात्राओं को बांटे गए प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में शविवार को विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

स्पोर्ट्स डे पर 100 मीटर रेस, रिले रेस, लॉन्ग जंप, शॉट पुट आदि खेलों में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विद्यालय की चार हाउस की टीमों में से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली विनर हाउस की टीम के खिलाड़ियों को भी प्रमाण पत्र दिए गए। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने खेलों में प्रतिभाग किया था। विद्यालय के प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह ने ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की। इस दौरान पूजा अरोरा, कुलदीप कौर, दीपा आदि रहे।

जागरूकता अलीपुर ठेका के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुआ कार्यक्रम

रैली से सड़क सुरक्षा जागरूकता का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मीना मंच के तत्वावधान में रोड सेफ्टी क्लब की ओर से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीपुर ठेका में शनिवार दोपहर कार्यक्रम हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं ने नई सड़क सुरक्षा नीति 2024 में हुए बदलावों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए रैली निकाली। रोड सेफ्टी क्लब के सदस्यों ने रैली में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, सड़क पर सुरक्षित रहे जीवन का आनंद ले के बारे में जागरूक किया।

प्रधानाध्यापक एवं नोडल अधिकारी नितिन राजपूत ने कहा कि प्रतिदिन विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में घायल और आकस्मिक मृत्यु को प्राप्त लोगों के बारे में हम अखबारों में पढ़ते और सुनते हैं। ऐसी घटनाओं में अधिकतर कम उम्र के ऐसे बच्चे होते हैं, जो यातायात के नियमों का पालन नहीं करते हैं। उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों को गंभीरता से लेने पर जोर दिया।

कहा कि हेलमेट पहनें और सड़क पर सुरक्षित रहें। चलते वाहन पर मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। छात्र-छात्राओं ने गांव में जगह-जगह नई सड़क सुरक्षा नीति में हुए बदलाव तथा यातायात के नियम बताए। रैली के बाद विद्यालय में एक सभा में बताया गया कि सरकार ने नई सड़क सुरक्षा नीति 2024 में मोटर वाहन अधिनियम में बदलाव करते हुए 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा वाहन चलाए जाने पर रोक लगाए जाने के आदेश दिए हैं। बताया कि सड़क सुरक्षा नियम सभ्य जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है । हमें सड़क सुरक्षा के नियमों को गंभीरता से लेना चाहिए। जिलाधिकारी के विशेष निर्देश पर सड़क सुरक्षा के अंतर्गत पहले से अधिक ध्यान दिया जा रहा है। रोड सेफ्टी क्लब की छात्र प्रतिनिधि मुशर्रिफा व सृष्टि ने लोगों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई। इस दौरान एक लघु नाटक समझदार आकाश का मंचन भी किया।

सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली में शामिल विद्यार्थी। ● अमृत विचार

सरकारी कार्यालयों में हो रहा उत्पीड़न

मिलक, अमृत विचार: भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा है कि कुछ ऐसे अधिकारी और कर्मचारी निजी लोगों से किसानों को लूट रहे हैं।

कहा कि कुछ कर्मचारी व अधिकारी किसानों का खुलेआम शोषण कर रहे हैं। इसका प्रमाण एक मार्च को न्यायालय उपजिलाधिकारी मिलक के पेशकार जुनैद खान को रंगे हाथों रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम से गिरफ्तार करा दिया। जनपद के प्रत्येक न्यायालय में तारीख देने के नाम पर चालीस से 50 रुपये तक फिक्स कर रखे हैं, जो गलत है और भारतीय किसान संघ इसका विरोध करता है। चेतावनी देते हैं कि अगर जनपद में किसानों से अवैध वसूली न रोकी गई तो परिणाम ठीक नहीं होंगे। अभी कई और अधिकारी एंटी करप्शन टीम के हवाले कराए जाएंगे।

नोडल अधिकारी व अध्यक्ष सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन लोक निर्माण विभाग लखनऊ में किया गया। इसमें राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रोड सेफ्टी क्लब को मुरादाबाद मंडल में सर्वश्रेष्ठ रोड सेफ्टी क्लब के तौर पर मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने सम्मानित किया। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि सड़क परिवहन मंत्री दया शंकर भी मौजूद रहे। सड़क सुरक्षा के मामले में प्रदेश भर में रामपुर के प्रथम आने पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी को भी सम्मानित किया गया है।

रोड सेफ्टी क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद कासिम और रोड सेफ्टी क्लब की अध्यक्ष टीम लीडर मेघा ठाकुर को बेहतरीन कार्य के लिए सम्मानित किया गया। महाविद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा ने रोड सेफ्टी क्लब को बधाई दी। कहा कि यह जिला प्रशासन, परिवहन विभाग और महाविद्यालय परिवार के संयुक्त प्रयास का नतीजा है। नोडल अधिकारी कासिम ने कहा कि प्राचार्य रोड सेफ्टी क्लब के सभी सदस्य तथा महाविद्यालय परिवार के समस्त सदस्य के संयुक्त प्रयास से सड़क सुरक्षा के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। टीम लीडर मेघा ठाकुर ने कहा कि हम आगे इससे भी बेहतर करने की कोशिश करेंगे।

लखनऊ में मिले प्रशस्ति पत्र के साथ डॉ. मोहम्मद कासिम, मेघा ठाकुर और कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा। ● अमृत विचार

▸▸ **सड़क सुरक्षा के मामले में प्रदेश में रामपुर अव्वल रहने पर मिला सम्मान**

एक नजर

बालिका से छेड़खानी में आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

टांडा, अमृत विचार : नगर के एक मोहल्ले की नौ वर्षीय बालिका से युवक ने घर में घुसकर छेड़खानी की। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बताया गया कि नगर के एक मोहल्ले की बालिका घर में अकेली थी। उसके माता-पिता उसकी बड़ी बहन का सीटी स्कैन कराने मुरादाबाद गए थे। इसी दौरान मोहल्ले का एक युवक गुटखा लेने के बहाने उसके घर में घुस गया। दरवाजा बंद कर आरोपी उससे छेड़खानी करने लगा। जब उसने शोर मचाया तो आसपास से लोग आने लगे। जिन्हें आता देख युवक मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़िता के माता-पिता घर पहुंचे तो उसने आपबीती बताई। कस्बा चौकी इंचार्ज ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

हाफिज को विधायक से कराएंगे सम्मानित

रामपुर, अमृत विचार : ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज के नगराध्यक्ष सआदत अली के नौ साल के बेटे अली हसन अंसारी ने कुरआन हिफ्ज करने पर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मान दिया जाएगा। शनिवार को आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज के जिलाध्यक्ष फिरासत राईन ने कहा कि नौ साल की उम्र में कुरआन हिफ्ज करने पर समाज को एक संदेश दिया है। बैठक में फैसला लिया गया है कि हाफिज ए कुरान को प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ, शहर विधायक आकाश सक्सेना द्वारा सम्मानित कराया जाएगा। इस अवसर पर सआदत अली अंसारी, जाहिद, फय्याज अली अंसारी, मुकद्दस अंसारी, कैफ सैफी, अनीस अंसारी, तालिब आदि शामिल रहे।

बंदूक के साथ आरोपी पकड़ा

रामपुर,अमृत विचार : जानलेवा हमले में फरार चल रहे आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस थाने ले आई। कुछ दिनों पहले शहजादनगर थाने में भजन सिंह पुत्र सुखदेव निवासी ग्राम जगरमपुर थाना मूंढापांडे के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमे एफसीआई गोदाम के गेट के सामने से आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से एक डबल बैरल फैक्ट्री निर्मित लाईसेन्सी बन्दूक दो खोखा कारतूस बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर कार्रवाई कर दी।

वन अधिकारी किसानों को कर रहे परेशान

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के प्रदेश महासचिव जुबैद खां ने जिलाधिकारी को पत्र दिया। इसमें कहाकि वन विभाग के अधिकारी किसानों को परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि रात में ही पीपली वन में पेड़ों का कटान किया जा रहा है।

गेहूं की तौल में कांटे में नहीं हो कोई गड़बड़ी

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में ग्राम सुहाग नगला में किसान पंचायत हुई। इसमें जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने गेहूं खरीद शुरू करवा दी है। अभी गेहूं आने में 20 से 25 दिन का समय है। यह बात प्रशासन सुनिश्चित करें, कि किसानों के साथ कांटे में कोई गड़बड़ी नहीं की जाए। शनिवार को हुई पंचायत में उन्होंने कहा कि बिलाल राइस मिल की नीलामी का कार्य निपटा कर जल्द ही रुपये दिलवाने का काम जिला प्रशासन करे। इस दौरान फूल सिंह गंगवार,ज्वाला प्रसाद गंगवार, अनोखेलाल गंगवार, फूल सिंह गंगवार, अमित गंगवार, यशपाल सागर, विशाल गंगवार अर्जुन आदि रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 86 शिकायतें, 18 निस्तारित

स्वार के एसडीएम बोले- लापरवाही पर अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई, प्राथमिकता से करें निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिले भर में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को लोगों की शिकायतें सुनी गईं। सदर तहसील में विभिन्न मामलों से संबंधित मिली नौ शिकायतों में एक का निस्तारण हुआ। जबकि, जिले भर में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 86 शिकायतों में 18 को मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। टांडा में सबसे अधिक 17 में सात शिकायतों का निस्तारण हुआ है। एसडीएम स्वार ने कहा कि लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

तहसीलों पर सुबह से फरियादियों की कतारें लग गईं। अधिकतर तक फरियादियों की शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्परता से निपटाने के लिए दे दिया गया है। स्वार तहसील के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल ने अधिकारियों से फरियादियों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए। यहां समाधान दिवस में 23 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। समाधान दिवस में पश्चिम उत्तर प्रदेश के भाजपा के सह-संयोजक दिलीप कुमार अरोरा ने प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 36 (6) के अंतर्गत अधिकार अभिलेख खतौनी व खसरा की त्रुटि व लोप को सही करने का अधिकार क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक को प्रदान किया है।

राजस्व निरीक्षकों ने मामले का अधिकार का प्रयोग न करते हुए आख्याएं एसडीएम को प्रेषित की जा रही हैं। राजस्व निरीक्षक को उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के अधिकार का प्रयोग करते हुए अविवादित दुरुस्ती प्रदान करने की मांग समेत संबंधित 23 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसमें तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर शेष शिकायतों को निपटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपा। एसडीएम ने कहा कि अधिकारी समाधान दिवस में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराएं, ऐसा न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस दौरान एसडीएम अवनीश कुमार, सीएमओ एसपी सिंह आदि रहे।

स्वार तहसील में समस्याएं सुनते मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल।

टांडा में लोगों की शिकायतें सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

17 शिकायतों में सात का निस्तारण

टांडा, अमृत विचार : टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य ने शिकायतें सुनीं। खराब मौसम के चलते महज 17 शिकायतें ही प्राप्त हुईं। इनमें से सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपा और निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। तहसील दिवस में उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह, तहसीलदार अभिनेंद्र कुमार और नायब तहसीलदार अमित कुमार और अंकुर अत्तल आदि मौजूद रहे।

एडीएम और एएसपी ने सुनीं शिकायतें

बिलासपुर, अमृत विचार : तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में बारिश से खलल डाली। तेज हवा और बारिश के चलते दिवस में कुल 12 ही फरियादी पहुंचे। दो शिकायतों का निस्तारण हो सका। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेमराज सिंह ने शिकायतें सुनीं। सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक समाधान दिवस में 12 शिकायतें आईं। एडीएम ने कहा कि तहसील पहुंचने वाले फरियादियों की समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लें, ताकि उन्हें भटकना न पड़े। अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा की और सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय, तहसीलदार निश्चय कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर, चिकित्साधीक्षक डॉ. अजीज हसन अंसारी, सीडीपीओ मुदिता तिवारी, एसडीओ प्रदीप कुमार प्रसाद, रेंजर अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

शाहबाद में नौ में दो ही शिकायतें निपटीं

शाहबाद/मिलक, अमृत विचार : शनिवार को शाहबाद तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल नौ शिकायतों में दो शिकायतों का निस्तारण हो गया। उप जिलाधिकारी सुनील कुमार प्रथम ने बताया कि दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के सुपुर्द कर दिया गया। शिकायतों में चार राजस्व विभाग से संबंधित थीं, जिनमें दो का निस्तारण किया गया। विकास विभाग से तीन, पुलिस से एक और बिजली विभाग से एक शिकायत संबंधित थी।

वहीं, मिलक में शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम राजेश कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सुबह से तेज हवा के साथ शुरू हुई बूंदाबादी के चलते लोग अपने घरों से नहीं निकल पाए। 13 फरियादियों में से दो की शिकायतों का तत्काल निस्तारण करा दिया गया।शेष शिकायती पत्रों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर दी गईं।

राजस्व विभाग की टीम के साथ पकड़े गए बकाएदार। ● अमृत विचार

आठ लाख के 7 बकाएदार पकड़े

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : राजस्व विभाग की टीम ने आठ लाख रुपये से अधिक के सात बकाएदार पकड़ लिए। इन्हें तहसील लाया गया, जहां डेढ़ लाख रुपये वसूल करने के बाद छोड़ दिया।

शनिवार को नायब तहसीलदार अरविंद शर्मा के नेतृत्व में टीम बकाएदारों की तलाश में अभियान चलाया। नायब तहसीलदार ने बताया कि सागरपुर गांव निवासी बब्बू व नब्बू पर स्टॉप का 52840 रुपये देय था। उन्हें पकड़ लिया गया। बैंक के 333575 रुपये के बकाएदार बलुपुरा निवासी मोहम्मद इरफान, 269162 रुपये के बैंक बकाएदार धुरियाई निवासी विजयपाल सिंह, बिजली बिल के 33463 रुपए के बकाएदार करीमगंज निवासी इंदल सिंह, बिजली के ही 76042 रुपये के बकाएदार करीमगंज के ही रघुनाथ, ग्राम समाज के 19960 के करीमगंज के ही श्रीराम और ग्राम समाज के ही 32560 रुपये के बकाएदार धर्मपाल को पकड़ा गया।

लोधी के भाजपा प्रत्याशी बनने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : संसद घनश्याम सिंह लोधी को दोबारा प्रत्याशी बनाने पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया। एक दूसरे को मिठाई खिलाई।

रामपुर लोकसभा सीट से 2019 में सपा के कद्दावर नेता आजम खां सांसद चुने गए थे। 2022 में वह विधानसभा चुनाव लड़े और जीत हासिल की। इसके बाद उन्होंने लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। 2022 में लोकसभा का उपचुनाव हुआ। जिसमें भाजपा के टिकट पर घनश्याम सिंह लोधी ने सपा नेता आजम खां के बेहद करीबी आसिम राजा को शिकस्त दी थी। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की है। जिसमें संसदीय सीट पर मौजूदा सांसद घनश्याम सिंह लोधी पर पुनः भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया गया है। घनश्याम सिंह लोधी का टिकट फाइनल होने पर स्थानीय भाजपाइयों में खुशी का माहौल रहा। उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद पेश की।

इस अवसर क्षेत्रीय मंत्री रवि रुहेला,नगर अध्यक्ष योगेश कुमार सैनी,राजकुमार चौहान एडवोकेट, प्रताप सिंह चौहान एडवोकेट, रोहित सैनी,करन सिंह सैनी, मोहम्मद सगीर,पप्पन सक्सेना,दीपक ठाकुर आदि मौजूद रहे। उधर पूर्व पालिकाध्यक्ष मेहनाज जहां,मकसूद अली लाला,मोहम्मद जुबैर, मेहबूब आलम, तौसीफ, अनीस अंसारी ने आदि ने भी हर्ष जताते हुए पूरी मेहनत के साथ घनश्याम सिंह लोधी का चुनाव लड़ाने का संकल्प लिया।

एक-दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपा समर्थक। ● अमृत विचार

भाजपा कार्यालय में विजयी चिह्न दिखाते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

भाजपाइयों ने देर रात तक बांटी मिठाई

रामपुर, अमृत विचार : भाजपा लोकसभा कार्यालय आवास विकास चौराहे पर सभी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी रात करीब 10 :15 बजे एकत्र हुए और घनश्याम सिंह लोधी को प्रत्याशी घोषित किए जाने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाई। भाजपाइयों ने प्रण किया कि अबकी बार भारी मतों से घनश्याम सिंह लोधी को पुन: रामपुर का सांसद बनाएंगे और केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे।। एनडीए 400 सिम प्लस लाकर बहुमत की सरकार तीसरी बार बनाएगी।। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, मोहनलाल सैनी, प्रेम शंकर पांडे, दिनेश शर्मा, मोहन लोधी, अशोक बिश्नोई आदि रहे।

फैमिली चौराहे पर कैंडल मार्च निकालते दलित समाज के लोग। ● अमृत विचार

कैंडल मार्च निकाला, दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : गांव सिलईबड़ा के प्रकरण को लेकर दलित समाज के पदाधिकारियों ने आंबेडकर पार्क से लेकर स्टार चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला। उन्होंने मृतक सुमेश को श्रद्धांजलि अर्पित की। पदाधिकारियों ने कहा कि मृतक सुमेश के हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

शनिवार को भारतीय बौध महासभा, अखिल भारतीय युवक संघ, भीम आर्मी जय भीम, अखिल भारतीय जाटव महासभा, संत शिरोमणि रविदास सेवा समिति के पदाधिकारियों ने कैंडल मार्च निकाला। अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार सागर ने कहा कि सिलईबड़ा प्रकरण की उच्च अधिकारियों से न्यायिक जांच कराई जाए। सुमेश के परिजनों को एक करोड़ रुपये और घायलों को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। इस अवसर पर जेपी अंबेडकर, राजेश खन्ना, अशोक बाबू, डा. अरविंद कुमार गौतम,अमर सिंह, सत्यपाल सिंह बादल, सुरेश कुमार, सविता अंबेडकर, सुरेश कुमार गौतम, महेश सागर, चरन सिंह दिवाकर, अजयपाल आदि रहे।

विश्व गुरु बनाने के लिए दे सकते हैं सुझाव : पाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भाजपा नेता सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्र की योजना के तहत वर्ष 2047 में भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की समस्त जनता से सुझाव मांगे हैं। सुझाव के लिए प्रत्येक लोकसभा में दो एलइडी वैन आई हैं, जो जिले में घूमेंगी। उनमें एक पेटी रखी जाएगी। इसमें लोग अपने सुझाव पत्र डाल सकते हैं। वाहन के माध्यम से जनता के सुझाव इकट्ठे किए जाएंगे और उन सुझावों को केंद्र को भेजा जाएगा।

विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान का शनिवार को भाजपा कार्यालय बजरंग विहार में आगाज हुआ। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने कहा कि सुझाव पेटियों में से निकले हुए सारे लोगों के सुझाव से ही आने वाले समय में चुनाव का घोषणा पत्र बनेगा। भारतीय जनता पार्टी नरेंद्र मोदी की सरकार लोगों की सारी अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करेगी।। यह अभियान तीन मार्च से लेकर 15 मार्च तक चलेगा। इस अभियान में भारतीय जनता पार्टी के सारे कार्यकर्ता भी सम्मिलित रहेंगे और लोगों से जाकर संपर्क करेंगे। भारतीय जनता पार्टी केंद्र की अपेक्षा है कि कार्यकर्ता लोगों से संपर्क करके खुद भी सुझाव मांगे। जनता 9090 90 2024 नंबर पर मिस कॉल करके भी अपना सुझाव प्रधानमंत्री को भेज कर सकती है।

कार्यक्रम के अंत में मौजूद पदाधिकारी ने भी अपने-अपने सुझाव सुझाव पेटी में डालें। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रेम शंकर पांडेय, मोहन लोधी, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, दिनेश शर्मा, आशु गुप्ता, पवन शर्मा, सुखदेव चीमा,हेमा रानी प्रजापति, शिव शर्मा, कृष्ण अवतार लोधी, प्रमोद आहूजा, अर्जित सक्सेना, राहुल गुप्ता, लालता प्रसाद लोधी, ओमप्रकाश सैनी, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा कार्यालय पर कार्यक्रम में मौजूद जिलाध्यक्ष एवं अन्य। ● अमृत विचार

▸▸ एलईडी वैन में लगी पेटिकाओं में डाल सकते हैं सुझाव पत्र

महाशिवरात्रि त्योहार को लेकर तैयारियों में जुटा पुलिस प्रशासन, व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए कहा, शिवभक्तों में दिख रहा उत्साह

बम-बम भोले के जयकारों के साथ जल लेने कांवड़िये रवाना

संवाददाता, ढकिया

अमृत विचार : फाल्गुन कांवड़ यात्रा शुरू हो गई है। गंगाजल लाने के लिए शिव भक्तों के हरिद्वार जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। ढकिया से कांवड़िए अपने निजी वाहन से कांवड़ लाने के लिए हरिद्वार के लिए बम-बम भोले के जयकारों के साथ रवाना हुए। 8 मार्च को महाशिवरात्रि है।

महाशिव रात्रि पर कांवड़िए अपने परिजनों के साथ भगवान शंकर का जलाभिषेक करेंगे।महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कांवड़िए में हरिद्वार रवाना होते समय खासा उत्साह देखने को मिला। कांवड़ लेने जाने वाले जत्थे में नरेंद्र कुमार सिंह, मोनू सिंह, राहुल, मोहित, छुटटू, रवि, रिंकल, संदीप, सोनू, आकाश, पवन आदि शिव भक्त शामिल थे। दूसरी ओर, पुलिस प्रशासन ने भी कांवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां शुरू कर दी हैं। ढकिया चौकी इंचार्ज आनंदवीर सिंह ने क्षेत्र के शिव मंदिरों का निरीक्षण कर शिव मंदिरों के पुजारियों से महाशिवरात्रि को लेकर जानकारी हासिल की। साथ ही मंदिरों की साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। ताकि कांवड़ियों को कोई दिक्कत नहीं हो सके।

ढकिया से हरिद्वार के लिए रवाना होता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

मसवासी में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के कार्यकर्ताओं का जत्था। ● अमृत विचार

कावड़ियों का जत्था हरिद्वार गया

मसवासी, अमृत विचार : हरिद्वार से गंगाजल लेने के लिए भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज का जत्था रवाना हो गया है। नगर में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के कार्यकर्ता कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार के लिए रवाना हो गए हैं। रवाना होने से पूर्व भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के जिला सचिव सोमपाल सिंह वाल्मीकि ने उनका स्वागत किया। कांवड़ जत्थे में अजय वाल्मीकि, राज वाल्मीकि, संजय चौधरी, रवि कुमार, शिवा, अनीता आदि शामिल हैं।

मंदिर की भूमि से हटवाएं अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भमरौआ महादेव मंदिर को ऐतिहासिक राष्ट्रीय पर्यटन स्थल विकसित कराने के उद्देश्य से श्री पातालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट भमरौआ की ओर से नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा को ज्ञापन दिया गया। इसमें 40 बीघा मंदिर की भूमि पर हुए अतिक्रमण को ध्वस्त कराने की मांग उठाई। बताया कि अतिक्रमण होने से शिवरात्रि के मेले में दुकानदारों को परेशानी होती है।

शिवालय सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी शनिवार दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। मंदिर कमेटी के प्रमुख सेवादार संदीप अग्रवाल सोनी ने बताया कि भमरौआ महादेव मंदिर को ऐतिहासिक राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने में 40 बीघा भूमि को मंदिर में शामिल करना आवश्यक है। बताया कि महाशिवरात्रि मेले में दुकानदारों व भक्तों को अत्याधिक असुविधा का सामना करना पड़ता है। साथ ही प्रत्येक सोमवार को आने वाले लगभग 25 हजार शिव भक्तों को व श्रावण मास में आने वाले सभी शिव भक्तों एवं कांवड़ियों को अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि भगवान भोलेनाथ की सेवा व ऐतिहासिक राष्ट्रीय पर्यटन स्थल विकसित कराने के लिए तैयार हैं। इस दौरान सेवादार उपेंद्र गुप्ता, सत्य प्रकाश, रोशन लाल, सुदेश यादव, विष्णु हरि गुप्ता, राधेश्याम,गेंदन लाल सैनी, कमल वर्मा, विष्णु कश्यप, भजन लाल प्रजापति, विजय गुप्ता, चंद्रभान श्रीवास्तव, मिलन सक्सेना, प्रवीण गुज्जर व अमित गुप्ता मौजूद रहे।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते श्री पातालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट के सेवादार।

▸▸ श्री पातालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट भमरौआ के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

एक नजर

पीर साहब के आस्ताने पर सजी नातियां महफिल

मुरादाबाद, अमृत विचार : संभल रोड स्थित बड़े पीर साहब के आस्ताने पर नातियां महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें नातख्वा हजरात ने अपने-अपने कलाम पेश किए। महफिल की शुरूआत कुरान की तिलावत ने हाफिज असीम रजा ने की। जिसके बाद सभी नातख्वा ने नात-ए-पाक का नजराना पेश किया। महफिल के बाद तसलीम मियां ने मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई। इस दौरान आस्ताने पर आए लोगों को लंगर बांटा गया। इस मौके पर मौलाना जफर आलम, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद आसिफ, जरीफ अहमद, सिराजुद्दीन, मोहम्मद समद व शादाब आलम शामिल रहे।

आज एमएचएससी पहुंचेगी निर्यातकों की टीम

मुरादाबाद, अमृत विचार : रविवार को निर्यातकों की टीम भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम के साथ पीतलनगरी स्थित मेटल हैंडीक्राफ्ट सर्विस सेंटर पहुंचेगी। इस टीम में मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर एसोसिएशन व यंग एंटरप्रिन्योर सोसाइटी से जुड़े निर्यातक शामिल रहेंगे। एमएचएससी के महाप्रबंधक डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि निर्यात उत्पादों को बेहतरीन फिनिशिंग देने को रिसर्च टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैब में सुविधाओं की शुरुआत हुई है, जिनका अवलोकन करने को निर्यातकों की टीम पहुंचेगी।

एडिशनल कमिश्नर ग्रेड प्रथम से मिले टैक्स अधिवक्ता

मुरादाबाद, अमृत विचार : शनिवार को बार एसोसिएशन ऑफ टैक्स एडवोकेट्स के प्रतिनिधिमंडल ने वाणिज्य कर के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड प्रथम आरए सेठ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल की ओर से व्यापारियों के उत्पीड़न के साथ ही राज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर विनीत सिंह पर टैक्स अधिवक्ताओं से खराब आचरण का आरोप लगाकर नाराजगी जताई। एडिशनल कमिश्नर आरए सेठ ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश शर्मा ने संदीप, वैभव भटनागर, मोहित गुप्ता, सुमित अग्रवाल, आशीष गर्ग, अतर सिंह, लक्ष्मीचंद्र जैन, पवन भारती से अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला उठाया।

लाइव उद्घाटन आज

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुख्यमंत्री द्वारा प्रोजेक्ट अलंकार वर्ष 2023-24 के तहत लाइव उद्घाटन रविवार तीन मार्च को सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगा। जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा।

विवेकानंद हॉस्पिटल में स्ट्रेचर वितरित करतीं इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी।

निशुल्क स्ट्रेचर वितरित किए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: इनरव्हील क्लब ऑफ मुरादाबाद एसेंस की ओर से जरूरतमंद मरीजों के लिए निशुल्क स्ट्रेचर वितरित किए गए।

जूही गोयल सिंघल ने बताया कि उपचार जीवन परियोजना के तहत संस्था समय- समय पर जरूरतमंद मरीजों की मदद करती रहती है। इस क्रम में शनिवार को क्लब की ओर से कॉसमॉस और विवेकानंद हॉस्पिटल में जरूरतमंद मरीजों के लिए स्ट्रेचर दिए गए। जहां चिकित्सकों ने क्लब का आभार जताया।

डबल फाटक पुल के नीचे बेचते थे चोरी वाले सीएनजी टेंपो, नवंबर 2015 में हुआ था खुलासा

शाहरुख को नहीं खोज पाई पुलिस, दर्ज कराई एक और रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : गलशहीद थाना पुलिस अभियुक्त शाहरुख को खोज नहीं पाई है। एसएसआई विनोद कुमार ने उसके विरुद्ध एक और एफआईआर दर्ज कराई है।

न्यायालय उसे हाजिर करने के प्रति लगातार निर्देश दे रहा है। शाहरुख दिल्ली का रहने वाला है। एसएसआई ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त शाहरुख और उसके साथियों को जेल भेजा गया था। उसके बाद उसे अपने साथियों के साथ जमानत मिल गई थी। लेकिन, जमानत अवधि पूरी होने के बाद से वह अब तक दोबारा न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ है। इसके विरुद्ध न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 9 ने 30 सितंबर को कुर्की की चेतावनी जारी की था। इस आदेश की तामील दरोगा योगेश कुमार ने अभियुक्त के निवास वाले पते पर कराया था।

उसके निवास वाले मोहल्ले में ढोल बजाकर मामले को सार्वजनिक किया गया था। काफी प्रयास के बाद भी अब तक अभियुक्त शाहरुख न्यायालय में पेश नहीं हुआ है। न्यायालय के आदेश के उल्लंघन में उसके विरुद्ध गलशहीद थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। एसएसआई विनोद कुमार ने बताया कि अभियुक्त शाहरुख अपने गैंग के साथियों के साथ सीएनजी टेंपो की चोरी करता था और मुरादाबाद लाकर उन्हें बेचता था।

29 नवंबर 2015 को तत्कालीन दरोगा हारुन खां ने शाहरुख व उसके अन्य कुल आठ साथियों को दबोचा था। चोरी के सीएनजी टेंपो बेचने आ रहे लोगों की जानकारी होने पर दरोगा पुलिस टीम के साथ रोडवेज पुलिस चौकी के सामने संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सीएनजी के तीन टेंपो इंपीरियल तिराहे की ओर से आते दिखे तो इन्हें बैरियर लगाकर रोका था। इन तीनों टेंपो में ड्राइवर की सीट पर बैठे लोगों में अपना नाम यूसुफ पुत्र फजर मोहम्मद निवासी मुगलगार्डन कॉलोनी मसूरी जिला गाजियाबाद, दूसरे ने इरफान पुत्र इमामुद्दीन निवासी कुशालिया डासना थाना मसूरी जिला गाजियाबाद बताया था। इरफान के पास से पुलिस ने तमंचा-कारतूस भी बरामद किया था। तीसरे ने अपना नाम शाहरुख पुत्र मोमिन निवासी सीलमपुर गली-4 थाना कृष्णा नगर दिल्ली बताया था। इसके पास भी पुलिस को तमंचा-कारतूस मिला था।

29 नवंबर 2015 को इनके विरुद्ध हुई थी एफआईआर : यूसुफ, इरफान, शाहरुख, सुशील उर्फ सुनील, देवेंद्र रोहिला उर्फ पंडित जी, हाफी जी कफील, इकराम, शाहिद।

कार्रवाई

- शाहरुख जमानत अवधि पूरी होने के बाद से लापता
- अभियुक्त की तलाश में जुटी गलशहीद थाना पुलिस

चोरी किए हुए टेंपो में ही बैठकर डबल फाटक पहुंचे थे पुलिसकर्मी

गिरफ्तार अभियुक्तों के चोरी वाले टेंपो में ही बैठकर पुलिसकर्मी डबल फाटक पुल के नीचे पहुंचे थे, जहां अभियुक्तों पहले से खड़े 14 सीएनजी टेंपो भी चोरी के बताया था। इन टेंपो की ड्राइविंग सीट पर बैठे पांच व्यक्तियों में से पुलिस ने दो लोगों सुशील उर्फ सुनील उर्फ पव्वा निवासी इंद्रा कॉलानी कटघर व देवेंद्र रोहिला उर्फ पंडित जी निवासी पीतल नगरी को दबोच लिया था, जबकि तीन भाग निकले थे। गिरफ्तार सुशील व पंडित जी ने अपने साथियों के नाम पुलिस को बताए थे।

सरकार गरीबों व कमजोरों की हितैषी

मनोहरपुर गांव की मॉडल शॉप का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया आरंभ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जनपद में प्रदेश सरकार की अन्नपूर्णा योजना के तहत बनाई गईं 41 अन्नपूर्णा मॉडल शॉप व ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों का ब्लॉक स्तर पर जन प्रतिनिधियों ने फीता काट कर आरंभ किया। एमएलसी स्नातक सत्यपाल सैनी, ब्लॉक प्रमुख के अलावा मुख्य विकास अधिकारी और जिला पंचायत अध्यक्ष ने गांव मनोहरपुर में अन्नपूर्णा मॉडल शॉप का आरंभ किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने सरकार को कमजोर और गरीबों का हितैषी बताया।

शनिवार को अन्नपूर्णा मॉडल शॉप उचित दर की 41 दुकानों के लोकार्पण पर जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। मुरादाबाद ब्लॉक के ग्राम मनोहरपुर में सुबह 10 बजे तेज बूंदाबांदी के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव पहुंचे। जहां ग्राम प्रधान, एडीओ पंचायत, ग्राम पंचायत सचिव व जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह मौजूद थे। यहां अन्नपूर्णा मॉडल शॉप का आरंभ फीता काटकर किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने गरीबों को अन्नपूर्णा योजना के तहत फ्री राशन वितरण करने की पहल को प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों की मदद करने की सरकार की मंशा जाहिर की। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना में राशन के अलावा घरेलू जरूरत का सामान एक छत के नीचे मिलेगा। इस दौरान कुछ मॉडल शॉप पर ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों को भी शुरू किया गया। इस क्रम में ब्लॉक कुंदरकी ग्राम पंचायत गुरेरा में सदस्य विधान परिषद सत्यपाल सैनी ने मॉडल शॉप का फीता काटा। उन्होंने कहा कि इस पहले किसी सरकार का इस ओर ध्यान नहीं गया। पहले गरीबों को बांटे जाने वाले राशन की कालाबाजारी के शिकायतें आम थी। अब राशन की काला बाजारी नहीं हो सकेगी। उन्होंने बताया कि जिले में 75 अन्नपूर्णा मॉडल शॉप बनाई जानी हैं। अभी फिलहाल 41 शॉप तैयार की हो चुकी हैं। ब्लॉक बिलारी की ग्राम पंचायत रुस्तम नगर सहसपुर में ब्लॉक प्रमुख ने मॉडल शॉप का आरंभ किया। ब्लॉक मूंढापांडे की ग्राम हरसेनपुर की मॉडल शॉप का ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव ने आरंभ किया। जनपद की अन्य दुकानों पर जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में फीता काट कर आरंभ किया गया।

मनोहरपुर में मॉडल शॉप के लोकार्पण के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली चौहान, सीडीओ सुमित यादव व अन्य।

- मुख्यमंत्री ने अन्नपूर्णा मॉडल शॉप का वर्चुअल लोकार्पण किया

तमंचा-कारतूस के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

मुरादाबाद, अमृत विचार : पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कुल पांच अभियुक्तों को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

कांठ थाना पुलिस ने तमंचा-कारतूस के साथ अभियुक्त भूपेन्द्र सिंह उर्फ भूप सिंह को गिरफ्तार किया है। दरोगा विपिन कुमार ने बताया कि अभियुक्त गांव मघपुरी उर्फ इनायतपुरी का रहने वाला है। इसके पास से उन्होंने तमंचा और कारतूस बरामद किया है। वहीं, दूसरी ओर पाकबड़ा थाना पुलिस ने आरोपी दिनेश पुत्र पूरन सिंह को तमंचा-कारतूस के साथ पकड़ा है। दरोगा फरमान त्यागी ने बताया कि आरोपी बड़ा मन्दिर कस्बा पाकबड़ा का रहने वाला है। इसके पास से उन्हें 2800 रुपये भी मिले हैं। मुगलपुरा थाना पुलिस ने अब्दुल गनी खां पुत्र फिरोज खां को तमंचा-कारतूस के साथ दबोचा है। दरोगा अंकुर सिंह ने बताया कि अभियुक्त मुहल्ला डेरिया निकट दरीबालान मस्जिद का रहने वाला है। कटघर थाने के दरोगा संजय कुमार सिंह ने आरोपी विनीत कुमार के पास तमंचा-कारतूस बरामद किया है। यह गांव फरैदी हाल पता विकास नगर का रहने वाला है। वहीं कार्तिक के पास से तमंचा-कारतूस बरामद किया है। यह मधुपुरी का रहने वाला है।

पाकबड़ा पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

116 क्विंटल ई-कचरा समेत नौ लोग गिरफ्तार, भेजे जेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/ पाकबड़ा

अमृत विचार: थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में ई-कचरे के साथ नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। न्यायालय में पेश करने के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

एसओजी और पाकबड़ा पुलिस ने ई-कचरे के स्थानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की कार्रवाई की थी। पुलिस ने मौके से एक आयशर कैंटर, तीन छोटा हाथी में करीब 116 क्विंटल ई कचरा पकड़ा। पुलिस ने मौके से नौ लोगों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में ई-कचरा तस्करों ने अपने नाम जाहिद, नासिर, नाजिम निवासी दौलत बाग गली नंबर-दो थाना नागफनी, समीर, शमीम निवासी अंडे वाली गली दौलत बाग, वलीमुद्दीन निवासी लकड़ी की टाल चक्कर की मिलक, सरताज निवासी दौलत बाग गली नंबर-9, जाहिद निवासी तेवर खास बिलारी और मोनू निवासी बड़ा हसनपुर रेहरा अड्डा चमन वाली गली थाना हसनपुर बताया है।

सिफारिश को आए फोन

ई-कचरा तस्करी से जुड़े लोगों को छुड़ाने के लिए पाकबड़ा थानाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा और एसओजी के पुलिस कर्मियों के मोबाइल पर कई नामी लोगों ने फोन किए हैं। लेकिन, थानाध्यक्ष ने सख्त तेवर दिखाते हुए गिरफ्तार सभी आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की है।

विश्व हिंदू महासंघ की बैठक को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति। ● अमृत विचार

व्यक्ति का कद उसका कर्म तय करता है

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : महानगर के चंदनवन रिसोर्ट में विश्व हिंदू महासंघ की ओर से रविदास जयंती कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति रहे।

उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति छोटा या बड़ा अपने जन्म के कारण नहीं होता, बल्कि अपने कर्म से ही व्यक्ति ऊंचा या नीचा बनता है। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रदेव ने संत रविदास के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। सभा की अध्यक्षता मंडल प्रभारी प्रदीप शर्मा ने करते हुए कहा रविदास ने जाति भेद के बजाए भगवान की प्राप्ति के भक्ति और प्रेम के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी महेश शर्मा ने किया। सभा समाप्ति के बाद सहभोग हुआ। सभा में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद सक्सेना, संभाग प्रभारी हस्तिनापुर संजय गुप्ता, भानु प्रताप सिंह, योगी विनोद, महंत रामवीर, नितिन शर्मा, पीयूष अरोरा, प्रीति आर्य, सुमित ठाकुर, नीरज शर्मा, अनुज भारद्वाज, सुमित भारद्वाज, ताराचंद सैनी, कौशल शर्मा आदि मौजूद रहे।

आरटीई के लिए आठ करोड़ रुपये आवंटित

मुरादाबाद, अमृत विचार: आरटीई के तहत सत्र 2023-24 की फीस प्रतिपूर्ति के लिए 8 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसको लेकर शिक्षा निदेशक (बेसिक) ने सूबे के सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व वित्त एवं लेखाधिकारी को पत्र लिखा है।

निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति को लेकर धनराशि आवंटित की गई है। जिले के अध्ययनरत 11,887 बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति के लिए 8 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस आवंटित धनराशि में विगत वर्षों की समस्त बकाया धनराशि व वित्तीय वर्ष 2023-24 तक अध्ययनरत बच्चों की धनराशि सम्मिलित है।

पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला करने में एक गिरफ्तार

पुलिस पिटाई प्रकरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : कांठ थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात में कच्ची शराब बनाने वालों को पकड़ने गांव डहरा गए दो पुलिसकर्मियों को आरोपियों ने बंधक बनाकर धुना। इसमें एक कांस्टेबल की हालत काफी गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसे डॉक्टरों ने इलाज के बाद शनिवार को छुट्टी दी है। इस मामले में कुल सात आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमला करने के आरोप में नामजद एफआईआर दर्ज हुई है। नामजद अभियुक्तों में से पुलिस ने मुख्य अभियुक्त जसवंत उर्फ खन्ना के आरोपी बेटे अंकित को गिरफ्तार कर लिया है।

कच्ची शराब बिकने और बनने की सूचना पर डहरा गांव में शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे हेड कांस्टेबल विजय कुमार और कांस्टेबल सर्वेश कुमार बाइक से पहुंचे थे। इन्होंने अपनी बाइक जसवंत उर्फ खन्ना के घर के सामने खड़ी की थी। बताया जा रहा है कि गांव के लोग पुलिस से पहले से ही नाराज चल रहे थे। चूंकि, पुलिस ने 28 जनवरी को आरोपियों के परिवार के ही वीर सिंह पुत्र खेम सिंह को कच्ची शराब बनाते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा था। थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह शुक्रवार रात को दोनों पुलिसकर्मियों पर हुए जानलेवा हमले का यही मुख्य कारण मान रहे हैं। उन्होंने बताया कि हेड कांस्टेबल विजय कुमार व कांस्टेबल सर्वेश रात में गश्त पर थे। वह डहरा में जसंवत के घर के सामने पहुंचे तो जसवंत उनसे गाली-गलौज करने लगा। बाद में आरोपियों ने उनपर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। इसमें दोनों पुलिसकर्मी चोटिल हो गए थे। बाद में गांव के कुछ लोगों के आने के बाद उनकी जान बची थी। वहीं हेड कांस्टेबल विजय कुमार ने घटना के संबंध में सात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें मुख्य आरोपी जसवंत उर्फ खन्ना व पत्नी ऊषा, भाई देशराज एवं बेटे जीवन व अंकित और निपेंद्र व इसकी मां रतिया पत्नी राम किशोर नामजद हुए हैं।

दो पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला करने वालों में मुख्य अभियुक्त का बेटा अंकित पुलिस की गिरफ्त में।

रात में घटना छिपाते रहे थानाध्यक्ष

घटना की रात कांठ थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह ने मामले को सार्वजनिक नहीं होने दिया। यहां तक कि उन्होंने मीडिया कर्मियों से भी पुलिस कर्मियों पर किसी भी तरह का कोई हमला न होने की बात कहीं। हमले के मामले में कुछ लोगों पर दर्ज हुई एफआईआर की बात पर उन्होंने घटना स्वीकारी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार हुए अंकित के पास से उन्होंने हमले में प्रयोग किया लोहे का रॉड भी बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि घटना में नामजद अन्य सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहे हैं, पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

राजनीति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के गृह जनपद में प्रत्याशी चयन पर सस्पेंस बरकरार

मंडल की चार सीटों पर प्रत्याशी घोषित, दो लटके

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व में पहली सूची में 195 प्रत्याशियों की घोषणा कर बढ़त ले ली है। इस सूची में प्रदेश की 51 सीटों पर भी प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। जिसमें मुरादाबाद मंडल की छह सीटों में से चार को सिंबल मिल गया है। लेकिन प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के गृह जनपद मुरादाबाद में प्रत्याशी चयन पर अभी सस्पेंस बरकरार रखा गया है। बिजनौर में भी इंतजार रहेगा।

भाजपा की पहली सूची में शनिवार को मंडल के जिन चार सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए गए हैं उसमें बिजनौर जिले के नगीना सुरक्षित सीट से ओम कुमार को कमल निशान मिला है। जबकि रामपुर से घनश्याम लोधी पर भाजपा ने दोबारा भरोसा जताया है। उन्होंने रामपुर की सीट से आजम के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई सीट पर लोकसभा के उपचुनाव में जीत हासिल की थी। वहीं संभल से परमेश्वर लाल सैनी को टिकट दिया गया है। अमरोहा से कंवर सिंह तंवर को इस बार भाजपा का टिकट मिला है। वह पूर्व में भी एक बार सांसद रह चुके हैं। पिछला चुनाव उन्होंने भाजपा के टिकट से लड़ा था लेकिन जीत हासिल नहीं हुई थी। लेकिन पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताते हुए फिर चुनाव मैदान में उतारा है।

वहीं संभल से परमेश्वर लाल सैनी को हार के बाद भी जीत के लिए कमल निशान दिया गया है। वह 2019 में भी संभल से प्रत्याशी रहे। सपा की जीती सीट मुरादाबाद से भाजपा ने अभी किसी को नहीं उतार कर साबित किया है कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के गृह जनपद में भाजपा इस बार कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। वह जिताऊ प्रत्याशी की खोज में है जो पार्टी के भरोसे को कायम रख सके।

मुरादाबाद सीट पर अभी सपा-कांग्रेस में भी ऊहापोह

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुरादाबाद लोकसभा सीट पर अभी तक न तो भाजपा, न सपा व कांग्रेस ने पत्ते नहीं खोले हैं। बसपा की ओर से भी प्रत्याशी का नाम सामने नहीं आया है। ऐसे में किसी भी दल के दावेदारों को यह समझ नहीं आ रहा है किसे टिकट मिलेगा, कौन लड़ाई से बाहर जाएगा। यहां की लोकसभा सीट पर वर्तमान में समाजवादी पार्टी के डॉ. एसटी हसन सांसद हैं। उनके सीटिंग सांसद होने की वजह से सपा में भी उनका दावा मजबूत है। वहीं गठबंधन को लेकर कांग्रेस व सपा दोनों इस पर अपना दावा जता रहे हैं। लेकिन 21 फरवरी को मुरादाबाद आए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस सीट पर अपना प्रत्याशी उतारने का संकेत देकर कांग्रेस को मायूस किया था। लेकिन भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर आकर राहुल गांधी व प्रियंका गांधी को देखने के लिए महानगर में जो भीड़ उमड़ी उसने सभी को चौंका दिया। उस भीड़ के प्रभाव का आंकलन करने में दल के दिग्गज जुटे रहे। उसके आधार पर कांग्रेस भी सीट पर अपना दावा जता रही है। अभी बसपा की ओर से भी प्रत्याशी घोषित न करने से सभी के सामने विकल्प खुले हैं।

- रामपुर से घनश्याम, संभल से परमेश्वर, नगीना सुरक्षित से ओम कुमार व अमरोहा से कंवर सिंह तंवर को भी कमल निशान मिला

किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी को भेजा जेल

मुरादाबाद, अमृत विचार : किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपी अभय उर्फ निक्कू को कटघर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरोगा संजय कुमार ने बताया कि पीड़िता की मां ने इस मामले में 20 फरवरी को थाने में अभियुक्त के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी।

इसमें पीड़िता की मां ने अभियुक्त पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप लगाया था। फिर इस संबंध में विवेचनात्मक कार्रवाई के आधार पर किशोरी को बरामद किया गया और साक्ष्य एवं बयान के आधार पर एफआईआर में अभियुक्त अभय उर्फ निक्कू के विरुद्ध किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोप में धारा की वृद्धि कर पॉक्सो एक्ट भी लगाया गया है। अभियुक्त अभय उर्फ निक्कू पुत्र चंद्रभान जैतिया सादुल्लापुर का रहने वाला है।

कोहरा खत्म होने के बाद भी विलंब से चल रहीं ट्रेनें, यात्री हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कोहरा खत्म होने के बाद भी रेल मंडल में ट्रेनों की लेटलतीफी में सुधार नहीं हो रहा है। जिसके चलते यात्रियों को दो से तीन घंटे तक का अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है। शनिवार को भी दून एक्सप्रेस व गुरुमुखी सुपरफास्ट ट्रेन समेत कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से दो से तीन घंटे तक देरी से पहुंची।

दिसंबर व जनवरी में कोहरे ने ट्रेनों की रफ्तार कम कर दी गई थी। जिसके चलते मंडल में ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंची रहीं थी। रेलवे अधिकारियों का दावा था कि कोहरा खत्म होते ही ट्रेनों के संचालन में सुधार आ जाएगा। लेकिन अधिकारियों का दावा फेल साबित हो रहा है। मौजूदा समय में कोहरा लगभग खत्म हो चुका है, लेकिन ट्रेनों के संचालन में अभी भी कोई सुधार नहीं आया है। जबकि दैनिक यात्रियों का कहना है कि ट्रेनों को रास्ते में रोककर खड़ा कर दिया जाता है। जिसके कारण ट्रेनें लेट हो रही हैं। शनिवार को दून एक्सप्रेस ट्रेन मुरादाबाद में एक घंटा 55 मिनट और गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस पांच घंटे 18 मिनट की देरी से पहुंची। जिसके कारण यात्रियों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। यात्रियों का कहना है कि कोहरा खत्म होने के बाद भी ट्रेनों के संचालन में सुधार नहीं हो पा रहा है। रेल प्रबंधन द्वारा स्थिति में सुधार के बार-बार दावे किए जाते हैं।

ट्रेन संख्या	नाम	कितनी देर रही विलंबित
15211	जन नायक	1 घंटा 27 मिनट
14603	अमृतसर जनसाधारण	1 घंटा 19 मिनट
12326	गुरुमुखी सुपर फास्ट	5 घंटे 18 मिनट
13151	जम्मूतवी एक्सप्रेस	1 घंटा 26 मिनट
13009	दून एक्सप्रेस	1 घंटा 55 मिनट
12327	उपासना एक्सप्रेस	14 घंटे 18 मिनट
15035	संपर्क क्रांति एक्सप्रेस	22 मिनट

दिक्कत

- प्रबंधन के तमाम दावों के बाद भी नहीं सुधरी स्थिति
- निर्धारित समय से दो से तीन घंटे तक देरी से पहुंच रहीं ट्रेनें

एक नजर

अनियंत्रित होकर फिसली बाइक, मजदूर घायल

हसनपुर, अमृत विचार : मजदूरी करके लौट रहा मजदूर बाइक फिसलने से घायल हो गया। उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव ओगपुरा निवासी प्रेम पुत्र उदल सिंह मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता है। वह थाना सैदनगली के कस्बा उझारी से मजदूरी करके शुक्रवार की रात घर लौट रहा था। बुरावली मार्ग स्थित गांव लठमार के निकट उसकी बाइक अचानक फिसल कर गिर गई। इसमें बाइक सवार प्रेम घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

अजीज कुरैशी के निधन पर मगफिरत की दुआएं

गजरौला, अमृत विचार : ब्लाक क्षेत्र के गांव सुनपुरा कला में स्थित मदरसा गोसुल रिजवीया में अल हिन्द मेव तंजीम के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी व सम्भल लोकसभा क्षेत्र के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क के निधन पर मगफिरत की दुआएं की। सेवानिवृत्त शिक्षक हाजी अब्दुल सलाम ने दोनों दिवंगत नेताओं के व्यक्तित्व पर रोशनी डाली और कहा कि उन्हें हमेशा उनका स्नेह मिला। उनके निमंत्रण पर ही नगलिया मेव में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल अजीज कुरैशी आए थे। शोकसभा में कारी यासीन, कारी इदरीश, बल्ले मलिक, कलवा, हाजी अनवार, मुन्ना खां, अबरार खां नबाबुद्दीन आदि मौजूद रहे।

पति पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, दी तहरीर

गजरौला, अमृत विचार : शहर निवासी एक युवक की शादी 2012 मे हुई थी। शादी के बाद वह परिवार के साथ गुजरात में रह रहा था। आरोप है कि दस जनवरी को उसने पत्नी से तलाक ले लिया। जानकारी पर पत्नी भी कोर्ट पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। पत्नी का आरोप है कि 15 जनवरी को तलाक लेने के बाद भी पति ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पति चार मार्च को दूसरी शादी कर रहा है। पीड़िता ने पति पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

बारिश और हवा से बदला मौसम का मिजाज, बढ़ी ठंडक

किसानों ने जताई गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान की आशंका, जलभराव से लोग हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : बारिश और हवा से मौसम का मिजाज बदल गया। इससे ठंडक बढ़ गई। हवा के साथ बारिश होने से गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। इससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। उधर नगर में कई जगह पानी भरने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार की शाम एकाएक मौसम ने करवट बदल ली। रात में बिजली की चमक के साथ बारिश होने लगी। शनिवार की सुबह भी बारिश हुई। इससे एक ओर जहां मौसम में ठंडक बढ़ गई और लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए, वहीं दूसरी और किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गईं। दोपहर में कुछ देर के लिए धूप निकली, लेकिन शाम को फिर हवा चलने से ठंडक और बढ़ गई। वैवाहिक कार्यक्रम करने वालों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार रविवार को भी बूंदाबांदी की संभावना है।

किसान सुरेंद्र सिंह, रामेंद्र सिंह और जितेंद्र ने बताया कि बारिश के साथ हवा चलने से गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान हुआ है। गेहूं की फसल लगभग तैयार है। हवा की वजह से कई जगह गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई। इसके अलावा नगर में कई स्थानों पर पानी भरने से राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

तेज हवा और बारिश से जमीन पर गिरी फसल। ● अमृत विचार

किसानों को होगा दोहरा नुकसान

वर्षा के कारण किसानों को दोहरा नुकसान होगा। एक तो फसल गिरने से उत्पादन कम होगा। दूसरा, फसल कटाई के लिए कामगारों को अधिक मजदूरी देनी होगी। किसान हेमंश शर्मा का कहना है कि वर्षा से किसानों को दोहरी मार पड़ेगी। वर्षा ऐसे समय में आई है, जब फसल पकने का समय है। फसल जमीन पर बिछने के कारण दाने का फुलाव कम होगा। इससे उत्पादन कम होगा। वर्षा के कारण फसल देर से पकेगी। इससे कटाई का कार्य भी देर से शुरू होगा। जहां पहले अप्रैल के पहले सप्ताह में गेहूं मंडी में पहुंच जाता था। यदि मौसम साफ रहा तो इस बार 25 मार्च के आसपास पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

बारिश में छाता लेकर स्कूल जाती छात्रा।

बारिश में स्कूल जाते बच्चे।

बदला मौसम का मिजाज, किसानों की बढ़ी चिंता

हसनपुर/बुरावली/गजरौला, अमृत विचार : बारिश से एक बार फिर मौसम बदल गया। इससे ठंडक बढ़ गई। इसने किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। बारिश के साथ तेज हवा चलने से गेहूं की फसल को नुकसान हो सकता है। सरसों की फसल को भी नुकसान होने की आशंका है। शनिवार की सुबह मौसम ने करवट बदली और बारिश शुरू हो गई। इसके चलते सर्दी बढ़ गई। किसान फसलों में नुकसान की आशंका के चलते परेशान हैं। इस समय गेहूं और सरसों की फसल तैयार हो रही है। तेज हवा एवं बारिश के चलते गेहूं, आलू, मटर, सरसों आदि की फसलों को नुकसान होने का डर है। मौसम में बढ़ी ठंड से लोगों ने एक बार फिर गर्म कपड़े निकाल लिए। बुरावली क्षेत्र में मौसम का बदला रुख देख किसानों की परेशानी बढ़ गई। शुक्रवार की देर शाम आसमान में काले बादल छा गए और रात करीब दस बजे झमाझम बारिश शुरू हुई। रात भर रुक-रुक कर बारिश होती रही। शनिवार की सुबह भी बारिश हुई। दोपहर करीब 12 बजे सूर्य देव के दर्शन हुए और धूप खिली। तीन बजे से मौसम का मिजाज फिर बदल गया। शाम को फिर से बादल छा गए। मार्च की पहली बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई। यह बारिश से फसलों के लिए नुकसानदायक बताई जा रही है। कुछ किसानों की सरसों की फसल खेतों में कटी पड़ी है। बारिश होने से सरसों को भारी नुकसान होने की आशंका है। उधर तेज हवा के कारण गेहूं की फसल गिर गई। किसानों का कहना है यदि आगे भी बारिश होती रही तो फसल बर्बाद हो जाएगी। गजरौला क्षेत्र में भी तेज हवा के साथ हुई बारिश से ठंड बढ़ गई है। शनिवार की सुबह बारिश के बीच बच्चे भीगते हुए स्कूल पहुंचे। वहीं किसानों ने बारिश से गेहूं व आलू की फसल को नुकसान बताया है। शुक्रवार देर शाम बदले मौसम के मिजाज ने लोगों को ठंड का अहसास कराया। स्कूल समय में बारिश की वजह से छात्र-छात्राएं भीगते हुए पहुंचे। किसानों का कहना है कि इस समय की बारिश से गेहूं व आलू की फसल को भारी नुकसान होने की आशंका है।

आकाशीय बिजली गिरने से उपकरण फुंके लाखों रुपये का नुकसान

हसनपुर, अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के एक गांव में आकाशीय बिजली गिरने से लगभग एक दर्जन घरों में बिजली के उपकरण फुंक गए। इससे लाखों रुपए का नुकसान हो गया।तहसील क्षेत्र के ग्राम करनपुर माफी में आकाशीय बिजली गिरने से लगभग एक दर्जन ग्रामीणों के घरों में विद्युत उपकरण फुंक गए। इससे लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। गांव निवासी मदन सैनी की छत पर पाइप में चूहा था। शनिवार की सुबह इस पर आकाशीय बिजली गिर गई। इससे मदन सैनी का इनवर्टर बैट्री और बिजली का मीटर खराब हो गया। मकान की छत में भी दरार पड़ गई। इसी के साथ मुकुट लाल, राजेंद्र, प्रेम सिंह, अर्जुन, फौजी, दयाराम, सतीश आदि के घर मे लगे इनवर्टर बैट्री व सबमर्सिबल की मोटर भी खराब हो गई। ग्रामीणों के अनुसार आकाशीय बिजली गिरने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

ईओ को ज्ञापन सौंपते शिवसेना के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

दुरुस्त की जाए सफाई व्यवस्था

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : मंदिरों पर सफाई व्यवस्था और दुरुस्त करने की मांग करते हुए शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को नगर स्थित पालिका कार्यालय में शिवसेना के नगर प्रमुख विकास यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र हुए और अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित को ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की कि शक्तिपीठ श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर जाने वाले मार्ग में गंदगी एवं जल भराव है। इसके कारण भक्तों को मंदिर आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। महाशिवरात्रि का पर्व आठ मार्च को है। इस दौरान हजारों श्रद्धालु मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। मांग की कि पालिका प्रशासन तुरंत सफाई व्यवस्था दुरुस्त करे। ताकि भक्तों को मंदिर आने-जाने में परेशानी ना हो। अधिशासी अधिकारी ने सफाई नायक को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ज्ञापन देने वालों में नगर प्रमुख विकास यादव, दीनदयाल यादव, मनु, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

बाइक की टक्कर से अधेड़ गंभीर रूप से घायल

गजरौला, अमृत विचार : सड़क किनारे पैदल जा रहे अधेड़ को बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मोहल्ला अवंतिका नगर निवासी शेर सिंह शनिवार की दोपहर बाजार की ओर जा रहे थे। इस दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी बाइक समेत फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। उन्होंने घायल को तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा सरकार में दलितों पर हो रहे अत्याचार : सचिन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया। धरना-प्रदर्शन कर जनता की समस्याओं के निस्तारण की मांग की। कहा कि मोदी सरकार में एमएसपी लागू नहीं हुआ है। छुट्टा पशुओं से किसानों को छुटकारा भी नहीं मिला है। भाजपा सरकार में गन्ने का मूल्य नहीं बढ़ा। धरना-प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट के बाहर एकत्र हुए। नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च कर हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। धरना-प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बैनर-पोस्टरों पर लिखा था छुट्टा पशुओं की समस्या का समाधान करो, किसानों के कर्ज माफ करो, युवाओं को रोजगार दो, डीजल-पेट्रोल के दाम कम करो, किसानों के बिजली बिल माफ करो, एमएसपी की गारंटी पर कानून बनाओ, पुरानी पेंशन योजना बहाल करो, सरकारी राशन वितरण प्रणाली में भ्रष्टाचार बंद करो, महंगाई और भ्रष्टाचार ख़त्म करो, यूपी में घरेलू गैस का सिलेण्डर 400 रुपये का करो, सुदेश जाटव हत्याकाण्ड की सीबीआई जांच करो।

धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोगों को धार्मिक और जातिगत आधार पर बांटकर देश में नफरत का माहौल पैदा कर रही है। जनता समस्याओं की ओर मोदी सरकार का ध्यान नहीं है। भाजपा की सरकारों ने किसानों, मजदूरों और युवाओं को ठगने का काम किया है।

जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि 12 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया गया है। मांग करते हुए कहा कि इन सामस्याओं का समाधान मोदी सरकार करे अन्यथा 14 मार्च को फिर से जिला कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे। भाजपा की सरकारों में दलित समाज पर लगातार अत्याचार हो रहे है।

रामपुर में 17 वर्षीय युवक की गोली लगकर हत्या हो गई। कांग्रेस इस हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग करती है। देश में अराजकता का माहौ है। कानून व्यवस्था बिलकुल चौपट है। इसके बाद कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। धरना-प्रदर्शन में अनीश विशाल अंसारी, फैज आलम रायनी, अब्दुल सत्तार सैफी, आसिम हुसैन साबरी, सचिन चौहान, राजकुमार अरुण, चौधरी सुखराज सिंह, तारिक मोहम्मद खान, नरेंद्र सिंह, जयपाल सिंह जाटव, हरिओम पुष्कर, मनोज कटारिया, अली इमाम रिजवी आदि शामिल रहे।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

कैंडल मार्च निकालते उप्र उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

यश मित्तल के हत्यारों को जल्द से जल्द दी जाए फांसी

संवाददाता, आदमपुर

अमृत विचार : गजरौला निवासी यश मित्तल के हत्यारों को जल्द से जल्द फांसी दी जाए। ढबारसी के वृन्दावन धाम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में यश मित्तल की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर कैंडल मार्च निकाला।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार यश मित्तल के हत्यारों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई करे जिससे भविष्य में ऐसी घटना करने वाले लोगों की रूह कांप जाए।

श्रद्धांजलि में अतुल गोयल, शिव ओम गुप्ता, दीपक मावी, अमित त्यागी, ऋतिक सिंघल, आशू गोयल, विख्यात गोयल, तुषार गोयल, अमन अग्रवाल, आदित्य त्यागी आदि मौजूद रहे।

पॉश कॉलोनी में गंदगी से क्षेत्रवासी परेशान

अमरोहा, अमृत विचार : शहर की पॉश कॉलोनी आवास विकास के मुख्य मार्ग पर गंदगी से लोग परेशान है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार से समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि कॉलोनी वासी कूड़ा शहर के मुख्य गेट से सटे खाली स्थान पर डालते हैं। इससे दुर्गंध आती है। इसकी वजह से यहां से गुजरने वालों को काफी परेशानी का सामनना करना पड़ता है। नगर पालिका प्रशासन का भी इस ओर ध्यान नहीं है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि शहर की पॉश कॉलोनी से कूड़ा हटाया जाए एवं लोगों को सचेत किया जाए कि खाली स्थान पर कूड़ा न डालें। अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जल्दी कूड़ा हटाकर लोगों को सचेत किया जाएगा।

खाना बनाते समय सिलेंडर फटने से सात लोग झुलसे

संवाददाता, बुरावली

अमृत विचार : मंढ़े का खाना बनाते समय अचानक सिलेंडर फट गया। इसकी चपेट में आकर सात लोग झुलस गये। इनमें तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया।

मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव खनौरा का है। यहां रहने वाले शीशराम के पुत्र परवीन की बरात दो मार्च को गांव भीमा जानी थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थीं। शुक्रवार की शाम मंढ़ा था। मेहमानों के लिए खाना बनाया जा रहा था। इस दौरान तेज धमाके के साथ अचानक सिलेंडर फट गया। सिलेंडर के परखच्चे उड़ गए।

धमाका सुनकर गांव के लोग घटनास्थल की और दौड़े। आनन-फानन में झुलसे लोगों को ग्रामीणों की सहायता से हसनपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें तीन लोगों की हालत गंभीर बनी है। बताया जा रहा है कि हादसा सिलेंडर में लीकेज के चलते हुआ।

सिलेंडर की चपेट में आकर शीशराम, उनका बेटा परवीन, ओमपाल, हरपाल, सौरभ, सुमित व सुखवीर बुरी तरह झुलस गए। पड़ोसियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। हरपाल, सौरभ और ओमपाल की हालत गंभीर बताई जा रही है।

अस्पताल में भर्ती झुलसे लोग।

▸▸ घायलों में तीन लोगों की हालत गंभीर, मचा हड़कंप

महिला के शव की पांच दिन बाद भी शिनाख्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : अज्ञात महिला की 20 टुकड़ों में मिले शव के मामले में पुलिस के हाथ अभी तक खाली है। पांचवें दिन भी पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है। वहीं पुलिस की पांच टीम घटना के खुलासे में लगी हैं।

उल्लेखनीय है कि पांच दिन पहले नौगावां सादात थाना क्षेत्र के खेतापुर गांव के पास सड़क किनारे अज्ञात महिला का शव मिला था। महिला के 20 टुकड़े किये गए थे। हत्यारे ने टुकड़ों को थैलों में बंद कर सड़क किनारे फेंक दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य भी एकत्र किए थे। नौगावां सादात थाने के प्रभारी पंकज तोमर ने बताया कि अभी तक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसकी पहचान कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस की पांच टीम काम कर रही हैं। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

संगोष्ठी हमारा एक वोट सरकार बना भी सकता है और गिरा भी सकता है : डॉ. नीति शर्मा

छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें स्वयंसेवियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

शनिवार को झम्मनलाल पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन संगोष्ठी हुई। राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर विवेक शर्मा ने मतदाता जागरुकता अभियान के तहत कहा कि लोकतंत्र के माध्यम से ही हमें वोट देने का अधिकार मिला है। मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा ने कहा आज भी बहुत लोग मतदान के प्रति जागरुक नहीं है। हमें भूलना नहीं चाहिए कि प्रत्येक वोट बेहद कीमती है। हमारा एक वोट सरकार बना भी सकता है और गिरा भी सकता है। इसलिए मतदान के प्रति सभी को जागरुक होने की आवश्यकता है। इसके बाद मतदान की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, डॉ. हृदेश कुमार आदि मौजूद रहे।

छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करते विवेक शर्मा। ● अमृत विचार

रैली निकालते स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

स्वयंसेवियों ने दो गांवों में रैली निकालकर युवा शक्ति को पढ़ाई के प्रति किया जागरूक

हसनपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित सात दिवसीय शिविर के में स्वयंसेवियों ने दो गांवों में रैली निकालकर युवा शक्ति को पढ़ाई के प्रति जागरूक किया। शनिवार को सरदार बेगम मेमोरियल डिग्री कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के दूसरे दिन कालाखेड़ा व कनैटा में रैली निकालकर ग्रामवासियों का उत्साह बढ़ाया। स्वयंसेवियों ने स्लोगन लिखी तख्तियां हाथों में लेकर युवा शक्ति का समर्थन किया। पढेगा युवा, बढ़ेगा समाज के नारे लगाते हुए हर गली में युवा शक्ति की अलख जगाने के साथ ही युवाओं को समाज के हर क्षेत्र में आने का संकल्प दिलाया। स्वयंसेवियों ने युवाओं को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. नसरे आलम, डॉ. शाह आलम सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

एक नजर

दंपती के साथ की मारपीट महिला घायल

धनारी,अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र धनारी बालू शंकर पट्टी में देर रात कुछ लोगों ने शीला व उसके पति सूबेदार के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में शीला घायल हुई है। आरोप है कि महेंद्र ,ललवती,प्रेमवती व रामा देवी गाली गलौज कर रहे थे। सूबेदार ने विरोध किया तो यह लोग सूबेदार को पीटने लगे। शीला पति को बचाने के लिए पहुंची तो हमलावरों ने उसके साथ भी मारपीट की। मारपीट में शीला घायल हो गई। थाना प्रभारी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

पुत्रवधु से मारपीट के विरोध पर पिता को पीटा

धनारी,अमृत विचार : थाना धनारी क्षेत्र के गांव मानकपुर निवासी आराम सिंह ने अपने पुत्र नेम सिंह पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। आराम सिंह का कहना है कि बेटा नेम सिंह अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता है। हम लोग कुछ कहते हैं तो हमारे साथ भी मारपीट करने लगता है। जान से मारने की धमकी भी देता है। थाना प्रभारी नरेश सिंह ने बताया कि जल्द ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पॉक्सो का आरोपी गिरफ्तार

धनारी,अमृत विचार : थाना धनारी पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी पुलिस गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी नाम भूरे पुत्र सोनपाल निवासी बिचपुरी भूड़ काफी समय से फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है।

किसानों के मुद्दों को लेकर 11 को होगी महापंचायत

संभल अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन शंकर की बैठक गांव शरीफपुर में हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। 11 मार्च को एडीएम कार्यालय परिसर संभल में होने वाली महापंचायत की रणनीति बनाई गई। किसानों से महापंचायत को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान कामेंद्र चौधरी, मिंकू चौधरी, ओमपाल सिंह, मास्टर राजवीर, करणपाल सिंह, खेमपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुखपाल गुर्जर, नानक कश्यप आदि मौजूद रहे।

चंदौसी के फडियाई बाजार में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाते भाजपाई। ● अमृत विचार

परमेश्वर लाल सैनी को टिकट मिलने पर बांटी मिठाई

कार्यालय संवाददाता, चंदौसी

▸▸ भाजपाइयों में खुशी की लहर पार्टी हाईकमान के निर्णय की सराहना की

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव का बिगुल कभी भी बज सकता है। सभी राजनीतिक पार्टिया अपने अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर रही हैं। संभल लोकसभा से भाजपा ने परमेश्वरलाल सैनी को प्रत्याशी घोषित किया तो भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई । शनिवार देर शाम टिकट की घोषणा होने पर फड़ियाई बाजार में भाजपा नेता अरविंद कुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान पर भाजपाई एकत्र हुए और एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी मनाई। साथ ही पार्टी हाईकमान के निर्णय की सराहना की। कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव में जीत दिलाने का आह्वान किया । इस अवसर पर विनोद कुमार बिन्नी, धीरेंद्र यादव, अरविंद कुमार गुप्ता, गिरीश रतन, मनोज दिवाकर, टीएस पाल, तरुण नीरज, हरेंद्र कोहली, शीनू गुप्ता, शीला सागर, अभिनव शर्मा, मनोज वार्ष्णेय, नरेंद्र आचार्य, आनंद अग्रवाल, अजय राजभर, अमित गुप्ता आदि थे।

बहजोई के गांव बहटा जयसिंह में जिला पंचायत अध्यक्ष ने मॉडल शॉप का किया उद्घाटन

मॉडल शॉप पर खाद्यान्न समेत मिलेंगी कई सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल शॉप) तथा ई वेइंग स्केल युक्त ईपोस मशीन का लोकार्पण किया। वहीं स्थानीय स्तर पर बहजोई के गांव बहटा जयसिंह में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ने मॉडल शॉप का उदघाटन किया और जानकारी दी।

शनिवार को गांव बहटा जयसिंह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.अनामिका यादव ने नवनिर्मित मॉडल शॉप का फीता काटकर उदघाटन किया। कहा कि इन दुकानों का निर्माण कार्डधारकों को खाद्यान्न के अतिरिक्त अन्य जनसुविधाओं को गांव में ही सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। मॉडल शॉप पर जन सेवा केंद्र की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। जिस पर ग्रामीण नए राशन कार्ड आवेदन, राशनकार्ड संशोधन के साथ-साथ आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र व अन्य विभाग की योजनाओं से संबंधित ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। मॉडल शॉप पर जनोपयोगी अन्य आवश्यक वस्तुएं भी रहेंगी। वितरण को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए ई वेइंग मशीन युक्त ईपोस मशीनों का प्रयोग किया जाएगा। इस दौरान चेयरमैन बहजोई राजेश शंकर राजू, एडीएम प्रदीप वर्मा, डीडीओ, बीडीओ, डीएसओ, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, प्रधान, सचिव और ग्रामीण मौजूद रहे।

मॉडल शाप का उद्घाटन करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ .अनामिका यादव। ● अमृत विचार

बारिश व तेज हवा से सरसों व गेहूं फसल को क्षति

जिले में रिमझिम बारिश, मौसम हुआ सर्द ,भीगते हुए स्कूलों तक पहुंचे बच्चे, किसानों की चिंता बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : जनपद में मौसम बिगड़ जाने से सर्दी का अहसास फिर होने लगा। रिमझिम बारिश और तेज हवा के कारण जहां लोग गर्म कपड़ों में लिपटने लगे। वहीं किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गईं। तेज हवा की वजह से खेतों में गेहूं और सरसों की फसल बिछ गई। अगर बारिश ज्यादा हुई तो फसलों में नुकसान भी बढ़ने की आशंका है।

कई दिनों से धूप निकल आने पर ऐसा लग रहा था कि जैसे अब सर्दी चली गई। इस बीच शुक्रवार को मौसम ने फिर से करवट ली। शाम से ही आसमान में काले बादल उमड़े। आसमान में बिजली की गड़गड़ाहट के साथ देर रात में बारिश हुई। शनिवार को दिन निकला तो आसमान में काली घटा छाई रही और रिमझिम बारिश भी हुई। इस बीच बच्चे भीगते हुए स्कूलों तक पहुंचे। बारिश रुकी लेकिन तेज हवा चलती रही। लोग गर्म कपड़ों नजर आए। वहीं खेतों पर पहुंचे किसानों में चिंता का माहौल बन गया। खेतों में सरसों और गेहूं की फसल बिछ गई। बारिश और तेज हवा चलने के कारण फसलों को नुकसान हुआ।

हालांकि दिन में धूप भी खिली लेकिन राहत नहीं मिल पाई। शाम को फिर से आसमान में काले बादल छाये तो सर्दी का अहसास बढ़ा रहा।

संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, गवां और रजपुरा क्षेत्र में मौसम बिगड़ने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

संभल के सौंधन में बरसात व आंधी से गिरी गेहूं व सरसों की फसल। ● अमृत विचार

संभल के ओबरी में बरसात के बीच स्कूल से आते बच्चे। ● अमृत विचार

किसानों की मेहनत पर फिरा पानी

संभल/सौंधन अमृत विचार : बारिश और तेज हवा चलने से गांव सौंधन मोहम्मदपुर के अलावा सिहावली, नारंगपुर, गौंहत, शकरपुर, चाचूनागल, सारंगपुर, खिरनी आदि में गेहूं की फसल बिछ गई। किसानों की छह महीने की मेहनत पर पानी फिर गया। किसानों का कहना रहा कि मौसम बिगड़ने से गेहूं का दाना काला पड़ जाएगा। जिस कारण उत्पादन कम होगा। किसानों ने ऊपरवाले से फसल के अनुकूल मौसम होने की प्रार्थना शुरू कर दी।

बारिश होती रही तो बर्बाद हो जाएगी फसल

गुन्नौर अमृत विचार : क्षेत्र में बेमौसम बारिश होने के साथ हवा चली तो किसानों की चिंता बढ़ गई। तेज हवा से खेतों में गेहूं और सरसों की फसल गिर गई। गांव दौलतपुर निवासी किसान अशोक यादव का कहना रहा कि दिन रात छुट्टा गोवंश की निगरानी कर फसल तैयार की। अब बारिश आफत बनकर बरस पड़ी। जिससे सरसों और गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई। पकी सरसों की फसल को नुकसान पहुंचा है। गेहूं का उत्पादन भी प्रभावित होगा। फिलहाल, किसान मौसम के मिजाज को देखकर चिंतित हैं। अगर बारिश होती रही तो पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी। खेतों में पानी भरने से आलू की फसल भी प्रभावित होगी।

बारिश और तेज हवा से विद्युत आपूर्ति हुई बाधित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ कई जगह हाईटेंशन लाइन पर गिरी पेड़ की टहनी हटवाई गई

▸▸ छह घंटे बाद सुचारु हुई आपूर्ति से उपभोक्ताओं ने ली राहत की सांस

अमृत विचार : तेज हवा और बारिश से मौलागढ़ फीडर के कई मोहल्लों व कालोनियों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। सुबह के समय बिजली गुल होने से लोगों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ा। तेज हवा से कुछ स्थानों पर विद्युत लाइन पर पेड की टहनियां टूटकर गिर गईं। जिसे हटाने में कर्मचारियों को परेशानी हुई। छह घंटे बाद विद्युत आपूर्ति सुचारु होने पर लोगों ने राहत महसूस की।

शुक्रवार देर रात से तेज हवा के चलते हल्की बारिश शुरू हो गई थी। शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तेज बारिश शुरू हो गई। जिससे सुबह नौ बजे मौलागढ़ विद्युत केंद्र के पंचशील कॉलोनी, प्रेम नगर, विकास नगर, गांव मौलागढ़, आवास विकास, आंशिक शक्ति नगर, बहजोई रोड़, संगम विहार सहित कई कॉलोनियों व मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इसके बाद उपभोक्ताओं ने बिजली गुल होने पर विद्युत अधिकारियों को फोन करने शुरू किए।

बताया गया कि कुछ स्थानों पर फाल्ट हो गए है, जिन्हें सही कराया जा रहा है। जबकि संभल तिराहा व गांव नेहटा से पुरा के बीच विद्युत लाइन पर पेड़ की टहनियां टूटकर गिर गई हैं। जिससे फाल्ट हो गया। इन टहनियों को विद्युत कर्मचारियों द्वारा हटाया जा रहा है।

बिजली आपूर्ति ठप होने पर लोगों को पेयजलापूर्ति का संकट झेलना पड़ा। जिससे महिलाओं को घरेलू कार्य के लिए पानी नहीं मिल सका। अपराह्न तीन बजे विद्युत आपूर्ति सुचारु होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। इसके अलावा सुभाष रोड पर हाईटेंशन लाइन में फाल्ट के चलते विद्युत आपूर्ति ठप रही।

गवां के मोलनपुर में हरिबाबा महाराज की परिक्रमा यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

21 कोसीय परिक्रमा में उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता,गवां/बबराला

अमृत विचार : श्री हरि बाबा लीला स्थली की 21 कोसीय परिक्रमा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दो दिवसीय परिक्रमा यात्रा का रविवार को हरि बांध धाम पर ही समापन होगा।

शनिवार सुबह श्री हरि बांध से शुरू 11वीं परिक्रमा यात्रा शुरू हुई। जिसमें हरि बोल के जयघोष की गूंज सुनाई दी। रिमझिम बारिश के बावजूद उत्साह से लबरेज श्रद्धालुओं की टोलियां और साधु संत ढोल-मंजीरे की आवाज पर थिरकते हुए चल रही थी। श्रद्धालु गांव सिलारे, उम्मेदपुर, गवां, मुटैना, निजामपुर होते हुए बेल बाबा आश्रम ईसापुर पर पहुंचे तो स्वागत हुआ। यहां प्रसाद की व्यवस्था रही। यहां से बरौरा, श्री हरिबाबा मंदिर भिरावटी से हिरौनी और सैंडोरा होते हुए देर शाम रजपुरा में रात्रि विश्राम के लिए परिक्रमा यात्री रुके। रविवार सुबह यात्रा रजपुरा से अगले पड़ाव के लिए रवाना होगी। बताते चलें कि तहसील के गवां और आसपास क्षेत्र को ख्यातिलब्ध संत हरि बाबा की लीला स्थली कहा जाता है। श्री हरिबाबा बांध ट्रस्ट की ओर से प्रतिवर्ष फाल्गुन कृष्ण षष्ठी को बांध क्षेत्र के आसपास 21 कोसीय परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया जाता है। परिक्रमा यात्रा के दौरान हरे कृष्ण ब्रह्मचारी, द्रोपदी शर्मा, मीरा समेत तमाम श्रद्धालु रहे।

रोवर्स-रेंजर्स ने मंकी ब्रिज बनाकर दिखाई प्रतिभा

संभल/जुनावई, अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय जुनावई में चल रहे पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ।

शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर यज्ञ देव शर्मा एवं मुख्य अतिथि प्राचार्य जनता इंटर कॉलेज जुनावई मधुप कुमार आर्य, रेंजर्स प्रभारी डॉ. शिप्रा एवं रोवर्स प्रभारी डॉ. अवधेश कुमार की मौजूदगी में हुआ। रोवर्स और रेंजर्स ने तंबू निर्माण, नदी नालों को पार करने के लिए मंकी ब्रिज, सीमित साधनों से झूला निर्माण, शारीरिक प्रदर्शन, कमल निर्माण, चक्र मीनार निर्माण तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। उत्तराखंड रेंजर्स टोली प्रथम, जम्मू कश्मीर रोवर्स टोली द्वितीय और पश्चिम बंगाल रेंजर्स टोली तृतीय स्थान पर रही। इस दौरान डॉ. विजय कुमार, डॉ.विमल कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ.हेमंत कुमार, अतुल कुमार, डॉ. आराधना वर्मा, अखिलेश यादव, राजकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

शालिनी को अटल टिंकरिंग लैब उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान

कार्यालय संवाददाता,संभल

▸▸ भारत सरकार के नीति आयोग ने देश के 58 शिक्षकों को दिया है यह सम्मान

▸▸ उत्तर प्रदेश के पांच शिक्षकों को दिया गया है सम्मान

अमृत विचार: बाल विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संभल की विज्ञान विभाग की शालिनी बिंद्रा को भारत सरकार के नीति आयोग के अंतर्गत अटल इनोवेशन मिशन द्वारा अटल टिंकरिंग लैब उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया है।

प्रधानाचार्य मनीष पंवार ने बताया कि यह सम्मान शालिनी बिंद्रा के द्वारा किए गए अत्यधिक उत्कृष्ट काम की पहचान का एक तरीका है। जो छात्रों, समुदाय और अटल टिंकरिंग लैब के लिए समय के साथ किया गया है।

देश में कुल 85 शिक्षकों को इस उपाधि से सम्मानित किया गया है। इनमें से 9 शिक्षक उत्तर प्रदेश से हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय में एटीएल छात्रों और शिक्षकों को प्रोत्साहित कर रहा है कि वह प्रयोग करें, खोजें और आत्म-अध्ययन के मार्ग पर चलें। विद्यालय के प्रबंधक हरीश चंद्र गर्ग ने शालिनी की उत्कृष्ट उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसी लगन के साथ आगे बढ़ने का जज्बा सभी कायम रखें।

शालिनी बिंद्रा। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

खलील उल उलूम जूनियर हाईस्कूल में छात्राओं को सम्मानित करते पूर्व विधायक शरीयतुल्ला।

सीनियर छात्र-छात्राओं को समारोह पूर्वक दी गई विदाई

संभल, अमृत विचार : खलील उल उलूम जूनियर हाईस्कूल में कक्षा आठ के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक शरियतुल्ला ने की। नसीम अहमद, उरूज आलम, आरिफ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कक्षा सात के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर छात्र-छात्राओं को भविष्य के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। कक्षा आठ की छात्रा सोफिया, माहेरीन ने संयुक्त रूप से अपने ख्याल का इज़हार करते हुए कहा कि अब न वो यारों की महफिल होगी न वो कारवां होगा,बस अकेले हम और खुला आसमां होगा। प्रधानाचार्य जुनैद इब्राहिम ने अपने बच्चों को शानदार भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक शरीयतुल्ला ने कहा कि जिस तरह इस स्कूल में अच्छी शिक्षा ग्रहण की उसी तरह आगे भी अपनी पढ़ाई पर ध्यान देकर बच्चे अपना भविष्य बनाने का काम करें। कामयाबी का वह मुकाम हासिल करें जिससे स्कूल भी कह सके कि इस कामयाब इंसान ने हमारे स्कूल में शिक्षा ग्रहण की थी। कार्यक्रम का संचालन सुआलेहा खातून और सना परवीन ने किया।

संभल में तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कांग्रेसियों ने उठाई रामपुर घटना की न्यायिक जांच की मांग

संभल, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर कांग्रेसियों ने रामपुर के गांव सिलाई बड़ा की घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग उठाई। शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद के नेतृत्व में अनुसूचित विभाग के लोगों और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर कहा कि रामपुर के गांव सिलाई बड़ा में पार्क में डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर लगाने को लेकर हुए विवाद में अनुसूचित जाति के 17 वर्षीय सुमेश की पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी। वह 10वीं की बोर्ड परीक्षा देकर घर लौट रहा था। सबूत छिपाने के लिए सुमेश का जल्दबाजी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। जैसा कि हाथरस प्रकरण में पुलिस द्वारा किया गया था। मामले में एफआईआर दर्ज हुई है। कांग्रेसियों ने घटना की न्यायिक जांच कराकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई। इस दौरान शिवकिशोर गौतम, सुनील कुमार, दाऊद पाशा, अकील अहमद, डॉ. सलाहउद्दीन, मुअज्जम हुसैन, अमित उठवाल, फुरकान कुरैशी, जीतपाल सिंह, बिट्टू सिंह, इस्तखार कुरैशी, शमीम अब्बास, रईस मसूदी, राहत जान, मोहम्मद असलम, मुमताज हुसैन आदि रहे।

छात्रों को कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करें शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ राजकीय महाविद्यालय में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी में युवाओं को रोजगार के लिए कौशल प्रशिक्षण का महत्व बताया गया। शिक्षकों से कहा कि वह छात्रों को कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करें।

राजकीय महाविद्यालय में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व निदेशक उच्च शिक्षा डॉ.प्रीति गौतम, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय पीलीभीत डॉ.रेखा कुलश्रेष्ठ रहीं। डॉ.पुष्पेंद्र कुमार, डॉ.संध्या सक्सेना, डॉ.अनीता देवी, डॉ.विशाल दुबे, डॉ.वीरेंद्र कुमार, डॉ.राधेश्याम गिरी का स्वागत व अभिनंदन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ.प्रीति गौतम ने कहा कि उच्च शिक्षा कौशल विकास से संबंधित है। देश में 60 प्रतिशत युवा आबादी को रोजगार दे पाना संभव नहीं है। इसलिए सरकार ने कौशल विकास मिशन शुरू किया है। शिक्षकों को छात्रों को कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करना चाहिए। प्राचार्य डॉ.प्रभा शर्मा ने भी विचार रखे। द्वितीय तकनीकी सत्र में महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों से आए छात्रों एवं शिक्षकों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। जन शिक्षण संस्थान गाजियाबाद के निदेशक डॉ.राजेंद्र सिंह ने जेएसएस के कार्यों और उद्देश्यों पर विचार रखे। मुख्य अतिथि प्राचार्य एमजीएम कॉलेज डॉ.योगेंद्र सिंह ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। हमारी शिक्षा कौशल विकास पर केंद्रित होना चाहिए। जिससे युवाओं को रोजगार मिल सकें। डॉ.राष्ट्रवर्धन ने आभार जताया। संचालन डा.जीत सिंह तथा डॉ.नौमी प्रिया ने किया।

राजनीति | पिछले चुनाव में सपा बसपा गठबंधन की वजह से हार गये थे सैनी मगर पाये थे रिकार्ड वोट

संभल में फिर परमेश्वर लाल सैनी पर लगाया दांव

भीष्म सिंह देवल,संभल

अमृत विचार: संभल लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी का टिकट पाने के लिए आधा दर्जन उम्मीदवारों की मजबूत दावेदारी के बीच पार्टी ने एक बार फिर से परमेश्वर लाल सैनी पर दांव लगाया है। परमेश्वर लाल सैनी सपा-बसपा गठबंधन के समीकरण में भले ही चुनाव हार गये थे लेकिन उन्होंने रिकार्ड वोट हासिल किये थे। पिछले चुनाव में मिले मतों के साथ ही चुनाव हारने के बाद पांच साल जनता के बीच सक्रियता को परमेश्वर लाल सैनी के टिकट का आधार बताया जा रहा है।

भारतीय जनता पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में परमेश्वर लाल सैनी को संभल सीट से चुनाव मैदान में उतारा था। समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी के बीच गठबंधन के हालात में वह चुनाव हार गये थे लेकिन उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में सबसे ज्यादा वोट हासिल करने का रिकार्ड बनाया था। परमेश्वर लाल सैनी को 4 लाख 83 हजार 180 वोट मिले थे।

इससे पहले 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सतपाल सैनी को 3 लाख 60 हजार 242 वोट मिले थे। हालांकि इतने मतों से ही सतपाल सैनी चुनाव जीत कर संभल के सांसद चुने गये गये। 2009 के लोकसभा चुनाव की बात की जाये तो उस समय भाजपा ने चंद्रपाल उर्फ पप्पू चौधरी को चुनाव मैदान में उतारा था जिन्हें 1 लाख 23 हजार 166 वोट मिले थे। पिछले चुनाव के प्रदर्शन के साथ ही चुनाव हारने के बाद जनता व पार्टी के बीच पांच साल की परफार्मेंस भी परमेश्वर लाल सैनी के टिकट का आधार बनी है। परमेश्वर लाल सैनी चुनाव हारने के बाद भी क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहे।

▸▸ धरी रह गई दिग्गजों की दावेदारी इस बार संभल सीट से आधा दर्जन उम्मीदवार कर रहे थे दावेदारी

परमेश्वर के टिकट से वेस्ट यूपी में साधी सैनी बिरादरी

संभल,अमृत विचार : सैनी बिरादरी को भारतीय जनता पार्टी का परंपरागत वोट बैंक माना जाता है। ऐसे में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कम से कम एक टिकट सैनी बिरादरी को देने की बात पार्टी की और से काफी पहले ही साफ कर दी गई थी। अमरोहा सहित वेस्ट की कई सीटों पर सैनी टिकट दावेदारों की वजह से संशय बना था कि सैनी बिरादरी को किस सीट पर टिकट दिया जायेगा। इस बार अमरोहा से भी सैनी को टिकट के लिए मजबूत पैरवी की जा रही थी। शनिवार को भाजपा ने संभल सीट पर परमेश्वर लाल सैनी को टिकट देकर सभी कयासों पर विराम लगा दिया।

कौन हैं परमेश्वर लाल सैनी

नाम-परमेश्वर लाल सैनी

पिता का नाम-डूंगरमल सैनी

जन्म तिथि-5 अप्रैल 1954

परिवार जन-दो पुत्र (विवाहित) ,एक पुत्री (विवाहित),दो पौत्री,दो पौत्र

व्यवसाय-संजीवनी ब्रांड चाय के निर्माता एवं संजीवनी टाउनशिप

पता- संजीवनी वाटिका,निकट ग्राम आटा,तहसील चंदौसी जनपद संभल

भाजपा में दायित्व-प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

राजनीतिक पृष्ठ भूमि

सदस्य विधान परिषद (स्थानीय निकाय)-2010 से 2016

पूर्व भाजपा प्रत्याशी संभल लोकसभा क्षेत्र-2019

संघ आयु-45 वर्ष

कई सामाजिक व व्यापारिक संगठनों में महत्वपूर्ण दायित्व।

एक नजर

किसानों के मुद्दों को लेकर 11 को महापंचायत

संभल अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन शंकर की बैठक गांव शरीफपुर में हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। 11 मार्च को एडीएम कार्यालय परिसर संभल में होने वाली महापंचायत की रणनीति बनाई गई। किसानों से महापंचायत को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान कामेंद्र चौधरी, मिंकू चौधरी, ओमपाल सिंह, मास्टर राजवीर, करणपाल सिंह, खेमपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुखपाल गुर्जर, नानक कश्यप आदि मौजूद रहे।

बाजार से बाइक चोरी, दी तहरीर

चन्दौसी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के बिसौली गेट स्थित गली से किसान की बाइक चोरी हो गई। बाइक चोरी की तहरीर कोतवाली में दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव करेली निवासी अमन कुमार ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि वह सामान लेने बिसौली गेट गया था और बाइक सड़क किनारे गली में खड़ी कर दी थी। इसके बाद वह सामान लेने दुकान पर चला गया। कुछ देर बाद जब लौटा तो उसकी बाइक वहां नहीं थी। उसने बाइक की कई स्थानों पर खोजबीन की। मगर बाइक का कोई सुराग नहीं लगा।

संभल पहुंचे आरटीओ प्रशासन बरेली

संभल अमृत विचार : आरटीओ प्रशासन बरेली कमल गुप्ता शनिवार को संभल एआरटीओ कार्यालय पहुंचे। उन्होंने यहां एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज से बातचीत की। आरटीओ प्रशासन बरेली के यहां आने को लेकर चर्चा का माहौल बना रहा। चर्चा रही कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के दौरान एआरटीओ की गैर मौजूदगी को लेकर जांच का मामला हो सकता है। वहीं गाड़ी की फिटनेस प्रकरण को लेकर भी जांच चल रही है। जिसके सिलसिले में आरटीओ प्रशासन यहां आए और जानकारी हासिल की गई। हालांकि एआरटीओ प्रशासन डा.पीके सरोज ने सिर्फ इतना बताया कि आरटीओ प्रशासन बरेली व्यक्तिगत काम से आए थे।

बारिश के चलते फीका रहा समाधान दिवस

संभल में विभिन्न विभागों की सिर्फ 14 शिकायतें आईं, अधिकारी फरियादियों का इंतजार करते नजर आए

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : जनपद में बारिश से मौसम बिगड़ने का असर संपूर्ण समाधान दिवस पर भी पड़ा। संभल में समाधान दिवस में फरियादी नाममात्र के लिए ही पहुंचे। अधिकारी फरियादियों का इंतजार करते नजर आए। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की 14 शिकायतें दर्ज हुईं।

नई तहसील सभागार में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। दोपहर 12 बजे तक इक्का दुक्का फरियादी ही समाधान दिवस में पहुंचे। अधिकारियों ने समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों के जिम्मेदारों को निर्देश दिए। इसके बाद भी फरियादियों की संख्या नहीं बढ़ सकी और अधिकारी इंतजार करते हुए नजर आए। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 9, पुलिस विभाग की 2, विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग और अन्य की 1-1 शिकायत दर्ज हुई। मौके पर एक भी शिकायत का समाधान नहीं हो सका। इस दौरान तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर, अनुज कुमार सिंह, बीडीओ संभल प्रेमपाल सिंह आदि अधिकारी रहे।

संभल में समाधान दिवस में शिकायतें सुनते एसडीएम विनय मिश्रा व अन्य।

चन्दौसी में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनते एडीएम। ● अमृत विचार

गुन्नौर में दर्ज हुईं 72 शिकायतें, सिर्फ दो का समाधान

गुन्नौर, अमृत विचार : तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने शिकायतें सुनी। समाधान दिवस में 72 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें राजस्व विभाग की 29, पुलिस विभाग की 11, चकबंदी विभाग की 9, पूर्ति विभाग की 11, नगर पंचायत की 4, विद्युत व ग्राम्य विकास कार्यालय की दो-दो शिकायतें आईं। अधिकारियों ने मौके पर राजस्व विभाग की दो शिकायतों का निस्तारण करा दिया। अन्य शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के लिए सौंपा गया। सीडीओ ने पूर्व के समाधान दिवस में आईं शिकायतों की समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को लंबित शिकायतों को अविलंब निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम रमेश बाबू, तहसीलदार सारा अशरफ, एसीएमओ डॉ.पंकज कुमार विश्नोई, अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार मौजूद रहे।

दर्ज हुईं 42 शिकायतें, केवल तीन निस्तारित

चन्दौसी, अमृत विचार : संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी व एसडीएम ने शिकायतें सुनीं। मौसम खराब होने के कारण महज 42 शिकायतें दर्ज हुईं। जिसमें राजस्व विभाग की तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर दिया। शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। एडीएम प्रदीप कुमार वर्मा व एसडीएम नीतू रानी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। शनिवार सुबह से हो रही बूंदाबादी के चलते समाधान दिवस में कम लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमें राजस्व विभाग की 20, पुलिस की छह, चकबंदी विभाग की तीन, विकास विभाग की तीन, खाद्य एवं रसद विभाग चार, समाज कल्याण विभाग की एक व अन्य पांच शिकायतें शामिल रहीं। कुल 42 शिकायतों में से तीन राजस्व विभाग की शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पड़ोसी ने किया युवती से दुष्कर्म का प्रयास

संभल, अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में मुहल्ले के ही युवक ने युवती को कमरे में खींचकर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। शिकायत करने पर युवक के परिजनों पर गाली गलौज करने और धमकी देने का भी आरोप है।

युवती ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर कहा कि शुक्रवार की सुबह दस बजे अकेली घर में झाड़ू लगा रही थी। परिजन उस समय खेत पर काम करने गए हुए थे। आरोप है कि मुहल्ला का युवक घर में घुस आया। युवक ने कपड़े से युवती का मुंह दबा लिया और जबरदस्ती खींचकर युवती को कमरे में ले गया। दरवाजा बंद कर युवक युवती के साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। किसी तरह से युवती ने अपने आप को युवक से छुड़ाया और कमरे का दरवाजा खोलकर शोर मचा दिया। जिसके बाद युवक घर से भाग गया।

गांव गुमथल में नशे से दूर रहने की अपील करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

रासेयो शिविर में दीप प्रज्ज्वलित करतीं अतिथि व शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

स्वयंसेवकों ने नशे से दूर रहने के लिए रैली निकाली

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : एसएम कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का आयोजन गुमथल में किया जा रहा है। शनिवार को शिविर के दूसरे दिन को स्वच्छता के रूप में मनाया गया। स्वयंसेवकों ने गांव की सड़कों पर सफाई अभियान चलाया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने नशे से दूर रहने के लिए गांव में रैली निकाली। जिसमें स्वयंसेवक हाथों में स्लोगन लिखीं पट्टिकाएं लेकर चल रहे थे। बताया कि नशा से पूरा घर बर्बाद हो जाता है। गांव में दुकानदारों से 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को गुटखा, सिगरेट व अन्य नशीले पदार्थ न बेचने की बात कही। साथ ही ग्रामीणों से भी नशे से दूर रहने की अपील की। दूसरे सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय ने कहा कि नशे की लत न केवल व्यक्ति बल्कि उसके परिवार के साथ-साथ पूरे देश के लिए घातक होती है। नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य को तो प्रभावित करता ही है साथ ही व्यक्ति के सामाजिक व आर्थिक पक्ष पर भी नकारात्मक असर डालता है। इसलिए हम सबको नशे से दूरी बनाकर अपने परिवार पर ध्यान देना चाहिए और अपने बच्चों को शिक्षित कर उन्हें अच्छे संस्कार देने चाहिए। ताकि बच्चे कभी भी नशे की तरफ न भटक सके। इस अवसर पर अशोक कुमार, अभिनव कुमार, आदित्य कुमार, अनुराग सोनी, अर्जुन सिंह, धीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

शिविर में सीखी बातों को जीवन में उतारें स्वयंसेवी

चन्दौसी, अमृत विचार : एनकेबीएमजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का सात दिवसीय शिविर का आयोजन खुर्जा गेट स्थित सरोजनी नायडू कंपोजिट विद्यालय में किया जा रह है। शनिवार को शिविर के दूसरे दिन का आरंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डिस्ट्रिक काउंसलर परिवार वाद निवारण पूनम अरोरा ने कहा कि स्वयंसेविकाओं को रासेयो के माध्यम से समाज व समुदाय की सेवा करने का अवसर मिलता है।

पैरों में चुभेंगे कंकड़, शिवभक्तों में रोष

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़

अमृत विचार : महाशिवरात्रि का पर्व आठ मार्च को आस्था और श्रद्धा भाव के साथ मनाया जाएगा। इस दिन कांवड़िये गंगाजल लाकर महादेव का जलाभिषेक करेंगे। थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव बेरनी में प्राचीन शिव मंदिर में हजारों शिवभक्त व कांवड़िये पहुंचते हैं। वहीं बेरनी और बिलारी मार्ग की सड़क जर्जर होने से कांवड़ियों को कंकड़ चुभेंगे।

गांव बेरनी स्थित शिव मंदिर से आसपास जनपदों के श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है। जिला मुरादाबाद के बिलारी होकर आने वाले श्रद्धालु तथा बदायूं जिला से आसफपुर होते हुए आने वाले श्रद्धालु बेरनी स्थित शिव मंदिर पहुंचते हैं। यहां बिचैटा चौराहे से दो किलोमीटर दूर बेरनी मोड़ से गांव में मंदिर को जाने वाले मार्ग की 500 मीटर सड़क जर्जर हो गई है। ऐसे में महाशिवरात्रि पर बेरनी शिव मंदिर जाने वाले कांवड़ियों के पैरों में कंकड़ चुभेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को महाशिवरात्रि से पहले ही सड़क को ठीक करा देना चाहिए। अन्यथा कांवड़ियों को परेशानी होगी।

कुढ़फतेहगढ़ के बेरनी-बिलारी मार्ग पर उखड़ी सड़क से गुजरते वाहन।

सड़कों के गड्ढों को दुरुस्त कराने की मांग

चन्दौसी, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के सतीश अरोरा ने पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय से सड़क के गड्ढों की मरम्मत कराने की मांग की है। जिससे सड़कों पर आवागमन के दौरान लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उनका कहना है कि मालगोदाम रोड पर सड़क का बुरा हाल है, जिससे सड़क से गुजरने वालों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शीघ्र ही गड्ढों की मरम्मत कराकर लोगों को राहत दिलाई जाए। इसके अलावा गोशाला रोड पर एक गड्ढा हो गया है। उसे भी दुरुस्त कराया जाए। अब जो सड़कें प्रस्तावित हैं, जिसमें स्टेशन रोड, मुंसिफ रोड, रामस्वरूप रोड, आजाद रोड, सीकरी गेट आदि को लोकसभा चुनाव से पहले निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। ताकि जनता को चुनाव से पहले ही उनका लाभ मिल सके।

महाशिवरात्रि पर हर वर्ष शिवभक्तों की निशुल्क कांवड़ तैयार करते हैं प्रमोद

श्याम मिश्रा, चन्दौसी

▸▸ पिछले 35 वर्षों से कर रहे कांवड़ तैयार करने का कार्य, हर वर्ष 140 से 150 कांवड़ कर देते हैं तैयार

अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर कांवड़िये गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। वहीं एक व्यक्ति ऐसे भी हैं जो कांवड़ में जल नहीं लाते, कांवड़ियों की निशुल्क सेवा कांवड़ बनाकर करते हैं। वह पिछले 35 वर्षों से निशुल्क कांवड़ बनाने का कार्य कर रहे हैं और हर वर्ष 140 से 150 कांवड़ तैयार करते हैं। शिव भक्त उनके पास कांवड़ बनाने का सामान लेकर पहुंचते हैं और वह उन्हें कांवड़ बनाकर तैयार कर देते हैं।

इस बार महाशिवरात्रि का पर्व आठ मार्च को है। छह मार्च की सुबह कांवड़िये कांवड़ लेकर राजघाट के लिए रवाना होंगे और अगले दिन सात मार्च को कांवड़ में गंगाजल लेकर नंगे पांव वापस आएंगे। इस बार करीब तीन से साढ़े तीन हजार कांवड़ियों के जाने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं सीता रोड निवासी प्रमोद कुमार गुरु कांवड़ में जल लेकर नहीं आते बल्कि भगवान शिव की सेवा कांवड़ तैयार करके करते हैं। वह बताते हैं कि जब वह 15 वर्ष के थे, तब महाशिवरात्रि पर राजघाट से कांवड़ में जल लाने की इच्छा हुई। वह कांवड़ बनाने का सामान लेकर कैथल गेट स्थित मोहल्ला मारवाड़ी निवासी रामनिवास शर्मा के पास पहुंचे। उस समय रामनिवास कांवड़ियों के लिए निशुल्क कांवड़ बनाने का कार्य करते थे। लेकिन कार्य अधिक होने के कारण प्रमोद कुमार की कांवड़ नहीं बन सकी और वह राजघाट गंगाजल लेने नहीं जा सके। तब उन्होंने रामनिवास शर्मा से कांवड़ बनाना सीखा। इसके बाद वह पिछले 35 वर्षों से कांवड़ बनाने का कार्य कर रहे हैं। वह बताते है कि महाशिवरात्रि से 20 दिन पहले से ही कांवड़ बनानी शुरू कर देते हैं। पूरे दिन व रात तक कांवड़ बनाने का कार्य करते हैं। वह हर वर्ष 140 से 150 निशुल्क कांवड़ बनाते हैं। कांवड़ बनाने में उनका सहयोग दिव्यांशु नारायण, सुशील कुमार करते हैं।

चन्दौसी में शिव भक्तों के लिए निशुल्क कांवड़ बनाते प्रमोद कुमार।

एटीएम कार्ड बदल ठगी करने वाले गैंग के तीन लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ 36 एटीएम कार्ड के साथ ही स्वैप मशीन व अन्य सामान बरामद

अमृत विचार: नखासा थाना पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से कार, 36 एटीएम कार्ड, स्वैप मशीन, चरस व ठगी के रुपये बरामद किये हैं। गिरफ्तार आरोपी मुरादाबाद, गाजियाबाद, बरेली व दिल्ली में ठगी की वारदात करते थे।

पुलिस सूचना के बाद नखासा थाना पुलिस ने गांव महमूदपुर इम्मा से कल्याणपुर गांव जाने वाले रास्ते पर शनिवार को कार में सवार दिल्ली के करावल निवासी राहुल, जौहरीपुर निवासी आकाश और शिवनगर निवासी अनिल चौहान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आकाश, अनिल चौहान और राहुल ने बताया कि अलग अलग शहरों में लोगों से एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने का काम करते थे। एटीएम बूथ के अंदर खड़े होकर लोगों से एटीएम मशीन काम नहीं कर रही है। यह कहकर उनका एटीएम कार्ड लेकर बदल लेते थे। बदले कार्ड से स्वैप मशीन के खाते में ट्रांसफर करने के बाद रुपयों को साइबर कैफे पर पहुंचकर निकाल लेते थे। पुलिस से बचने के लिए अपनी कार की नंबर प्लेट बदल लेते थे। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि आकाश, राहुल, अनिल चौहान के पास से 27 फरवरी को शाहजहांपुर जिले से कार्ड बदलकर ठगी के 12,900 रुपए, होंडा सिविक कार, 150 ग्राम चरस, 36 एटीएम कार्ड, स्वैप मशीन व चाकू बरामद हुआ है। तीनों आरोपी मुरादाबाद, गाजियाबाद, बरेली, दिल्ली सहित आदि जिलों में ठगी करने के मामले में पहले भी जेल जा चुके हैं।

मौसम | किसानों के चेहरे पर चिंता, ओलावृष्टि हुई तो चौपट होगी फसल

तेज हवा और बारिश से खेतों में गिरी गेहूं की फसल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़/बनियाठेर

अमृत विचार : शुक्रवार रात से तेज हवा और बारिश से जहां एक और मौसम में ठंडक हो गई तो वहीं खेतों में गेहूं की फसल गिर गई। इससे किसान चिंता में पड़ गए हैं। किसानों का कहना है कि ओलावृष्टि हुई तो फसल चौपट हो जाएगी। आम की फसल का बौर गिरने से नुकसान की आशंका है।

शुक्रवार रात को तेज हवा और बूंदाबांदी का सिलसिला शुरू हो गया था। आधी रात के बाद रिमझिम बारिश होने लगी। शनिवार सुबह को भी तेज बारिश शुरू हो गई थी। कई घंटे हुई बारिश के साथ तेज हवा भी चलती रही। जिससे मौसम में ठंडक हो गई। इस समय गेंहू की फसल में बाली निकल रही है और दाना बन रहा है। लेकिन बारिश से कई स्थानों पर खेतों में खड़ी 70 से 80 प्रतिशत गेंहू की फसल गिरकर गिर गई है। खेतों में पानी भर गया। जिससे गेंहू की पैदावार में कमी आने की आशंका है।

वहीं आम की फसल में आ रहे बौर को भी बारिश से नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि कई वर्षों से गेंहू की फसल पकने को तैयार होती है तभी प्रकृति का कहर देखने को मिल रहा है। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

चन्दौसी के कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बारिश से खेत में गिरी गेहूं की फसल।

बोले किसान

अचानक हुई बारिश से खेतों में गेंहू की फसल गिर गई है। जिससे गेंहू की पैदावार में कमी आएगी। ओलावृष्टि हुई तो और अधिक नुकसान हो सकता है। फसल चौपट हो सकती है।

-चरन सिंह, किसान, गांव दियौरा खास, कुढ़फतेहगढ़

मैंने 10 बीघा जमीन में गेंहू की फसल लगाई थी। लेकिन बारिश और तेज हवा ने पूरी गेहूं की फसल धराशाई कर दी। सरकार को नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा देना चाहिए।

-अरविंद कुमार मौर्य, किसान, गांव अकरौली, बनियाठेर।

पिछले तीन वर्षों से जैसे ही गेंहू एवं धान की फसल पकने को तैयार होती है। तभी वर्षा और हवाओं के साथ फसलों को नुकसान हो रहा है। सरकार को नुकसान का आंकलन करके किसानों को मुआवजा देना चाहिए।

-छन्नू मीणा किसान, गांव मैनपुरी, कुढ़फतेहगढ़।

सार-संक्षेप

गंगा एक्सप्रेस वे का काम बंद कराने की चेतावनी

संभल अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों ने 40वें दिन भी धरना जारी रखा। गांव हिसामपुर और भटोला के बीच अंडरपास निर्माण कराने की मांग उठाई। धरने पर भाकियू असली जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि धरने को 40 दिन हो गए हैं लेकिन अभी तक किसानों को अंडरपास बनवाने का अप्रूवल लेटर नहीं मिला है। अगर किसानों को अंडरपास बनवाने का अप्रूवल लेटर नहीं मिला तो जल्द ही गंगा एक्सप्रेस वे का काम बंद किया जाएगा। इस दौरान राहिद, मुकेश, अखिलेश, महेश, पातीराम, रामकिशन, जयपाल, गनपत, दोजी सिंह, अशोक कुमार आदि रहे।

खाद्य पदार्थों में मिलावट पर 6.30 लाख का जुर्माना

संभल, अमृत विचार : मिश्रित दूध, बेसन, मावा, समोसे समेत कई मिलावटी खाद्य पदार्थों के मुकदमों की सुनवाई करते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा जुर्माना लगाया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने ऐसे मामलों में 13 कारोबारियों पर 6.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अब कारोबारियों को जुर्माना की धनराशि जमा करनी है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले भर में छापेमारी करते हुए मिश्रित दूध, बेसन, मावा, पनीर, समोसे, डबल टोंड मिल्क और फैमिली मिल्क के नमूने लिए थे। प्रयोगशाला में हुई जांच में खाद्य पदार्थों के नमूने फेल हो गए। जिसके बाद अपर जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में मुकदमे चले। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रदीप वर्मा ने मामलों में सुनवाई करते हुए संभल, असमोली, चंदौसी, धनारी, गुन्नौर और रजपुरा क्षेत्र के कारोबारियों पर 6.30 लाख रुपये का जुर्माना डाला है। इनमें सबसे ज्यादा छह मिश्रित दूध के मामले हैं।

दहेज की खातिर शादी से 10 दिन पहले बरात लाने से इंकार

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर युवक पक्ष ने शादी से 10 दिन पहले बरात लाने से इंकार कर दिया। युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि जनपद अलीगढ़ के थाना हरदुआगंज निवासी युवक से अपनी बेटी की शादी तय की थी। 11 मार्च को बरात आनी है। शादी की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कई रस्मों को भी करा दिया है। टेंट, हलवाई, बर्तन, कपड़े व अन्य सामान का भी इंतजाम हो गया है। रिश्तेदारों को कार्ड भी बांट दिए गए हैं। आरोप लगाया कि 29 फरवरी को युवक पक्ष ने बरात लाने से इंकार कर दिया। युवक पक्ष की ओर से दहेज में अपाचे बाइक, ढाई लाख रुपये की मांग की गई। युवती के पिता ने दहेज में सामान देने से मना किया तो युवक पक्ष ने बरात लाने से इंकार कर दिया। युवती के पिता ने पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है।

चाकू के साथ एक गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला झझरान बरखेरियान निवासी सुहैब शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव घुघावली की ओर जाने वाले रास्ते पर आम के बाग के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सुहैब को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को सुहैब के पास से चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर सुहैब का चालान कर दिया।

बनियाठेर के कस्बा नरौली में जागरुकता रैली निकाली स्वयंसेवक-सेविकाएं।

शिविर में स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली के कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन मोहल्ला मंगलवाला स्थित जाहरवीर मंदिर में किया जा रहा है। शनिवार को शिविर के दूसरे दिन का आरंभ मुख्य अतिथि रिंकी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। सबसे पहले मंदिर परिसर की स्वयंसेवक व सेविकाओं ने साफ-सफाई की। इसके बाद स्वयंसेवक व सेविकाओं ने कस्बे की गलियों में रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इसके बाद गोष्ठी में केपी सिंह ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित रहने की बात कही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रूपेश कुमार मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि वह अपने घर के आसपास सफाई रखें ताकि संक्रामक बीमारी न फैले। साथ ही लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योत्सना शर्मा ने भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी धन सिंह, इश्तियाक अहमद, अमोल शर्मा, सोमेंद्र सिंह, दानिश फात्मा, आयुषी शर्मा, सतीश, पिंकी सैनी आदि मौजूद रहे।

कुढ़फतेहगढ़ के गांव नवादा में कुश्ती लड़ते पहलवान। ● अमृत विचार

बाबा पहलवान ने बिल्ला पहलवान को हराया

चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव नवादा में पांच दिवसीय राष्ट्रीय एकता कुश्ती दंगल के चौथे दिन शनिवार को पहलवानों ने दांवपेच आजमाए। इस दौरान कुश्ती देखने के लिए प्रसंशकों का जमघट लगा रहा। शनिवार को कुश्ती का आरंभ अतिथि ने फीता काटकर किया। इसके बाद अमरनाथ थापा पहलवान नेपाल ने राजा पहलवान बरेली को चित कर कुश्ती जीत ली। वहीं बाबा पहलवान अजमेर ने बिल्ला पहलवान कुरुक्षेत्र को हराया। साहिल पहलवान सीतापुर ने मुजफ्फर पहलवान चन्दौसी को चित कर दिया। अंत में जल्लाद पहलवान राजस्थान तथा बाबा रवि शंकरदास पहलवान अयोध्या के बीच रोमांचक कुश्ती हुई जो बराबर रही। दंगल के दौरान कमेटी की ओर से बाबू खां, पुत्तन खां, गौरव रावत, हनीफ खां, बली मोहम्मद, इरशाद खां आदि उपस्थित रहे।

महिला के साथ रंगरेलियां मनाते पकड़ा गया ग्रामीण

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में घर में महिला के साथ रंगरेलिया मना रहे ग्रामीण को रंगे हाथ पकड़कर परिजनों ने पिटाई की। ग्रामीण को रास्ते में दौड़ाकर लाठी डंडों से पीटा। शोर को सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला पति की मौत और बेटी की शादी होने के बाद से घर में अकेली रहती है। शुक्रवार की देर रात साढ़े 11 बजे के आसपास महिला के परिवार का ही व्यक्ति ई रिक्शा चार्ज करने के बाद चार्जर देने आया तो उसने एक ग्रामीण को महिला के घर में घुसते हुए देख लिया। जब काफी देर तक मजदूर बाहर नहीं निकला तो व्यक्ति ने घर के बाहर से मुख्य दरवाजा बंद कर दिया। इस बीच ग्रामीण ने घर की चारदीवारी फांदने की कोशिश की। यहां पहले से ही खड़े परिजनों ने लाठी डंडों से मजदूर के साथ मारपीट की और रास्ते में दौड़ाकर जमकर पीटा। शोर को सुनकर आसपास के लोग व अन्य परिजन भी मौके पर इकट्ठा हो गए। जिसके बाद परिजनों ने महिला की भी धुनाई कर दी।

नकली जींस व सामान जब्त, मुकदमा दर्ज

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में नेत्रिका कंपनी के मैनेजर ने लोकल जींस पर कंपनी का टैग लगाकर बेचने के मामले में जींस फैक्ट्री स्वामी के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। छापेमारी में कंपनी के अधिकारियों को अलग अलग कंपनियों के टैग लगी 716 लोकल जींस, बटन, टैग और सिलाई मशीन बरामद की है। हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव पोटा निवासी मोहसिन सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला हल्लूसराय में स्थित फैक्ट्री में तैयार कर लोकल जींस पर लिवाइस, जारा और कैल्विन क्लेन कंपनी का टैग लगाकर बेचने का काम कर रहा था। नेत्रिका कांसल्टिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के वरिष्ठ जांच अधिकारी अखिलेश व मैनेजर महेश पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचे और 247 लिवाइस, 183 जारा, 286 सीके कंपनी की नकली जींस, 3163 टैग, 300 बटन सीके कंपनी और सिलाई मशीन बरामद की।

आयुर्वेदः आयु का विज्ञान

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूआत जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं कि "यहां बताए गए स्वस्थ व्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं।

आनंदपूर्ण जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवन शैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतर्संगीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योग गुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था।

शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, "भारतीयों की रूचि शरीर रचना संबंधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।" अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यो चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है।

यूरोप में एलोपैथी का विकास 17 वीं सदी के आसपास हुआ। एच.एस.मेन ने लिखा है, "भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई.पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था।" एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डा. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था। इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं। इसका चिकित्सातंत्र बड़ा है और शोध का दायरा भी। इसने करोड़ों लोगों को पुनर्जीवन दिया है। सर्जरी, रेडिएशन, सीटी स्कैन, एम.आर. आई. सहित तमाम घटक विस्मयकारी हैं। कारोना महामारी के दौरान जीवन की परवाह त्यागते हुए उपचार करने वाले वैज्ञानिक, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ प्रशंसनीय रहे हैं।

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवन शैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूवात जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं कि "यहां बताए गए स्वस्थव्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं। आरोग्य सुख है और रोग दुख। दुख का कारण रोग है।" फिर रोगों का कारण बताते हैं" इन्द्रिय विषयों का अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग ही रोगों के कारण हैं।" रोगों से बचने के लिए जीवन शैली पर जोर है। यह प्राकृतिक होनी चाहिए। कोरोना महामारी के समय रोग निरोधक शक्ति की चर्चा थी। चिकित्सा विज्ञान में इसकी प्रभावी दवा नहीं है। आयुर्वेद में गिलोय सहित अनेक औषधियां रोग निरोधक शक्ति बढ़ाने वाली कही जाती थीं। महामारी की अवधि में ऐसी औषाधियों की मांग बढ़ी। अश्वगंधा, जटामांसी, गुग्गुल जैसी औषधियों का प्रयोग बढ़ा। चाय की जगह काढ़ा शिष्टाचार बना। चरक संहिता में सैकड़ों रोगों के उपचार हैं। अवसाद की भी औषधि है। अथर्ववेद के ऋषि ज्वर उत्ताप पर भी सजग थे। कहते हैं, "कुछ ज्वर एक दिन छोड़कर, कुछ दो दिन बाद आते हैं। ज्वर अपने साथ परिवार भी लाता है। यह अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी इसकी बहिन है। राजयक्ष्मा भतीजा है। इनकी औषधियां हैं।" कोरोना के समय रोगी को समाज से अलग रखा जाता था। अथर्ववेद (2.9) में कहते हैं, "रोग के कारण समाज से अलग रहे ये व्यक्ति पुनः जनसपर्क में जाए।"

आयुर्वेद में शरीर की रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने की औषधियां हैं। माना जाता है कि इस क्षमता को बढ़ाकर रोगों को रोका जा सकता है। एलोपैथी में शरीर का तापमान बढ़ने पर पैरासीटामाल दी जाती है। एन्टीबायटिक भी देते हैं। इन औषधियों का बुरा प्रभाव होता है। एसीटाइल सैलिसिलिक एसिड रक्त को तरल बनाने की दवा बताई जाती है। चिकित्सक इसे हार्ट अटैक से बचने की दवा भी बताते हैं। इसके प्रयोग के भी खतरे हैं। आयुर्वेद में रक्त तरलता की औषधियां हैं। आधुनिक चिकित्सा में साइड एफेक्ट बड़ी समस्या है। पर ऐसी छोटी बातों से कोई पद्धति हेय या श्रेय नहीं हो जाती। रोग मुक्ति के लिए औषधियों की उपयोगिता है। स्टरायड खतरनाक दवा है। संभवतः इसका प्रभावी विकल्प नहीं है। ऐसे मामलों में शोध की आवश्यकता है।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में निरंतर शोध चलते हैं। अभी भी चल रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन संसूचित रहता है। पहले वैज्ञानिक शोध और फिर किन्हीं जीवों पर प्रभाव का आंकलन। फिर मनुष्यों पर दवा के प्रभाव का आकंलन। यह अच्छी बात है। लगातार शोध से चिकित्सा विज्ञान समृद्ध होता है। लेकिन आयुर्वेद में शोध की आत्मनिर्भर व्यवस्था नहीं है। यों भारत में आयुर्वेद का सम्मान बढ़ा है। ज्ञान विज्ञान क्षेत्रीय नहीं होते। वे शोध सिद्धि के बाद सार्वजनिक संपदा बन जाते हैं। आयुर्वेद आयु का वेद है। इसमें भोजन, पाचन, श्वसन, चिंतन, तनाव, स्मृति और निद्रा भी स्वस्थ रहने के विषय हैं। आयुर्वेद का प्रभाव भी अंतर्राष्ट्रीय हो चुका है लेकिन इसमें भी शोध की आवश्यकता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और आयुर्वेद सहित अन्य चिकित्सा प्रणालियों में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सबका उद्देश्य मानवता का स्वास्थ्य है। सभी पद्धतियों को परस्पर ज्ञान का आदान प्रदान करना चाहिए। योग गुरु सहित किसी भी महानुभाव को इस या उस चिकित्सा प्रणाली की आलोचना का कोई अधिकार नहीं है। ज्ञान अपना पराया नहीं होता। सभी पद्धतियों का लक्ष्य एक है। सबकी अपनी विशेषता है। सभी विज्ञान हैं। लेकिन सीमा भी है। डाईबिटीज से विश्व का बड़ा भाग पीड़ित है। इस रोग को समाप्त करने की दवा नहीं है। पारकिंसन (कम्पन रोग) की भी दवा नहीं है। इन्हें संयत करने की दवाइयां आजीवन खानी पड़ती है। मस्तिष्क की गतिविधि का बड़ा भाग अज्ञेय है। मानव मस्तिष्क जटिल संरचना है। सुख, दुख, ज्ञान व बुद्धि की अनुभूति मस्तिष्क क्षेत्र की गतिविधि से होती है। सुनते हैं कि प्रार्थना का प्रभाव गहन होता है। अवसाद का जन्म और विकास मस्तिष्क में होता है। विषाद का भी। उल्लास और प्रसाद प्रसन्नता देते हैं। इसका उल्टा भी हो सकता है। संभव है कि प्रसन्नता से उल्लास आता हो। स्वप्नों का केन्द्र भी मस्तिष्क है। सिगमण्ड फ्रायड ने 'साइको एनालिसिस' लिखी थी। फ्रायड का 'लिविडो'-कामना क्षेत्र विचारणीय है। फ्रायड ने सृजन कार्य को भी लिविडो से जोड़ा था। लेकिन पतंजलि के योग सूत्रों में चित्त की पांच प्रवृत्तियों को ही सुख दुख का कारण बताया गया है। अथर्ववेद के काम सूक्त में कविता को काम की पुत्री बताया गया है। सभी प्रणालियों को मिलाकर शोध की जरूरत है। सभी पद्धतियों के विशेषज्ञों में सतत् संवाद चलते रहना चाहिए। प्राचीनता और आधुनिकता का संगम राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में फलप्रद होता है। निंदा आलोचना का कोई औचित्य नहीं है।

शब्द अमृत भी और विष भी

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

धर्मकथाओं,किंवदंतियों और साहित्य में मणिधारी सर्पों का जिक्र किया जाता है। धारणा है कि इन सर्पों की मणि बहुत लाभप्रद होती है और यह मणि जिसे मिल जाती है,वह तत्काल अत्यंत धनी हो जाता है। इस तरह की बातों को लेकर अलग-अलग धारणा है। विज्ञान जगत फिलहाल इसे स्वीकार नहीं करता है।

मणिधारी सर्प की इस धारणा को गहराई से देखा जाए और सर्पों को यदि दरकिनार कर मणिधारी जीव में मनुष्य के जीवन पर दृष्टि डाली जाए तो यह बात मानव जगत के लिए सही बैठती है। सर्पों के लिए धारणा है कि वे कंठ में मणि रखते हैं और उसे जब बाहर निकालते हैं तो उस मणि से प्रकाश तथा चमक निकलती है। इसकी जगह मनुष्य अपने कंठ से मृदु शब्द जब बोलता है तो वह भी किसी मणि से कम नहीं होता। उसकी भी चमक होती है जबकि कटु वचन जहर की तरह ही होता है।

प्राचीन ग्रंथों में बहुत सारी कथाएं मनुष्य जीवन को ही दृष्टि में रखकर प्रचलित हुई हैं। कोई साहसी व्यक्ति है और उन विपरीत परिस्थितियों से जूझ जाता है जिससे सामान्य लोग घबराते हैं तब उसकी बहादुरी की तुलना शेर से की जाती है। इसी के साथ हिंसक तथा निर्दयी व्यक्ति की भी तुलना हिंसक पशुओं से की जाती है। इसी के साथ सुंदरता की तुलना भी पशु-पक्षियों से होती है। आंख अच्छी है तो खंजन और मृग से,चलने की तुलना हंस की चाल से होती है। इसके अलावा भावनाओं के मामले में भी उदाहरण के तौर पर लगातार प्रयास करने के मामले में कौए से,ध्यान लगाने की तुलना बगुले से और नींद के मामले में कुत्ते से तुलना की गई है। इसके अलावा भी ढेरों उदाहरण पशु-पक्षियों से तुलना के संदर्भ में गिने जा सकते हैं।

दरअसल ब्रह्मांड में जो भी व्याप्त है,वह मनुष्य शरीर में विद्यमान है। सूरज, चांद, सितारे, पेड़-पौधे, नदी-झरने, पशु-पक्षी आदि की शक्ति मनुष्य में विद्यमान है। कुछ पशु ऐसे हैं,जो बच्चे को जन्म देते हैं तो अपना दुग्ध पान मानव बच्चे की तरह कराते हैं। जबकि चिड़िया, तोता, कौआ, कोयल आदि पक्षी बच्चे को सीधे जन्म नहीं देते,बल्कि अंडे के रूप में देते हैं और अपने पंखों के स्पर्श से उन अंडों में जान डालते हैं। मानव के बच्चे को भी मां, पिता और परिवार जनों की मानसिक ऊर्जा मिलती है। इस तरह यह बिल्कुल सही है कि जो ब्रह्मांड में है वहीं मनुष्य पिंड में है।

इन सारी बातों के आधार पर यह धारणा बनी कि मनुष्य चाहे तो मणिधारी सर्प के रूप में अपनी जिह्वा से मधुर शब्दों का प्रयोग कर अकूत लाभ प्राप्त कर सकता है। मनुष्य की जिह्वा किसी सर्प से कम नहीं है। प्रायः अलग-अलग समय पर अलग-अलग विरोधास्पद बात करने वाले को दोमुंहा सांप की ही संज्ञा दी जाती है। मनुष्य के लिए ही 'आस्तीन का सांप' मुहावरा प्रचलित है। इसके अलावा सद्गुणों से रहित इंसान को पशु समान ही कहा गया है। यह पूरी तरह सच है कि जीवन में वाणी का बहुत ही महत्व है। वाणी के मधुर शब्द वीणा के तारों से झंकृत होकर निकले संगीत की तरह लगते हैं। जबकि कठोर,छिद्रान्वेषण, चुगली आदि के शब्दों से व्यक्ति का महत्व कम होता है।

प्राचीन समय के राजाओं-महाराजाओं के दरबारों में बातचीत के लहजे से ईनाम आदि मिलने की बात तो कही ही जाती है, पर आधुनिक जीवन में देखा जाए तो बातचीत का लहजा ही बताता है परवरिश हुई है या सिर्फ पाले गए हैं। घर-परिवार, समाज, कार्यालय, न्यायालय तक में जिस भी व्यक्ति के बात का तरीका जितना उत्तम होता है, उसकी सुनवाई उतनी ही अधिक ही होती है। इसलिए शब्दों को खूब तौल कर बोलना चाहिए ताकि वह मणि बन जाए न कि जहर।

देवभावना का स्रोत है मानव मन



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कंस के सामने ईश्वर मथुरा निवासी पीड़ितों के साथ है तथा दुर्योधन के सामने वह युधिष्ठिर धर्मराज के पक्ष में खड़ा रहता है। यही देवभावना की गहरी सामाजिकता है।

अज्ञात और अनंत ब्रह्मांड में अपने को समायोजित करने के लिए मनुष्य ने अपनी भावनाओं, संवेदनाओं, मान्यताओं, कल्पनाओं और विचारों के ताने-बाने से बुनकर विश्वास प्रणाली के रूप में अपने लिए एक मानसिक-कवच तैयार किया है और उस मानसिक -कवच से सुरक्षा की भावना और जीवन की शक्ति प्राप्त की है।

इस जिंदगी में जहां कदम-कदम पर सामाजिक और प्राकृतिक विपदाएं, कठिनाइयां, प्रतिकूलताएं और कष्ट हैं तथा कदम-कदम पर रक्षा की समस्या है, यह विश्वास प्रणाली मनुष्य की एक जीवनी शक्ति "डूबते को तिनका का सहारा" बन जाती है। विपदा में धैर्य का हेतु बन जाती है। जहां कहीं और जब कभी मनुष्य अपने को परास्त अनुभव करता है,वहीं मन के अज्ञात स्तरों से कोई रहस्यमयी शक्ति उसे आश्वस्त करती है, वह उसका विश्वास या अंतर्निहित भाव ही है। उस विश्वास या अंतर्निहित भाव से मनुष्य ब्रह्मांड में सर्वत्र एक दिव्य शक्ति का आभास पाता है। यह अंतर्निहित भाव ही देवता का मूल कारण है। संस्कृत में कहावत है- देवाः भावस्तु कारणम्!

अवश्य ही यह देवभावना हार की मनः स्थिति से जन्म लेती है, परंतु उसका कार्य विजय प्राप्त करना होता है। जब मन देवता को आत्मसमर्पण करता है तब वह अवश्य ही निरीह ही प्रतीत होता है, परंतु उसकी जीवनयात्रा इस विश्वास शक्ति के संबल से ही पूर्ण होती है आशा और विश्वास इस देव-भावना का सार तत्व है। यह देवता की ही शक्ति है, जो गहन संकटों में उसे सहारा देती है तथा अत्याचारी एवं बर्बर शक्ति के सामने भी तनकर खड़ी हो जाती है। विराट परिवेश में दुखों और कष्टों के बीच मन को सहारा देने वाले इस सुरक्षा कवच अर्थात् विश्वास प्रणाली को लोकमन धर्म के रूप में स्वीकार कर लेता है। मनुष्य का मन जहां अपनी भौतिक-शारीरिक शक्ति की सीमा देखता है, वहीं से उसके मन में यह देव भावना प्रारंभ हो जाती है। अपनी भौतिक शारीरिक शक्ति की क्षतिपूर्ति मनुष्य अपने मन की अज्ञात स्तरों से रहस्यमयी मनोवैज्ञानिक या आंतरिक शक्ति के रूप में "दिव्य शक्ति की परिकल्पना" के द्वारा प्राप्त करता है। इस परिकल्पना को मन की क्षति-पूरक प्रक्रिया भी कह सकते हैं। सामाजिक समायोजन के लिए देव भावना में एक नैतिकता का आधार है कि वह ईश्वर या देवता मूल्य विरुद्ध आचरण करने वाले पापी को दंड देता है तथा सामाजिक पुण्य का आचरण करने वाले को पुरस्कार दे देता है। यह देवता कंस, रावण, शिशुपाल, जरासंध जैसे असुरों राक्षसों और दैत्यों का वध करता है तथा संतों-भक्तों या निर्बल के ऊपर अनुग्रह करता है। हिरण्यकशिपु के सामने ईश्वर प्रह्लाद के साथ रहता है और सुरुचि के सामने ईश्वर ध्रुव के साथ रहता है। कंस के सामने ईश्वर मथुरा निवासी पीड़ितों के साथ है तथा दुर्योधन के सामने वह युधिष्ठिर धर्मराज के पक्ष में खड़ा रहता है। यही देवभावना की गहरी सामाजिकता है। अहंकार, ममता और स्वार्थ के सामने वह सदा समाज हित, प्राणि मात्र के हित और परमार्थ के साथ खड़ा है। दुर्योधन और दुःशासन के सामने वह द्रौपदी के साथ खड़ा है। देवभाव,अहंकार, काम, क्रोध, लोभ, हिंसा, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध है। क्षमा, सत्य, विनय, अहिंसा, करुणा, मैत्री और शांति की सामाजिक शक्तियों का आश्रय देवभाव में है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि देव भाव में मनुष्य की मूल प्रवृत्तियों के प्रवाह का सहज मार्ग है। लोकमन देवता से सौभाग्य सुख की कामना करता है-पुत्र प्राप्ति का वरदान मांगता है, भय से निवारण की अभिलाषा करता है, विजय की इच्छा करता है, धन संपत्ति वैभव विलास के वरदान की कामना करता है। देवभाव मंगल का केंद्र है। देव भावना में रति सिसृक्षा, तृष्णा, प्रभुता, गौरव आदि मूल प्रवृत्तियां सक्रिय हैं। शास्त्रों में जितने भी स्तोत्र मंत्र आदि हैं,सबके साथ फल श्रुति के रूप में इन मूल प्रवृत्तियों को हम देख सकते हैं। अमुक कथा सुनने से सौभाग्य मिलता है, अमुक व्रत करने से पुत्र प्राप्त होता है, अमुक यज्ञ करने से राज्य लाभ होता है, अमुक देवता को पूजने से प्रभुता प्राप्त होती है। अमुक स्तोत्र पढ़ने से लक्ष्मी प्राप्त होती है, धन मिलता है। यह मूल प्रवृत्तियां ही तो हैं।

देवभाव की संरचना में मानवमन का प्रतिबिंब सर्वत्र देखा जा सकता है। वह देवता निर्गुण निराकार है या सगुण साकार है, साकार में भी वह किसी अन्य प्राणी के रूप में है या मानव शरीर में, वह प्रत्येक रूप में मानव मन है, जो प्रसन्न होता है तो कृपा करता है, प्रसन्न होने पर वरदान देता है और अप्रसन्न होने पर अनिष्ट कर देता है।

यह बिल्कुल मानवीय स्वभाव है, क्योंकि देवभावना का स्रोत ही मानव मन है। देवभाव में मानव मन का होना नितांत स्वाभाविक ही है। इतना ही नहीं, देव भावना पारिवारिक परिवेश के अनुकरण पर आधारित भी है। देवता माता और पिता है- तुम्हीं हो माता, पिता तुम्हीं हो। माता-पिता का यह भाव हमें अपने पारिवारिक परिवेश से ही प्राप्त होता है। जगदंबा हो या परमपिता परमेश्वर यह दोनों अवधारणाएं परिवार से प्राप्त होती हैं।

जागना जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

हम नींद में हैं या उस्नींदे हैं या जाग रहे हैं, लेकिन आंखें बंद करके पड़े हुए हैं। इसका अर्थ यह है कि हम अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को यूं ही जाने दे रहे हैं। घड़ी की हर एक टिकटिक के साथ आपका जीवन कम होता जा रहा है। अपनी जागरूकता से इन अमूल्य पलों की महत्ता को समझा जा सकता है, लेकिन प्रश्न यह है कि खुद को जागरूक कैसे करें?

सोना और जागना हमारे जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया है। पूरे दिन का एक तिहाई समय सोने और दो तिहाई जागकर रहने के लिए होता है। जागकर रहने का मतलब केवल आंखें खोलकर रहना नहीं होता, मन को जागृत करके रखना होता है, हरेक गतिविधि पर सतर्कता कायम रखना होता है, जो भी हो रहा है, यदि हम बेहोशी में कर रहे हैं तो इसका मतलब है कि हम कुछ नहीं कर रहे हैं, वह अपने आप ही हो रहा है। टू-व्हीलर या फोर-व्हीलर चलाते समय हमारी मानसिक स्थिति गौर किया जाए तो हम लगभग बेहोशी में चलाते हैं। व्हील, एक्सीलरेटर और ब्रेक स्वाभाविक रूप से संचालित होते रहते हैं। हमारा ध्यान कहीं और रहता है। इस ध्यान की अनुपस्थिति का अर्थ है, मन का जागृत न होना।

मन को जागृत करने का अर्थ है, प्रत्येक क्रिया के प्रति मानसिक रूप से सतर्क रहना। जो भी हम कर रहे हैं या जो कुछ हमारे आसपास हो रहा है उसके प्रति सजग रहना। हमारे जीवन में एक क्रिया निरंतर होती है, श्वांस लेने की। वह आती-जाती रहती है, लेकिन एक मिनट के लिए यदि श्वांस को अवरुद्ध कर दिया जाए तो उसकी उपयोगिता समझ में आ जाएगी। हमारे शरीर के लिए इतनी अधिक आवश्यक क्रिया के प्रति हम सचेत नहीं रहते, उसे ध्यान से नहीं देखते। ऐसी अनेक लापरवाहियां हमारे साथ निरंतर घटती रहती हैं और हम उसके प्रति जरा भी गंभीर नहीं रहते।

पहली महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

सन् 1925 में सरोजिनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की अध्यक्ष चुनी गईं। तब तक वह गांधीजी के साथ दस वर्ष तक काम कर चुकी थीं और गहरा राजनीतिक अनुभव पा चुकी थीं। आजादी के पूर्व भारत में कांग्रेस का अध्यक्ष होना बहुत बड़ा राष्ट्रीय सम्मान था और वह जब एक महिला को दिया गया तो उसका महत्व और भी बढ़ गया।

गांधीजी ने सरोजिनी नायडू का कांग्रेस प्रमुख के रूप में बड़े ही उत्साह भरे शब्दों में स्वागत किया, 'पहली बार एक भारतीय महिला को देश की यह सबसे बड़ी सौगात पाने का सम्मान मिलेगा। अपने अधिकार के कारण ही यह सम्मान उन्हें प्राप्त होगा।' सरोजिनी ने स्वयं अपने बारे में कहा-'अपने विशिष्ट सेवकों में मुझे मुख्य स्थान के लिए चुनकर आप लोगों ने कोई नई मिसाल नहीं रखी है। आप तो केवल पुरानी परंपरा की ओर ही लौटे हैं और भारतीय नारी को फिर से उसके उस पुरातन स्थान में ला खड़ा किया है, जहां वह कभी थी।' अपने अध्यक्षीय भाषण में सरोजिनी नायडू ने भारत के सामाजिक, आर्थिक औद्योगिक और बौद्धिक विकास की आवश्यकता की बात की। प्रभावशाली शब्दों में उन्होंने भारत की जनता को अपने देश की स्वाधीनता के लिए हिम्मत और एकता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

गोलमेज कांफ्रेंस में महात्मा गांधी के प्रतिनिधि मंडल में सरोजिनी नायडू भी सम्मिलित थीं। रॉलेट एक्ट का विरोध करने के लिए सरोजिनी नायडू ने महिलाओं को संगठित किया। जब 1932 में महात्मा गांधी जेल गए थे, उस समय आंदोलन को रफ्तार देने और बढ़ाने का दायित्व सरोजिनी नायडू को सौंप कर गए थे। गांधीजी ने कहा था- 'तुम्हारे हाथों में भारत की एकता का काम सौंपता हूं।' भारत का पक्ष रखने के लिए महात्मा गांधी ने उन्हें अमेरिका भेजा था। सरोजिनी नायडू ने महिलाओं का नेतृत्व करते समय नारी समाज की उन्नति के अथक प्रयास किए। देश के स्वतंत्र होने पर उन्हें उत्तर प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया, जो भारत की पहली महिला राज्यपाल भी थीं।

उच्च शिक्षा में अस्तित्व की तलाश में हिंदी बाल साहित्य

प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

हिंदी साहित्य के स्नातक और स्नातकोत्तर को पाठ्यक्रम की गहनता से देखें तो स्पष्ट होता है कि स्नातक के सभी सेमेस्टर्स और स्नातकोत्तर के चारों सेमेस्टर में बाल साहित्य को कहीं भी स्थान नहीं दिया गया है।

साहित्य वह माध्यम है जिससे लेखक अपने विचार, भावनाएं और विचारों को पढ़ने व समझने वाले लोगों के साथ साझा करता है। साहित्य विशेष रूप से रचनात्मकता और भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम है जिससे पाठकों को उनके विचारों और भावनाओं का सामंजस्य बनाने में मदद मिलती है। इसके कई रूप होते हैं जैसे कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक, गजल और अन्य। हर एक रूप में भाषा का अद्वितीय उपयोग किया जाता है।

बाल साहित्य एक ऐसा साहित्य है, जो बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया जाता है और उन्हें उनके विकास के सभी पहलुओं में सहायक साबित होता है। बच्चों की नींव से उन्हें समाज, विज्ञान, भौतिकी, संस्कृति, इतिहास और मनोविज्ञान जैसे विभिन्न विषयों में रूचि उत्पन्न होती है। बाल साहित्य सरल भाषा में लिखा गया होता है ताकि बच्चे आसानी से उसे समझ सकें और उससे प्रेरित हो सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 छात्र आधारित शिक्षा नीति है। वार्षिक शिक्षा प्रणाली के स्थान पर सेमेस्टर प्रणाली को लागू किया गया है। स्नातक स्तर पर परंपरागत व्यवस्था के स्थान पर तीन मेजर विषय और एक माइनर विषय का प्रावधान है। इसमें मुख्य विषय के साथ-साथ को करिकुलर/व्यावसायिक पाठ्यक्रम/(वोकेशनल)/ स्किल डेवलपमेंट आदि को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। को-करिकुलर के रूप में प्रत्येक सेमेस्टर में एक विषय को अनिवार्य बनाया गया है। को-करिकुलर विषय-खाद्य पोषण एवं स्वच्छता, प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा एवं योग, मानव मूल्य एवं पर्यावरण, विश्लेषणात्मक योग्यता एवं डिजिटल अवेयरनेस, संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास हैं। व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्थानीय आवश्यकताओं की अनुसार विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रम निर्धारण की छूट दी गई है।

इसमें तीन मेजर विषय और एक माइनर के साथ प्रत्येक सेमेस्टर में एक को-करिकुलर तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम को अनिवार्य बनाया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिगत सभी विषयों को पांच संकायों/ स्ट्रीम/ भागों में बांटा गया है जैसे-संकाय 1-कला एवं मानविकी, संकाय 2-लैंग्वेज/लिटरेचर, संकाय 3- विज्ञान, संकाय 4- कॉमर्स, संकाय 5- मैनेजमेंट। अर्हता के अनुसार छात्र एक संकाय से दो मेजर विषयों का चयन करेगा। यह छात्र का अपना संकाय कहलाएगा। तीसरा मेजर वह किसी भी संकाय से ले सकता है इसके लिए कोई प्रतिबंध नहीं है। छात्र का अध्ययन एक या दो अधिक संकायों तक ही सीमित न रहे इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में माइनर की संकल्पना की गई कि वह तीसरे संकाय के किसी विषय को भी अपने अध्ययन में शामिल कर सकता है। किसी भी विषय के माइनर का पाठ्यक्रम बनाते समय यह ध्यान रखना होगा कि उस विषय के मुख्य मुख्य उपयोगी भाग/सिद्धांत पाठ्यक्रम का हिस्सा हो और संपूर्ण विषयवस्तु पाठ्यक्रम में समाहित हो ताकि विषय की सामान्य जानकारी छात्र को हो सके।

हिंदी साहित्य के स्नातक और स्नातकोत्तर को पाठ्यक्रम की गहनता से देखें तो स्पष्ट होता है कि स्नातक के सभी सेमेस्टर्स और स्नातकोत्तर के चारों सेमेस्टर में बाल साहित्य को कहीं भी स्थान नहीं दिया गया है। सेमेस्टर ही नहीं अपितु पाठ्यक्रम का कोई अंश भी बाल साहित्य के रूप में नहीं है। माइनर विषय के रूप में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर बाल साहित्य को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है। स्नातक स्तर पर किसी एक सेमेस्टर में बाल साहित्य को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जा सकता है। स्नातकोत्तर स्तर पर एक पेपर के रूप में विभिन्न बाल साहित्यकारों का अध्ययन पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है उनके कृतित्व और व्यक्तित्व से छात्र प्रेरणा लेंगे। जब तक बाल साहित्य पाठ्यक्रम में शामिल नहीं होगा, शोधार्थी बाल साहित्य के विभिन्न अवयवों को अपनी शोध की विषय वस्तु नहीं बना सकते, जो हिंदी बाल साहित्य के क्षेत्र में शोध की अपूर्णीय क्षति होगी।

मर्यादा और पाखंड

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

लोग दो तरह से जीते हैं। एक, अपने अनुसार। दो, दूसरों के अनुसार। अपने अनुसार जीना सुख है, दूसरों के अनुसार जीना दिखावा या पाखंड। दिखावा को ही पाखंडी लोग मर्यादा कहते हैं। मर्यादा दो प्रकार की होती है-उच्च कोटि की और निम्न कोटि की। जिस मर्यादा का संबंध समझदारी से होता है, वह उच्च कोटि की होती है और जिसका संबंध समझ से रहित लोक प्रचलित धारणा से होता है, वह निम्न कोटि की होती है। दूसरी कोटि की मर्यादा को ही पाखंडी लोग मर्यादा कहते हैं। प्रथम कोटि की मर्यादा उनकी समझ में नहीं आती।

एक उदाहरण से अपनी बात समझाने का प्रयत्न कर रहा हूं। मुझे दाल पकानी है। एक समय आएगा जब दाल पक जाएगी। जिस बिंदु पर दाल पक जाएगी, वहीं बिंदु उसकी मर्यादा हुई। उससे कम आंच में वह कच्ची रह जाएगी और अधिक आंच में जल जाएगी। कम या अधिक आंच मर्यादा का उल्लंघन है। मर्यादा के उल्लंघन का माने हुआ आपका नुकसान। अगर आपके कार्य से आपका और किसी अन्य का नुकसान न हो तो आपने मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया।

कुछ दालें दो सीटियों में सीझ जाती हैं, कुछ चार में, कुछ छह में। उनकी मर्यादा एक नहीं हुई। अनुभवी लोग इसे जानते हैं और तद्नुसार अपने हित में मर्यादा का निर्धारण करते हैं, लेकिन जिनके पास अनुभव नहीं है, जिन्होंने सुन रखा है कि दाल चार सीटियों में सीझती है तो वह आदमी चक्कर में पड़ सकता है। दाल दो सीटियों वाली हुई, तो जल जाएगी और छह सीटियों वाली हुई तो कच्ची रह जाएगी। समाज में जो मर्यादा का अर्थ प्रचलित है, वह इसी तरह सुनी-सुनाई बातों पर आधारित है, बोध पर आधारित नहीं है। बोध पर आधारित मर्यादा देशकाल और व्यक्ति के अनुसार अलग-अलग होती है, जबकि जड़ लोगों की मर्यादा देशकाल और व्यक्ति का ख्याल न रखकर सदा एक समान होती है। इस जड़ता का श्रेय हमारी शिक्षा प्रणाली को जाता है,जो बोध पर केंद्रित नहीं है। पुरानी मर्यादा है कि जो पुरुष स्त्रियों की उनके काम में मदद करते हैं, वे मौगा कहलाते हैं और स्त्री-पुरुषों के बीच हेय दृष्टि से देखे जाते हैं। इसलिए पुरुष सार्वजनिक रूप से उनकी सेवा करने से कतराते हैं। कोई नहीं देख रहा है, तब उन्हें कोई दिक्कत नहीं होती।

एक समय की बात है। मेरी प्रेमिका नहाकर निकली। उसे जल्दी से कहीं जाना था। देर हो रही थी। इसी बीच उसे छत पर धूप में कपड़े भी सुखाने टंगनी पर डालने थे। मैंने कहा, तुम निकल जाओ। मैं इसे छत पर धूप में डाल दूंगा।

"लोग क्या कहेंगे?" वह बोली।/ "तुम भी लोगों के अनुसार चलोगी?" मैंने कहा। उसने एक नजर मुझ पर डाली और मुस्कुराकर चली गई। मैं छत पर गया और बाल्टी से एक-एक वस्त्र निकाल कर टंगनी पर लटकाने लगा-साड़ी,ब्लाउज आदि। सटी दूसरी छत पर खड़ी एक-एक स्त्री लगातार मुझे घूरती रही। आजतक उन्होंने मुझे उस नजर से नहीं देखा था, जिस नजर से आज देख रही थी। इसी नजर से बचने के लिए तो पुरुष यह कर्म नहीं करते हैं।

मैं सोचने लगा कि वह स्त्री मेरे बारे में किस तरह की धारणा बना रही होगी। एक मन से तो वह भर्त्सना कर रही होगी-कैसा मौगा मर्दाना है। शायद दूसरे मन से अपने पति को कोस भी रही होगी और मेरी प्रिया के भाग्य की सराहना भी कर रही होगी। काश, मेरे पति भी ऐसा कर देते। जाते-जाते मेरी प्रिया हिदायत भी देती गई थी कि घर में पोंछा नहीं लगाइएगा। मैं आऊंगी, तो लगाऊंगी, लेकिन इस तरह की हिदायत मानता कौन है? बोध वाले लोग पुरानी मर्यादा अथवा पुराने संस्कारों से एक झटके में बाहर हो जाते हैं, जबकि अबोध लोग उसे प्रतिष्ठा की बात समझकर ढोते रहते हैं। निष्कर्ष यह कि बोध केंद्रित मर्यादा मर्यादा है और लोग केंद्रित मर्यादा दिखावा या पाखंड।

एक नजर

मेडिकल स्टोर से 17 हजार रुपये, कीमती दवा चुराई

कांठ, मुरादाबाद : पुलिस चौकी के नजदीक मेडिकल स्टोर के पीछे से दो मंजिल के लोहे का जाल काटकर 17000 नकद एवं हजारों रुपये की दवा चुरा ली है। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुराने रोडवेज के समीप पुलिस चौकी है, जिससे करीब 200 मीटर की दूरी पर मेडिकल स्टोर स्थित है। स्टोर स्वामी शाहिद हुसैन शुक्रवार की रात्रि 11:30 बजे स्टोर बंद कर घर चले गए। स्टोर के पीछे लकड़ी की टाल है। टाल मालिक भी मुख्य गेट का ताला लगाकर अपने घर चला गया। इस दौरान चोरों ने सीढ़ी लगाकर दो मंजिला जाल काट लिया। शनिवार की सुबह10 बजे जब स्टोर के स्वामी पहुंचे तो गल्ले से 17000 रुपये व कीमती दवाइयां गायब पाकर आश्चर्य में पड़ गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर, चौकी इंचार्ज यशवीर सिंह ने मौका मुआयना कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

शिकायत सुनते अधिकारी।

ठाकुरद्वारा: 29 में मात्र छह शिकायत का निस्तारण

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : संपूर्ण समाधान दिवस में 29 फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराईं। इनमें मात्र छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। तहसील सभागार में एडीएम प्रशासन सत्यम मिश्र, एसडीएम अजय कुमार मिश्रा और डिप्टी एसपी राजेश तिवारी ने शिकायतें सुनी। सिडलऊ नजरपुर निवासी सलीम ने भूमि संक्रमणीय भूमि में परिवर्तित करने की मांग की है। ताराबाद पुत्र बाबू ने चकमार्ग खुलवाने की मांग की है। रामूवाला गनेश निवासी कृष्ण कुमार ने बिजली कनेक्शन की बात की। रामनगर खागूवाला और फैजुल्लागंज के किसानों ने ज्ञापन दिया है। इसमें कौशल कुमार, अतुल कुमार, मृदुल कुमार, भूकन, सुदेश कुमार, ब्रजनंदन सिंह, प्रवेश कुमार, जयराम सिंह आदि थे। अधिकारियों में तहसीलदार रमेश चंद्र पांडेय, बीडीओ, सुरेश चंद्र गुप्ता, कोतवाली प्रभारी शैलेंद्र चौहान, नायब तहसीलदार अंकित गिरी, मुकेश कुमार, सुनील कुमार आदि थे।

7 मार्च को जल लेकर विश्राम करेंगे, 8 की सुबह मंदिरों में शिव का जलाभिषेक होगा

महादेव का जयघोष करते कांवड़िये रवाना

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से कावड़िये गंगा जल लाने के लिए हरिद्वार को कूच करने लगे हैं। शनिवार को कावड़ियों के जत्थे तिकोनिया बस स्टैंड से लेकर विभिन्न स्थानों पर दिखाई दिए। कुछ पुरानी और कुछ नई कांवड़ लेकर घर से निकले। 7 मार्च की देर शाम तक सभी कावड़िए जल लेकर अपने स्थान पर पहुंचकर विश्राम करेंगे और 8 मार्च की सुबह मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव का श्रद्धा भाव से जलाभिषेक कर अपने घर-परिवार की खुशहाली की प्रार्थना करेंगे।

शिवरात्रि की श्रद्धालुओं ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। लोगों में विशेष उत्साह नजर आ रहा है। नगर के विभिन्न मोहल्लों में भक्तों ने हरिद्वार कूच करने से पहले विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते दिखे। कुछ लोगों के घरवालों ने हरिद्वार जाने वाले को तिलक लगाकर, फूल मालाओं पहनाकर ढोल नगाड़ों की ध्वनि के बीच रवाना किया। नगर के संजीव चौहान, अमित चौहान, राजीव चौहान, अनिल, योगेश उर्फ गोलू, अभिषेक राजपूत को भाजपा व्यापार मडल के जिलाध्यक्ष गौरव चौहान व हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार चौहान ने कावड़ियों को तिलक कर हरिद्वार के लिए रवाना किया।

ठाकुरद्वारा से हरिद्वार कांवड़ लेने जाते लोग। ● अमृत विचार

बिलारी से रवाना होते टोली के सदस्य। ● अमृत विचार

औघड़ अखाड़ा और बेड़ा के शिव भक्त जल लेने हरिद्वार गए

बिलारी, अमृत विचार : नगर से शिव भक्तों की टोली शिवरात्रि से पहले जल लेने हरिद्वार को रवाना हुई, जिसका नेतृत्व महंत राजू भोले कर रहे हैं। शनिवार को नगर के झंडा चौक से श्रद्धालुओं की टोली के सदस्य झूमते-गाते (औघड अखाड़ा और बेड़ा) हरिद्वार प्रस्थान किये। भक्तों की टोली में 18 से 20 भोले हैं जो शुक्रवार को नगर के झंडा चौक स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान टोली के महंत राजू भोले ने बताया कि हम लोग जल लेकर नगर के प्राचीन शिव मंदिर झंडा चौक पर शिवरात्रि को जल चढ़ाएंगे। टोली में बृजेश, गौरव चौहान, नरेश रोहिला, आयुष चौहान, नवल पाल, नानू भारद्वाज, रितिक ठाकुर मुख्य रूप से शामिल रहे।

ई-रिक्शा को डंपर ने मारी टक्कर, दिव्यांग घायल

कुंदरकी, अमृत विचार : शनिवार को मुरादाबाद-चंदौसी नेशनल हाईवे पर एक दिव्यांग ई-रिक्शा चालक को डंपर ने टक्कर मार दी, जिसमें दिव्यांग चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ई-रिक्शा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना को देख मौके पर अफरा तफरी मच गई। घायल दिव्यांग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हाईवे स्थित नूरपुर एमएच फार्म और राधा गोविंद कॉलेज के सामने तेज रफ्तार डंपर ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी थी। दिव्यांग बृजपाल यादव (40) पुत्र लटूरी सिंह निवासी ग्राम सुनारी थाना मैंनाठेर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि बृजपाल सुबह अपनी ई-रिक्शा लेकर कुंदरकी की ओर आ रहा थे, तभी कुंदरकी की ओर से जा रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी।

समस्याओं के निदान में देरी के खिलाफ प्रदर्शन

भाकियू ने समाधान दिवस में अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन, परिसर के बाहर की नारेबाजी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों ने विभिन्न मांगों को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। परिसर के बाहर नारेबाजी कर आरोप लगाया कि किसान यूनियन की गयी शिकायतों का समय से निराकरण नहीं किया जा रहा है, जिससे लोगों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उदाहरण दिया कि थाना डिलारी के करनपुर चौराहे पर गोल चक्कर बनवाए जाने की मांग की गई थी। कई बार शिकायती पत्र देने के बाद भी प्रशासन ने उसका संज्ञान नहीं लिया है। चौराहे पर गोल चक्कर न होने की वजह से अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। किसान हितों के लिए स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सभी फसलों पर एमएसपी की मांग की। डिलारी चौराहे से नहर की पटरी के मार्ग को पक्का कराने की मांग की। गिनाया कि क्षेत्र के गांव पिपली अहीर स्थित पंचायत घर पर आसपास के लोगों ने गंदगी कर रखी है इसकी पहले भी शिकायत की गई थी लेकिन, समस्या का निदान नहीं हुआ है।

प्रदर्शन में संगठन के जिला महासचिव घनेंद्र शर्मा, तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, महामंत्री हरीराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी, अयूब अली, सुमित चौहान, गजेंद्र सिंह, मास्टर हरकेश सिंह, उमेश चंद, ओम प्रकाश सैनी, गुज्जर सिंह, राजपाल सिंह, शिवराम आदि रहे।

ठाकुरद्वारा में संपूर्ण समाधान दिवस में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते भाकियू के सदस्य।

फरियादियों की समस्याएं सुनतीं उप जिलाधिकारी मणि अरोड़ा एवं अन्य।

एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं

कांठ, अमृत विचार : तहसील कांठ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 65 फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे। मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंकित तिवारी ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेकर उन सभी शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी गिरीश पंत, नायब तहसीलदार योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

अधिकारियों ने सुनीं जन समस्याएं, दिया आश्वासन

बिलारी, अमृत विचार : तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी ने समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। कुल 13 शिकायतें आईं, जिसमें मात्र एक का ही स्थल पर निस्तारण हो पाया। राजस्व की नौ, विकास की दो, विद्युत की एक एवं अन्य की भी एक शिकायत आई। दिवसाधिकारी एसडीएम मणि अरोड़ा, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव सहित अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

सार संक्षेप

नगर के कोरियन मोहल्ले में नारेबाजी करते पासी समाज के लोग।

पासी का प्रमाण पत्र न मिला तो चुनाव का बहिष्कार करेंगे

बिलारी, अमृत विचार : नगर के कोरियन पासी समाज शिव मंदिर में पासी समाज की बैठक हुई, जिसमें समाज के लोगों को जाति का प्रमाण पत्र नहीं मिलने पर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय पासी समाज के जिलाध्यक्ष विजय सिंह राणा ने की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष गेंदालाल पासी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले यदि पासी समाज को जाति के प्रमाण पत्र जारी नहीं किए गए तो लोग लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। बैठक में अन्य जगह से भी पासी समाज के लोग एकत्र हुए। बैठक में गढ़ी भारताल से वीर सिंह, जिलाध्यक्ष संभल राजू पासी, रामपुर के अग्रसेन पासी, भुलावई से भजनलाल ,जगनिया के डॉ.अरविंद सिंह पासी, रायपुर निवासी प्रेमपाल और रमेश, तहसील बिलारी से लाखन, अजय, जतन, दीपक, संतोष, स्वराज एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

शिविर के दूसरे दिन बोलते प्राचार्य डॉ.राकेश रंजन एवं अन्य। ● अमृत विचार

शिविर में तकनीकी सशक्तिकरण की जानकारी दी

बिलारी, अमृत विचार : नगर के हरि मंगल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश रंजन ने स्वयंसेवकों को डिजिटल शक्ति तथा तकनीकी सशक्तिकरण की जानकारी दी। कहा कि ऑनलाइन चल रहे फ्रॉड से सावधान रहें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति या फोन कॉल पर अपने बैंक खाता या किसी अन्य निजी जानकारी किसी को न बताएं। अपने आस, पड़ोस, गांव, कस्बा में सभी को इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.ज्योति गुप्ता, शंकर सिंह, सुरेंद्र चौहान, डॉ. दीपक कुमार, निर्मल यादव, रोहित कुमार, राजवीर सिंह, मनोज कुमार, मोहित यादव आदि का सहयोग रहा। छात्रों में रिंकू, संकेत सक्सेना, अपूर्वा गुप्ता, नेहा रानी, वंशिका यादव, यासमीन, अंजलि, खुशबू, वैष्णवी, साधना गोस्वामी, कुमकुम शर्मा, स्नेहा यादव, दीपिका भटनागर, ज्योति ठाकुर, फिर्दोष, फातमा, कासनी, रवि यादव, समीर अहमद आदि उपस्थित रहे।

वर्षा से मौसम में फिर बढ़ाई ठंडक

कांठ, अमृत विचार : शनिवार को मौसम एक बार फिर बदल गया। हल्की वर्षा से ठंड बढ़ गई। शुक्रवार रात्रि से ही रुक रुक कर वर्षा होनी शुरू हो गई थी। शनिवार को दिन में रुक-रुक कर वर्षा होती रही। शाम के समय लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए, वहीं वर्षा को लेकर किसानों का कहना है कि अधिक वर्षा होगी तो गन्ने की बुआई में विलंब हो जाएगा, जबकि वर्षा से गेहूं व अन्य फसलों को लाभ भी प्राप्त होगा।

भारत कोकिला सरोजिनी की पुण्यतिथि मनाई

बिलारी, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के अमरपुर काशी स्थित श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भारत कोकिला सरोजिनी नायडू की पुण्यतिथि मनाई गई। प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही नारी सशक्तिकरण, महिला मिशन शक्ति, फेस चार के अंतर्गत महिला किसी भी क्षेत्र में किसी से पीछे नहीं है। इस अवसर पर राशिद अली, मोहम्मद रिजवान, सुगन्धा भारतीय, मीनू यादव ,भावना यादव, शिवानी सैनी, ऋषिपाल सिंह यादव, पुष्पेंद्र यादव ,दीपक कुमार, तस्लीम कुरैशी, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

त्योहारों के मद्देनजर अमन कमेटी की बैठक में कई निर्णय

बिलारी, अमृत विचार : कोतवाली में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें नगर में 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर नगर के सभी शिव मंदिरों पर विशेष साफ सफाई करने एवं मंदिरों पर सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी के सुझाव नागरिकों ने रखे।11 मार्च से रमजान शुरू हो रहा है। इसको लेकर भी नागरिकों ने मस्जिदों की साफ सफाई की सुझाव रखे। मार्च में ही 20 मार्च को एकादशी का जुलूस, 24 को शाम को गुलाल का जुलूस, 25 को होली के दिन, रंग का जलूस निकाला जाएगा। होली नगर कमेटी के अध्यक्ष रामनिवास शर्मा ने यह जानकारी दी। बैठक में मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, देवदत्त दिवाकर, सुखवीर यादव, पंकज चौहान ,सभासद अभिषेक पांडे, कलीम हैदर, कल्याण सिंह, इकरार हुसैन, सिद्धार्थ शेखर ,हाजी रफी राजू, कासिम अंसारी, तहजीब आलम, जहांगीर आलम, भानु यादव, हप्पू राजा, मोहम्मद आसिफ, जगत नारायण शर्मा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

हाईटेंशन करंट से झुलसा लाइनमैन, किया रेफर

कुंदरकी, अमृत विचार : हाईटेंशन लाइन की मरम्मत को खंभे पर चढ़ा लाइनमैन करंट की चपेट में आकर झुलस गया। इस बीच खंभे से नीचे गिर गया। यह देख वहां मौजूद लोगों में खलबली मच गई। आनन-फानन में लाइनमैन को समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, वहां से भी उसे टीएमयू में भर्ती कराया गया है। शनिवार को बिजली घर के नजदीक ही हादसा होने से आसपास के लोग घबरा गए। बिजली घर में तैनात संविदा कर्मचारी लाइनमैन मोहम्मद यूनुस पुत्र अशफाक निवासी भीकनपुर कुलवाड़ा ब्लॉक कुंदरकी के पास कमालपुर फीडर पर लाइन ठीक कर कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यूनुस ने जैसे ही लाइन का तार जोड़ा, उसे करंट लग गया। करेंट ने उसको फेंक दिया। वह 20 फीट नीचे आकर गिर गया और उसकी हालत खराब हो गई। बेहोशी की हालत में अन्य बिजलीकर्मियों के द्वारा उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक नवल किशोर ने उसे गंभीर देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया। उधर, घटना के बाद एसडीओ दीपक सिंह ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। एसडीओ ने बताया कि शटडाउन लेकर ही लाइनमैन लाइन पर काम कर रहा था। कहीं से बैक करंट आने के चलते यह हादसा हुआ बताया गया है। सुरक्षा के लिए लाइनमैन ने दस्ताना नहीं पहन रखे थे। नहीं तो इतनी बड़ी घटना नहीं होती।

कुंदरकी अस्पताल में इलाज के दौरान लाइनमैन के साथ अन्य विद्युतकर्मी।

पुलिस को बंधक बनाने के मामले में एक आरोपी पकड़ा

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : ग्राम डहरा में हेड कांस्टेबल एवं सिपाही को बंधक बनाकर धारदार हथियार एवं मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो महिलाओं सहित सात लोगों की विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में पुलिस की कार्रवाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बृहस्पतिवार की रात्रि बजे हेड कांस्टेबल विजय कुमार एवं सिपाही सर्वेश कुमार पुलिस चौकी ऊमरी कला के निकट ग्राम डहरा में पहुंचे थे, जहां जसवंत उर्फ खन्ना पुत्र नौवहार के घर के सामने पहले से ही घात लगाए बैठे गांव के जसवंत, देशराज, जीवन, उषा, निपेंद्र, रतीया ने पुलिस को गाली देते हुए बंधक बनाकर पाइप एवं धारदार हथियारों से चोटिल कर दिया। किसी तरह से दोनों घायल पुलिसकर्मी जान बचाकर वहां से निकल भागे। मामले में पहले पुलिस ने वीर सिंह पुत्र खेम सिंह को कच्ची शराब बनाते हुए पकड़ लिया था। जिसके बाद बदले की भावना से सभी सात महिला एवं पुरुषों ने पुलिस पार्टी पर हमला बोल दिया।

सूत्रों की मानें तो यह गांव कच्ची शराब बनाने के लिए प्रसिद्ध है। मामले में केवल दो पुलिसजनों का गश्त पर जाना मामला क्षेत्रवासियों के गले नहीं उतर पा रहा है। घटना के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक मामले को छिपाते रहे। अब कांठ पुलिस ने डहरा निवासी अंकित पुत्र जसवंत उर्फ खन्ना को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक लोहे का पाइप बरामद किया है।

आज आयोजित होगा आयुष्मान भव मेला

कांठ, अमृत विचार : क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को आयुष्मान भव मेले लगाए जाएंगे, जिसमें मरीजों का परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरण की जाएंगी।

यह जानकारी केन्द्र के चिकित्साधीक्षक डॉ.राजीव चौधरी ने दी। बताया कि कांठ केंद्र पर आयुष्मान भव मेले में डॉ.शिवम मदन हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ.तेज राजू सर्जन, डॉ.खुशविंदर, डॉ.स्तुति सिंह, डॉ.आशु चौधरी, डॉ.जुल्फिकार अहमद खान, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊमरी कला पर डॉ.मनोज कुमार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डा.उमेश कुमार द्वारा लगवाया जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मतलबपुर में डॉ.मुक्ति, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी खिदमतपुर में डॉ.राहुल यादव, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूंढाखेड़ी में डॉ.नदीम सेवा देंगे।

संपर्क अभियान में घर-घर घूमे भाजपाई

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : नगर में भाजपा के लाभार्थी संपर्क अभियान में शनिवार को पार्टी कार्यकर्ता घर-घर घूमे। विशेष अभियान के प्रथम दिन कार्यकर्ताओं ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विशेष जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अभियान को गति देने के साथ-साथ शक्ति केंद्र ठाकुरान, अब्दुल्ला के बूथ संख्या 242 -245 आदि के लाभार्थियों से मिले, जिसमें सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गयी।

जनकल्याणकारी योजनाओं की सिलसिलेवार चर्चा की। बताया गया कि काफी समय से केंद्र सरकार निशुल्क राशन वितरण कर रही है। कोरोना जैसी खतरनाक बीमारी में भी सरकार ने पहल कर सभी को बीमारी से सुरक्षित बचाया था। समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई थी। कुछ लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान कराया गया। अभियान में पार्टी के नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता, महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष गीता चौधरी, पंकज चौहान, धर्मेंद्र गांधी, विनीत शर्मा, निशा त्यागी, मंजू गुप्ता, पूनम शर्मा, हरबंश कौर, गीता गुप्ता, शशि सक्सेना, गीत कोली, शकील अहमद, अनिल गुप्ता, रामपाल कश्यप, आकाश कश्यप, सुमित ठाकुर आदि रहे।

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते कार्यकर्ता।

लाभार्थी अभियान के तहत वितरित किए पत्रक

कांठ, अमृत विचार : भाजपा की ओर से तहसील क्षेत्र के बूथों पर अभियान चलाकर लाभार्थियों को पत्रक वितरित किए गए। सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गयी। ग्राम नवादा स्थित बूथ संख्या 81, 82 एवं 83 पर कार्यक्रम हुआ। शक्ति केंद्र प्रभारी सचिन कुमार उर्फ बंटी चौहान ने पत्रक वितरित किए। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में ही देश का चौमुखी विकास हो रहा है। इस अवसर पर केंद्र संयोजक सीताराम, मंडल उपाध्यक्ष हरि सिंह, बूथ अध्यक्ष राजीव कश्यप, अंकित एवं राकेश कुमार उपस्थित रहे।

योजना डिलारी ब्लॉक में दो-दो अन्नपूर्णा मॉडल शॉप बनाई गई

अन्नपूर्णा माडल शाप का वर्चुअल लोकार्पण

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : विकास खंड डिलारी की ग्राम पंचायत बहेड़ी ब्रह्मनान में जिला ग्राम्य विकास अभिकरण की अन्नपूर्णा माडल शाप का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्चुअल लोकार्पण किया गया।

दावा है कि सरकारी सस्ता गल्ले के राशन की कालाबाजारी पर रोकथाम के लिए ठाकुरद्वारा एवं डिलारी ब्लाक में दो-दो अन्नपूर्णा माडल शाप बनाई गई है। खाद्य एवं रसद विभाग ने वर्चुअल लोकार्पण के प्रसारण दिखाने की व्यवस्था की थी। भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राहुल दीप गुप्ता एवं खण्ड विकास अधिकारी राजेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शाप की शुरुआत की। इस अवसर पर सहकारी समिति के सभापति पं.राधेश्याम शर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष जीवन सिंह, ग्राम प्रधान अल्पना पंकज भारद्वाज, पूर्ति निरीक्षक राणा प्रताप सिंह, पूर्ति लिपिक अमित गर्ग, कपिल कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी जकी अनवर, राशन डीलर रेखा रानी रविन्द्र सिंह, सुखवती, शाहनवाज, जगपाल सिंह, मुसर्रत अंसारी, रिजवान,ओमपाल सिंह, चन्द्रपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

- वर्चुअल लोकार्पण के प्रसारण दिखाने की रही व्यवस्था
- कार्यक्रम में ग्राम प्रधान और राशन डीलर हुए शामिल

बहेड़ी ब्रहमनान मे अन्नपूर्णा शॉप का आरंभ करते भाजपा जिलाध्यक्ष।

ग्राम प्रधानों ने किया मॉडल शॉप का उद्घाटन

कांठ, अमृत विचार : क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में स्थित राशन की मॉडल शॉप का प्रधानों द्वारा उद्घाटन किया गया। मुख्तियारपुर नवादा, भीकनपुर, चंगेरी, गोपालपुर उर्फ नाथ नंगला, बीबीपुर, सलावा खेड़ा, लदावली, पैगंबरपुर रवाना, सरायखजूर की मॉडल शॉप का संबंधित ग्राम प्रधानों द्वारा उद्घाटन किया गया। ग्राम प्रधान, पंचायत सेक्रेटरी, सप्लाई इंस्पेक्टर आपूर्ति लिपिक अनुज कुमार यादव, बृजेश चौधरी उपस्थित रहे।

विदेश में नौकरी का झांसा देकर 1.80 लाख रुपये ठगे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : बेरोजगार युवक को अच्छी नौकरी दिलाने के नाम पर 1.80 लाख रुपये ऐंठ लेने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

शहर के वार्ड संख्या चार के मोहल्ला बाल्मीकि बस्ती निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि नगर के मोहल्ला मुंडोवाली रोड पर एक युवक ने टूर एंड ट्रेवल नाम से केन्द्र खोल रखा है, जहां मैं ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए जाता था। टूर एण्ड ट्रैवल के संचालक ने चिकनी चुपड़ी बातें कर अपने जाल मे फंसा लिया। उसने वार्ड नंबर सात के मोहल्ला कुरेशियांन निवासी एक साथी से मिलवाया। दोनों ने दुबई में कंपनी में आईटी मैनेजर की पोस्ट पर115000 रुपये की सैलरी पर भेजने के नाम पर एक लाख अस्सी हजार रुपये ले लिए। 7 सितंबर 2023 को उसे दुबई भेज दिया।

जब दुबई पहुंचा तो पता चला कि इस नाम की कोई कंपनी नहीं है, जहां कई दिनों तक भूखा-प्यासा रोड पर भटकता रहा। मामले की जानकारी उसने अपने परिजनों को दी। परिवार वालों ने बड़ी मुश्किल से उसको भारत वापस बुलाया।

कार्यालय-जिला प्रोबशन अधिकारी, मुरादाबाद

पत्रांक- 568-69/संरक्षण/जि0 प्रो0/विज्ञा0/2023-2024 दिनांक- 28/02/2024

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, मुरादाबाद के पत्र संख्या 3062 दिनांक 27.21.2024 द्वारा अवगत कराया गया है कि एक अज्ञात बालिका (छाया) आयु लगभग 3-4 दिन दिनांक 23.02.2024 को थाना मझौला, मुरादाबाद के अन्तर्गत सिटी चाइल्ड लाइन को अज्ञात अवस्था में मिली थी, जिसे बाल कल्याण समिति, मुरादाबाद के आदेशानुसार उचित देखरेख एवं संरक्षण हेतु राजदकीय बाल गृह (शिशु), रामपुर में आवासित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतएव यदि उक्त बालिका अज्ञात (छाया) पुत्री अज्ञात थाना मझौला, मुरादाबाद के कोई प्राकृतिक माता-पिता अथवा अभिभावक हो तो विज्ञापन प्रकाशन से पुर्नविचार अवधि 60 दिन के अन्दर अपनी दावेदारी ठोस साक्ष्यों सहित जिला प्रोवेशन अधिकारी, मुरादाबाद अथवा बाल कल्याण समिति, मुरादाबाद अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई, मुरादाबाद के समक्ष उपस्थित होकर दर्ज करायें अन्यथा पुर्नविचार अवधि समाप्त होने के उपरान्त उक्त के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति की कोई दावेदारी मान्य नही होगी तथा उक्त बालिका अज्ञात को विधिक कार्यवाही उपरान्त मा0 न्यायालय के माध्यम से सक्षम दम्पत्ति को गोद दिये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।

जिला प्रोवेशन अधिकारी,
मुरादाबाद।

एक नजर

गाजियाबाद में हादसा संभल के पांच लोग घायल

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय से चालक सफदर कार से दिल्ली तक सवारी पहुंचाने का काम करता है। शनिवार की तड़के चार बजे सफदर की कार में चौधरी सराय निवासी रिजवान पत्नी शीबा बेगम और रिश्तेदार बॉबी, निदा, इल्मा व रीबा के साथ संभल से दिल्ली जा रहे थे। गाजियाबाद में दूसरी कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे रिजवान, शीबा बेगम, बॉबी, निदा और इल्मा की रीड की हड्डी में चोट लग गई।

मारपीट व पथराव में घायल

संभल/कैलादेवी, अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव गोहत में शनिवार की दोपहर में नीरज गांव के मुख्य रास्ते से होकर किसी काम से कहीं जा रहा था। रास्ते में नीरज को विजय मिल गया। पुरानी रंजिश को लेकर दोनों के कहासुनी होने लगी। गाली गलौज होती देखकर विजय के परिजन भी आ गए और लाठी डंडों से मारपीट करते हुए नीरज को घायल कर दिया। बाद में दोनों पक्षों के लोग छतों पर चढ़कर एक दूसरे पर ईंट पत्थर बरसाए।

समस्याओं का निस्तारण अधिकारियों का दायित्व

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से की मुलाकात

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को डाकरा बाजार गढ़ी कैंट क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से मुलाकात की। साथ ही जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का भी जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन, निःशुल्क खाद्यान, आयुष्मान योजना आदि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से बातचीत की तथा उनकी कुशलक्षेम भी जानी।

लोगों को किस योजना के तहत क्या-क्या लाभ मिला है, लाभार्थियों से मुख्यमंत्री ने इसकी भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने का हमारा प्रयास है। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। कहा कि अधिकारी जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनका शीघ्र निराकरण करें। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान आम जनता एवं लाभार्थियों को देशवासियों के नाम प्रधानमंत्री का पत्र भी सौंपा।

देहरादून में नवनियुक्त अधिकारी को नियुक्ति पत्र सौंपते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

प्रधानमंत्री ने पत्र के माध्यम से बताईं सरकार की उपलब्धियां

देहरादून, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पत्र में उल्लेख किया है कि 10 साल पहले हमने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ देश के सबसे निचले पायदान के लोगों को भी मुख्यधारा में शामिल करने के लक्ष्य के साथ शुरुआत की थी। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की प्रेरणा से हमने इन 10 सालों में निरंतर ऐसी योजनाएं लागू कीं, जिससे गरीब की मुश्किलें कम हों और उनका जीवन आसान बने। प्रधानमंत्री ने पत्र में कहा है कि आज देश में गरीब कल्याण, महिला कल्याण, युवा उत्थान एवं किसान सम्मान का नया अध्याय लिखा जा रहा है। वर्ष 2014 से अब तक 25 करोड़ लोग स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के मामले में गरीबी से बाहर आए हैं।

गोकशी करने वाले 10 लोगों पर लगी गैंगस्टर

बदायूं, अमृत विचार : पुलिस ने गोकशी करने वाले गिरोह के 10 सदस्यों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव सिकरोड़ी निवासी आसिफ पुत्र पप्पू कुरैशी ने गिरोह बना रखा है। गिरोह में उसके गांव का शानू पुत्र हनीफ कुरैशी, गांव अहिरवारा निवासी जावेद पुत्र शराफत, सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के कस्बा शेखूपुर निवासी कासिम पुत्र कल्लू, कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला ऊपरपारा निवासी शानू व मोनिस पुत्र किश्वर के अलावा जिला बरेली के थाना देवरनियां क्षेत्र के कस्बा रिछा के मोहल्ला गौटिया निवासी भूरा उर्फ बिल्डर कुरैशी, वसीम कुरैशी पुत्र रमजानी कुरैशी, मोहल्ला मेला निवासी शादाब उर्फ फतेह बंजारा और थाना भोजीपुरा क्षेत्र के कस्बा धौरा निवासी राजू उर्फ नजीर अहमद पुत्र शब्बीर बंजारा गोकशी करते हैं।

नकली दवा बनाने का आरोपी गिरफ्तार, दो की है तलाश

संवाददाता, काशीपुर

▸▸ पुलिस ने शुक्रवार को घर में बिना लाइसेंस चल रही दवा फैक्ट्री पकड़ी थी

अमृत विचार: ड्रग इंस्पेक्टर के नेतृत्व में टीम ने कुंडेश्वरी स्थित एक मकान से बड़ी तादाद में अपमिश्रित दवा व पैकिंग का सामान बरामद किया। इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मिलावटी दवा तैयार कर बेचने और धोखाधड़ी करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है। डीएम उदयराज सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को ड्रग्स इंस्पेक्टर डॉ. आलोक कुमार शुक्ला ने प्रशासनिक व पुलिस टीम के साथ कुंडेश्वरी स्थित एक मकान में छापा मारा था। टीम ने मौके से मधु नाशक दवा के सील बंद डिब्बे, प्रिंटेड रैपर, सील पैकिंग स्टीकर, दो प्रेस, प्लास्टिक की चम्मच, 4 मिक्सी व 8 मिक्सी के जार के अलावा एलोपैथिक दवाइयां बरामद की थीं। जानकारी करने पर पता लगा कि काफी समय से तीन लोग शुगर की आयुर्वेदिक दवाई तैयार कर बेच रहे थे। जिसका सेवन करने वाले व्यक्तियों को किडनी संबंधी समस्याएं आ रही थीं। छापे के दौरान कमरे के अंदर और बरामदे में अपमिश्रित दवा के अलावा रैपर बरामद पाए गए। इन डिब्बों पर बकायदा बैच नंबर व एक्सपायरी डेट लिखी गई थी। मौके पर मिले कुंडेश्वरी निवासी विक्रांत सिंह ने बताया कि यह मकान उसके रिश्तेदार प्रशांत सागर का है। वे दोनों मिलकर मोदी नगर, मेरठ निवासी सतेंद्र चौधरी के साथ मिलकर यह धंधा करते हैं। कुछ देसी दवाओं में पिल 500 एमजी की एलोपैथिक दवा मिलाकर मिश्रित दवाइयों को प्लास्टिक के डिब्बों में पैक किया जाता है।

परीक्षा की तैयारी में डीजे के शोर से परेशानी

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा के दौरान डीजे का शोर परीक्षार्थियों के सामने समस्या खड़ी कर रहा है। देर रात तक परीक्षा की तैयारी करने में जुटे परीक्षार्थी डीजे के शोर से परेशान हैं। बावजूद इसके पुलिस प्रशासन आधी रात तक बजने वाले डीजे को बंद कराने के लिए गंभीर नहीं दिख रहे हैं।

वर्तमान में यूपी बोर्ड परीक्षा चल रही है तो परीक्षार्थी भी कड़ी मेहनत करने में जुटे हैं। ज्यादातर परीक्षार्थी रात के वक्त ही तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में उनके सामने समस्या खड़ी हो गई है। शादी समारोह और अन्य कार्यक्रम में शाम से ही डीजे का शोर गूंजने लगता है। आलम यह है कि आधी रात तक डीजे पर गीत गूंजते रहते हैं। जिस कारण परीक्षार्थियों को परीक्षा की तैयारी करने में दिक्कत हो रही है।

क्या बोले परीक्षार्थी

इस समय परीक्षा चल रही है तो डीजे का शोर परेशान कर रहा है। देर रात तक गीतों का शोर होने से पढ़ाई करने में परेशानी हो रही है। परीक्षा को देखते हुए डीजे बंद कराना चाहिए।
-जियान बानो, दीपा सराय

डीजे के शोर की वजह से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। शोर होता है तो दिमाग पढ़ाई पर फोकस नहीं कर पाता। इस समस्या का समाधान होना चाहिए। देर रात तक डीजे नहीं बजाया जाए। **-साजिया परवीन,** कोट पूर्वी

परीक्षा के लिए रात के वक्त तैयारी करने में दिक्कत हो रही है। परीक्षा के लिए याद नहीं हो पाता है। अगर डीजे का शोर न हो तो आसानी से याद किया जा सकता है। समस्या दूर होनी चाहिए। **-अमीना,** मियां सराय

डीजे बजने के कारण पढ़ाई का नुकसान हो रहा है। सही से पढ़ाई नहीं हो पा रही है। अधिकारियों को देर रात तक डीजे नहीं बजने देने चाहिए। जिससे परीक्षार्थियों को राहत मिलेगी। **-नीलोफर,** हाइडिल कालोनी

किसान पर सियारों के झुंड ने किया हमला, घायल

गुन्नौर, अमृत विचार : गुन्नौर तहसील क्षेत्र में रात में फसल की रखवाली करने गए किसान को सियारों के झुंड ने हमला कर घायल कर दिया। परिजनों ने किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

क्षेत्र के गांव गढ़ा निवासी नन्हूं (40 वर्ष) पुत्र भीमसैन ने गेहूं की फसल बोई है। छुट्टा गोवंश पशु फसल को नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए नन्हूं दिन रात फसल की रखवाली करने खेत में जाता है। शुक्रवार रात नन्हूं फसल की रखवाली करने खेत पर जा रहा था, तभी सियारों के झुंड ने हमला कर दिया। सियारों ने उसके शरीर पर जगह जगह काट लिया। नन्हूं की चीख पुकार सुनकर आसपास खेतों में फसल की रखवाली कर रहे अन्य किसान मौके पहुंचे और किसी तरह नन्हूं को बचाया। परिजनों ने रात में ही नन्हूं को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

त्योहारों पर अमन कायम रखने में मददगार बनें नागरिक

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: आगामी त्योहारों पर शांति व्यवस्था को लेकर सदर कोतवाली परिसर में एसडीएम विनय मिश्रा व सीओ अनुज कुमार चौधरी ने शांति समिति की बैठक में त्यौहार शांति के साथ मनाने की अपील करते हुए लोगों से शांति व्यवस्था में सहयोग करने की बात कही।

सदर कोतवाली परिसर में शनिवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कोतवाली क्षेत्र के सभी धर्मों के लोगों, व्यापारी और क्षेत्र के दर्जनों लोग शामिल हुए। एसडीएम ने कहा कि सभी लोग आने वाले त्योहारों शिवरात्री, होली व रमजान शांतिपूर्ण ढंग से मनाए। सभी लोग आपस में भाईचारे व एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखें और अपने अपने त्योहार उत्साहपूर्वक मनाते हुए शांति व्यवस्था में सहयोग करें।

संभल कोतवाली में शांति समिति की बैठक में बोलते सीओ अनुज कुमार चौधरी ● अमृत विचार

▸▸ संभल कोतवाली में हुई शांति समिति की बैठक

अगर कोई व्यक्ति नई परंपरा शुरू करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीओ संभल अनुज कुमार चौधरी व सभी धर्मों के लोग मौजूद रहे। बैठक में हाजी एहतेशाम, नाज़िम सैफी, फुरकान वारसी, सलमान खान, बिट्टू वारसी, दानिश खान, कमल कांत तिवारी, रूपेश सराफ, टीकाराम भगत जी, काजू रस्तोगी सरदार कुलवीर सिंह, अज़ीम अब्बासी, सनी गुप्ता व प्रमोद सैनी आदि रहे।

परास्नातक की वार्षिक परीक्षा 10 अप्रैल से होगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम किया जारी

अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के बाद परास्नातक की वार्षिक परीक्षा का भी कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 10 अप्रैल से शुरू होगी। अभी पांच मार्च तक 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरे जा रहे हैं। परास्नातक परीक्षा में करीब 62 हजार व्यक्तिगत छात्र शामिल होंगे।

विश्वविद्यालय जल्द ही बीएड समेत अन्य बचे हुए पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी करेगा। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक 10 अप्रैल से एमए, एमएससी और एमकॉम प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षा शुरू होगी। परीक्षा सुबह 7 से 10 बजे की पाली में होगी और 27 अप्रैल को समाप्त होगी।

विश्वविद्यालय की स्नातक परीक्षा 19 मार्च से शुरू होगी और 24 मई तक चलेगी। इसके अलावा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा 1 से 18 अप्रैल तक होगी।

बरेली में खड़ी कार का रामपुर में चालान

बरेली, अमृत विचार : रामपुर में ट्रैफिक पुलिस ने बरेली में खड़ी कार का ओवरलोडिंग में चालान कर दिया। कार मालिक के मोबाइल पर जब चालान का मेसेज पहुंचा तो वह हैरान रह गए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर पुलिस अधिकारियों से शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र के बांसमंडी निवासी शौमी सिराज ने बताया कि एक मार्च को उनकी कार घर में खड़ी थी। शाम को करीब सात बजे उनके मोबाइल पर मेसेज पहुंचा तो पता चला कि कार का चालान रामपुर यातायात पुलिस ने किया है। यही नहीं पुलिस ने कार का चालान ओवरलोडिंग में किया है, जैसे कार नहीं ट्रक हो। ढाई हजार के चालान की जानकारी मिलने पर उन्होंने बरेली और रामपुर पुलिस को एक्स पर पोस्ट करके शिकायत की है। शिकायत के बाद अब वेबसाइट पर चालान नहीं दिख रहा है।

खोया-पाया

मेरा हाईस्कूल संस्थागत परीक्षा 2023 अनुक्रमांक 1230349301 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।
अखिलेश यादव पुत्र प्रताप सिंह ग्राम मोलनपुर डांडा पोस्ट गवां थाना रजपुरा तहसील गुन्नौर संभल।

नाम परिवर्तन

वोटर कार्ड में मेरा नाम बाबू अंकित है जबकि आधार कार्ड, पैन कार्ड में वर्तमान नाम बाबू खां अंकित है। भविष्य में मुझे मेरे वर्तमान नाम बाबू खां से जाना व पहचाना जाये।
बाबू खां पुत्र श्री इरफान निवासी ग्राम करनपुर थाना डिडौली पो० चौधरपुर जिला अमरोहा (उ.प्र.)

कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक, मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद

पत्रांकः- 2520/स्वी.अनु./गेहूँ खरीद/ई-टेन्डरिंग/2023-2024 दिनांकः- 02 मार्च, 2024

-: गेहूँ खरीद हैण्डलिंग व परिवहन कार्य हेतु ई-टेण्डर नोटिसः-

आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ०प्र०, जवाहर भवन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक- 6360/अ०आ०वि०/र०वि०व०-08/2024-25 लखनऊः दिनांक-26 दिसम्बर, 2023 व शासन के पत्रांक-483/29-05-2023 (E.1761570) लखनऊः दिनांक-26.12.2023 एवं आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग, उ०प्र०, जवाहर भवन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक-6210/अ०आ०वि०/र०वि०व०-06/2024-25 लखनऊः दिनांक-15 दिसम्बर, 2023 के अनुपालन में मुरादाबाद सम्भाग में गेहूँ खरीद वर्ष 2024-25 के अर्न्तगत खाद्य विभाग के विपणन शाखा व भा०खा०नि० व पी०सी०एफ० व कृ०उ०म०समि० के कुल 20 गेहूँ क्रय केन्द्रों (जनपद रामपुर में 07 व जनपद अमरोहा में 10 एवं जनपद बिजनौर में 03 क्रय केन्द्र) अनुमोदित किये गये है। जिस पर ठेकेदारों/फर्मो से ऑनलाइन ई-टेण्डरिंग के माध्यम से हैण्डलिंग एवं परिवहन कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। उक्त क्रय केन्द्रों पर हैण्डलिंग कार्य य परिवहन कार्य की निविदाएं पृथक-पृथक केन्द्रवार प्राप्त की जायेगी। निर्धारित प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी ऑन लाइन बेबसाइट https://etender.up.nic.in एवं विभागीय वेबसाइट www.fcs.up.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। हैण्डलिग कार्य के लिये निविदा प्रपत्र शुल्क रूपये 590/- (जी०एस०टी० सहित) व परिवहन कार्य के लिये निविदा प्रपत्र शुल्क रूपये 590/- (जी०एस०टी० सहित) आर०टी०जी०एस० के माध्यम से सम्भागीय वरिष्ठ लेखाधिकारी (खाद्य), मुरादाबाद, सम्भाग मुरादाबाद के खाता सं0-34446938072 एवं आई०एफ०एस०सी० कोड-SBIN0000682 में जमा किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ हैण्डलिंग कार्य हेतु धरोहर धनराशि रूपये 5000/- (पांच हजार रुपये मात्र) व परिवहन कार्य हेतु धरोहर धनराशि रूपये 10000/- (दस हजार रुपये मात्र) डिमांड ड्राफ्ट एवं आर०टी०जी०एस०/एन०ई०एफ०टी० के माध्यम से सम्भागीय वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (खाद्य) मुरादाबाद के पदनाम से मुरादाबाद पर देय होगा। प्रत्येक निविदा के साथ पृथक-पृथक निविदा शुल्क (आर०टी०जी०एस०) एवं धरोहर धनराशि की रिसीट/रसीद स्केन्ड / यू०टी०आर० स्केन्ड प्रति आन लाइन प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी। निविदादाता द्वारा निविदा के साथ संलग्न सूची के अनुसार प्रत्येक केन्द्र के लिए पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र संलग्न किये जायेंगे।

परिवहन कार्य हेतु ऑनलाइन ई-निविदा में एम०एस०एम०ई०(MSME) प्रमाण पत्र से मात्र धरोहर धनराशि में छूट प्रदान की जायेगी। अर्थात् अन्य निविदादाताओं के साथ-साथ एम०एस०एम०ई०(MSME) प्रमाण पत्र धारक को भी ई-निविदा प्रपत्र शुल्क देना अनिवार्य होगा।

निविदा प्रपत्र आनलाइन वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर ई-टेण्डरिंग की निविदा दिनांक 03.03.2024 के प्रातः 09:00 बजे से 10.03.2024 तक अपरान्ह 06.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। टैक्निकल विड दिनांक 11.03.2024 अपरान्ह 12.00 बजे से निविदा समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। टैक्निकल विड के परिक्षण उपरान्त फाइनेंसियल विड 13.03.2024 को अपरान्ह 12.00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। टेन्डर फार्म में नियम एंव शर्ते धरोहर धनराशि निविदा सूचना के अनुसार ऑन लाइन/आफ लाइन अधोहस्तक्षरी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की किसी भी शर्तों का परिवर्तित करने तथा निविदा को बिना कोई कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक, मुरादाबाद, सम्भाग मुरादाबाद के पास सुरक्षित रहेगा। **निविदा की किसी भी शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई-टेण्डर बेबसाइट https://etender.up.nic.in एंव विभागीय वेबसाइट www.fcs.up.gov.in पर उपलब्ध होंगे।**

सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक,
मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद

गैंगरेप मामले में प्रमुख सचिव गृह को हाईकोर्ट का समन

पीड़िता के रिश्ते में भाई को हाईकोर्ट ने दी बड़ी राहत

चित्रकूट कार्यालय

अमृत विचार : मानिकपुर के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में शिक्षकों द्वारा एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस द्वारा पीड़िता के रिश्ते के भाई को ही दोषी बनाने का संज्ञान हाईकोर्ट ने लिया है। पीड़िता के भाई ने हाईकोर्ट के इस फैसले पर खुशी जाहिर की है। पीड़ित के अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने बताया कि इस मामले में हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह को व्यक्तिगत रूप से 16 अप्रैल को उपस्थित होने के लिए सम्मन जारी किया है और पुलिस का पक्ष रखने को कहा है।

गौरतलब है कि मानिकपुर के एक कालेज में पिछले साल जुलाई-अगस्त में एक सनसनीखेज मामला सुर्खियों में रहा था। हाईस्कूल की एक छात्रा ने कालेज के प्रधानाचार्य समेत चार शिक्षकों पर लगभग चार माह से लगातार दुराचार करने का आरोप लगाया था। तब पुलिस ने तीन आरोपियों सहित पीड़िता के फुफेरे भाई को भी जेल भेज दिया था।

पीड़ित के अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने बताया कि इस पर 29 जुलाई 23 को ही एफआईआर दर्ज की गई थी और उसी दिन इसे जेल भेज दिया गया था। छह महीने तक इसे जेल में रहना पड़ा और तब जमानत हुई थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने पीड़ित की ओर से हाईकोर्ट में मिसलेनियस अपलीकेशन दिया था। इस पर उच्च न्यायालय ने पीड़ित युवक को बड़ी राहत दी है। अधिवक्ता ने बताया कि कोर्ट ने पूरे मामले में प्रथमदृष्टया पीड़ित युवक के खिलाफ कोई सुबूत न मिलने की बात मानी है और मुख्य सचिव गृह (प्रिंसिपल सेकेट्री होम) को 16 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पुलिस का पक्ष, कि किन परिस्थितियों और सुबूतों के आधार पर पीड़िता के भाई को दोषी बनाया, रखने के आदेश जारी किए हैं। अधिवक्ता ने यह भी जानकारी दी कि इस अवधि के दरम्यान कोर्ट ने पीड़ित के खिलाफ कोई भी अपराध न निर्धारित करने के भी आदेश दिए हैं।

कोर्ट में हाजिर नहीं हुए राहुल गांधी सुनवाई 13 को

सुलतानपुर, अमृत विचारः केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी शनिवार को विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। उनके अधिवक्ता काशी शुक्ल ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की बात कहते हुए हाजिरी माफ करने की अर्जी दी, जिस पर परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने विरोध जताया। कोर्ट ने राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 13 मार्च की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था।

सिपाही की भूमि विवाद में फावड़ा, चाकू से नृशंस हत्या

संवाददाता, (सैफई) इटावा

अमृत विचार : सैफई थाना क्षेत्र के गांव गोबेपुरा में शुक्रवार की रात को छुट्टी पर घर आए सिपाही की फावड़ा व चाकू मार कर हत्या कर दी गई। सिपाही मथुरा जिले में तैनात था। हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वारदात की जानकारी मिलने पर पुलिस के आलाअधिकारी मौके पर पहुंचे और पड़ताल की। मृतक के भाई ने अपने ताऊ व उसके नाती पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने हत्या के पीछे जमीन को लेकर रंजिश बताई है।

क्षेत्र के गांव गोबेपुरा लरखौर गांव निवासी अनिल कुमार यादव (38) पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात था। इस समय तैनाती मथुरा जिले में सीओ के चालक के पद पर थी। वह 2006 में पुलिस में भर्ती हुआ था। शुक्रवार की शाम वह आलू खुदवाने के लिए छुट्टी लेकर घर आया था। शाम को खाना खाने के बाद खेत पर लगे ट्यूबवेल पर सोने चला गया। शनिवार की सुबह गांव का प्रमोद खेत पर गया तो कमरा खुला हुआ था और अनिल का खून से सना शव पड़ा था। प्रमोद ने जानकारी अनिल के परिवार के लोगों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। एसएसपी संजय वर्मा, एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह के अलावा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सिपाही के शरीर पर कई वार किए गए थे। एसएसपी ने बताया कि सिपाही अनिल कुमार का अपने ताऊ से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार की शाम भी दोनों में विवाद हुआ था। इसी के चलते उसकी हत्या कर दी गई। मृतक के भाई नीरज कुमार ने अपने ताऊ दर्शन सिंह उनके पुत्र ओमपाल व नाती अभिषेक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। मामला दर्ज कर दर्शन और अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया।

सार-संक्षेप

गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई टली

सुलतानपुर, अमृत विचार : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गवाह के न आने के कारण सुनवाई के लिए कोर्ट ने चार मार्च की तारीख नियत की है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान कोर्ट में दर्ज किया जा चुका है। कोर्ट में शनिवार को परिवादी के अन्य गवाह का बयान होना था। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

जेल में बने थैलों में मिलेगा रामलला का प्रसाद

अयोध्या, अमृत विचार : श्री रामलला का प्रसाद अब जेल में बंदियों द्वारा बनाये गये थैलों में भी देने की तैयारी है। फतेहपुर जेल की पॉलीथिन मुक्त पहल को देखते हुए श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने जेल अधीक्षक को थैलों की आपूर्ति के लिए पत्र लिखा है। विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने शनिवार को बताया कि फतेहपुर जेल के अधीक्षक मोहम्मद अकरम खान ने ट्रस्ट के पास बंदियों के हाथ से बने राम मंदिर छपे भगवा रंग के 1100 थैले भिजवाये थे। अधीक्षक ने बताया था कि पॉलीथिन मुक्त भारत अभियान के तहत जेल के बंदियों ने इसे स्वयं तैयार किया है। श्री रामजन्म भूमि तीर्थ ट्रस्ट के महामंत्री को थैला पसंद आया तो उन्होंने भुगतान के आधार पर और थैलों की मांग भेजी है। इसमें उन्होंने छपाई में थोड़ा संशोधन और आकार कुछ बड़ा करके इन थैलों का मांगपत्र भेजा है। ट्रस्ट 10×10 इंच के 5000 भगवा थैला को प्रथम चरण में मंगा कर के बंदियों के परिश्रम का सम्मान बढायेगा।

भरोसा बरकरार, लल्लू सिंह को फिर मिला टिकट

अयोध्या, अमृत विचार : भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने एक बार फिर मौजूदा सांसद लल्लू सिंह पर भरोसा जताते हुए फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। उनके नाम का शनिवार देर शाम एलान होते ही आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। भाजपा के पुराने पार्टी कार्यालय पर आतिशबाजियां की गईं और पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। जय श्रीराम के नारे लगाए। लल्लू सिंह 2004 में मित्रसेन से और 2009 में निर्मल खत्री से लोकसभा चुनाव हार गए थे। इसके बाद 2014 से लेकर अब तक वह दो बार से लगातार संसदीय क्षेत्र से सांसद हैं। पांचवीं बार टिकट पाने के बाद लल्लू सिंह ने कहा कि यह सब रामलला की कृपा है। उन्हीं के आशीर्वाद से एक बार फिर भाजपा लोकसभा चुनाव में अपना परचम लहराएगी। देर शाम केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर पहुंचे सांसद लल्लू सिंह का पूर्व जिलाध्यक्ष कमलाशंकर पांडेय, अवधेश पांडेय बादल, पूर्व नपा अध्यक्ष विजय गुप्ता, भाजपा नेता गिरीश पांडेय डिप्पुल समेत अन्य नेताओं ने स्वागत किया और बधाई देते हुए उन्हें मिठाई खिलाई।

कल मध्य प्रदेश की कैबिनेट करेगी रामलला के दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : लोस चुनाव से पहले भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री व मंत्री रामलला के समक्ष पहुंचने लगे हैं। सोमवार को मध्य प्रदेश की सरकार रामलला के दरबार में हाजिरी लगाएगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में उनकी कैबिनेट अयोध्या पहुंच रामलला का दर्शन-पूजन करेगी।

पेपर वायरल कर यूपी बोर्ड को बदनाम करने की थी साजिश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- जांच कमेटी ने सभी तथ्य जुटाने के बाद निकाला निष्कर्ष
- आरोपी की गिरफ्तारी के बाद अधिकरियों ने ली राहत की सांस

अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान आगरा के अतर सिंह इंटर कॉलेज में प्रश्नपत्र की फोटो वायरल किए जाने के मामले में शिक्षा विभाग की जांच कमेटी भी अपने निष्कर्ष पर पहुंच गई है। जांच कमेटी ने पाया कि एक षडयंत्र के साथ यूपी बोर्ड को बदनाम करने की साजिश रची गई थी। इसमें कोई बाहरी गैंग सक्रिय नहीं था। प्रश्नपत्र की फोटो को वायरल किए जाने के मुख्य आरोपी केन्द्र व्यवस्थापक बने प्रिंसिपल के बेटे विनय चौधरी की गिरफ्तारी के बाद बोर्ड के अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। आरोपी ने माना भी है कि उसने खुद से पेपर की फोटो खींचकर वायरल किया था। यूपी बोर्ड की परीक्षा में इंटरमीडिएट गणित और जीव विज्ञान के प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले में पुलिस की जांच के अलावा भी शिक्षा विभाग ने एक जांच कमेटी बनाई थी, जिस पर कमेटी ने पाया कि बोर्ड को बदनाम करने की साजिश थी।

निदेशक ने दिया ये तर्क

अमृत विचार से बातचीत करते हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने बताया कि पेपर की फोटो को स्कूल के ग्रुप पर वायरल किया था। ऐसे में कुछ चुनिंदा लोगों को पास कराने की साजिश नहीं कह सकते हैं। निदेशक ने कहा कि पुलिस भी अपनी जांच कर रही है, लेकिन विभाग की ओर से गठित टीम ने अब पाया है कोई इसमें बाहरी गैंग सक्रिय नहीं नही था। जिसके बाद कॉलेज की मान्यता भी समाप्त कर दी गई है। निदेशक ने कहा विभागीय जांच कमेटी ने भी जांच स्थगित कर दी है।

पांच शहरों के लिए उड़ान सेवाएं स्थगित

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ से चित्रकूट, मुरादाबाद, अलीगढ़ सहित पांच जिलों के लिए शनिवार से शुरू होने वाली उड़ान सेवाएं स्थगित कर दी गई हैं। अब ये सेवाएं 8 या 9 मार्च को शुरू हो सकती हैं और प्रधानमंत्री इसकी शुरुआत कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उडान) को गति देने के उद्देश्य से चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से सस्ती उड़ान सेवाओं को शुरू किया जा रहा है। फ्लाई बिग एयरलाइंस की ओर से लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और आजमगढ़ के लिए उड़ानें शुरू करने की घोषणा हुई थी। एयरलाइंस की ओर से डी-हेवीलैंड डीएससी6-400 एयरक्राफ्ट इस्तेमाल किया जाएगा। फ्लाई विग एयरलाइंस की ओर से विमान सेवाएं शुरू की जा रही हैं। इसका शेड्यूल बीते बुधवार को जारी किया गया था। इसमें 19 सीटर विमानों का इस्तेमाल किया जाएगा।

पाकिस्तानी जासूस को 10 साल की जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : वर्ष 2011 में मुरे कंपनी पुल के पास एसबीआई के एटीएम बूथ से गिरफ्तार किए गए पाकिस्तानी जासूस को शनिवार को एडीजे आठ की कोर्ट ने 10 साल की सजा सुना दी। एटीएस ने उसके खिलाफ रेलबाजार थाने में देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने का अपराध करने की साजिश की धारा में मुकदमा दर्ज कराया था।

देश की गोपनीय जानकारी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को मिलने की जानकारी काफी समय से लखनऊ एटीएस को मिल रही थीं। वर्ष 2011 में एटीएस लखनऊ के एसपी रविंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मामले की जांच के लिए टीमें शहर में डेरा जमाए थीं। इसी दौरान 18 सितंबर 2011 को टीम के दरोगा विमलेश कुमार राय सेंट्रल स्टेशन पर थे, तभी जानकारी मिली कि रांची थाना जगन्नाथपुर, धुर्वा का रहने वाला फैसल रहमान उर्फ गुड्डू आईएसआई का एजेंट है और मुरे कंपनी पुल स्थित एसबीआई के एटीएम पर खड़ा है। एटीएस की दो टीमों ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसके पास से संवेदनशील नक्शे, होटलों में रुकने के कैश मेमो, डॉक्टर का पर्चा आदि बरामद हुए थे। मामला एडीजे आठ राम अवतार यादव की कोर्ट में चल रहा था। अभियोजन पक्ष ने मुकदमे में 11 गवाहों को पेश किया। कोर्ट ने फैसल रहमान को दोषी पाकर 10 साल कारावास व 50 हजार जुर्माने की सजा सुना दी। पूछताछ में फैसल ने बताया था कि वह बीए तक शिक्षित था और उच्च शिक्षा के लिए रूस में करीब तीन साल रहा था। इसके बाद वह कराची, जमशेद रोड स्थित अपनी मौसी जाकिया मुमताज के पास गया और तीन माह रहकर वापस आया। 1997 में फैसल ने अपनी मौसेरी बहन साइमा फैसल से कराची में शादी की, जो कि गवर्नमेंट इस्लामिया कॉलेज में लेक्चरर थी।

25 दिन की ट्रेनिंग के बाद भेजा भारत

आईएसआई अधिकारी की बात मानने के बाद फैसल को कराची के आईएसआई आफिस में 25 दिन ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान भारतीय सेना की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद उसे भारत भेजा गया। यहां करीब आठ, नौ साल आईएसआई के लिए वह काम करता रहा। इस दौरान उसे करीब 12 लाख रुपये आईएसआई ने दिए, जो कराची के बैंक खाते में जमा होते थे। फैसल हवाला के जरिए रुपया देश में मंगवाता था। फैसल रांची, प्रयागराज, झांसी, बबीना, कानपुर कैंट की सूचनाएं इंटरनेट के माध्यम से भेजता था।

राजनीतिक दलों को बताना होगा क्यों चुने अपराधिक छवि के प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि अपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों को तीन बार समाचार पत्रों में अपनी अपराधिक छवि के बारे में प्रकाशित करवाना पड़ेगा। इसके अलावा राजनीतिक दलों को भी समाचार पत्रों में यह प्रकाशित करवाना पड़ेगा कि क्यों उन्होंने अपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशी का चुनाव किया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त शनिवार को विधान भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पूर्व में हुए चुनावों में जिन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान कम होता आया है, उनका चिन्हांकन कर वहां पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस बार प्रकाशित हुए मतदता सूची में प्रदेश में अब तक 15 करोड़ 29 लाख 22 हजार मतदाता हैं, जिसमें महिलाओं की संख्या 7.15 करोड़ है। 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 31 हजार से अधिक है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि इस बार थर्ड जेंडर, दिव्यांगजन और नए मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। प्रदेश के मतदाताओं से चुनाव के महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने व मतदान के दिन वोट डालने का आग्रह किया गया है।

लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा करने प्रदेश के भ्रमण पर आये भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने कार्यक्रम के तीसरे दिन 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' स्लोगन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए योजना भवन से ट्राई कलर गुब्बारों को आकाश में छोड़ा और एलईडी युक्त तीन मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन को फ्लैग ऑफ कर 22 जिलों के लिए रवाना किया। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन स्वीप योजना के तहत 19 लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले लो वोटर टर्न आउट वाले 22 जिलों में भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक करेंगी।

आयोग ने की मुख्य सचिव व डीजीपी के साथ बैठक

भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों के साथ ही मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार और 18 विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिवों के साथ बैठक की और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।

न्यायालय से धोखाधड़ी करने वाले किसी राहत के हकदार नहीं

विधि संवाददाता,प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग की एक प्रथा प्रचलित होने को गंभीरता से लेते हुए कहा कि बेईमान लोगों ने न्यायालय को अनिश्चितकाल तक अवैध लाभ लेने के लिए सुविधाजनक लीवर मान लिया है।

अदालत का दरवाजा खटखटाने वाला वादी मुकदमे से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए बाध्य है। अगर वह लाभ प्राप्त करने के लिए किसी महत्वपूर्ण दस्तावेज को रोक देता है तो निश्चित रूप से वह न्यायालय के साथ-साथ विपक्षी के साथ भी धोखाधड़ी करने का दोषी माना जाएगा। कोर्ट ने आगे कहा कि साफ हाथों से न्यायालय आने वाले लोगों का विश्वास उस क्षण टूट जाता है, जब यह पता चलता है कि भौतिक तथ्यों को छिपाया गया है। न्यायालय ऐसे याचियों को कोई भी राहत देने के लिए बाध्य नहीं है जो अवैध लाभ कमाने और धोखाधड़ी के उद्देश्य से मुकदमेबाजी में शामिल होते हैं। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर बी सर्राफ ने मैसर्स जीनियस ऑर्थो इंडस्ट्रीज की याचिका को खारिज करते हुए की। याची ने संयुक्त आयुक्त सीजीएसटी (अपील), मेरठ द्वारा अपना जीएसटी पंजीकरण रद्द करने के 27 फरवरी 2023 के आदेश से व्यथित होकर वर्तमान याचिका दाखिल की थी। याची का पंजीकरण इस आधार पर रद्द कर दिया गया था कि भौतिक सत्यापन के दौरान अधिकारियों ने यह पाया कि उक्त परिसर में कोई व्यावसायिक गतिविधि संचालित नहीं हो रही थी। याची को कई बार फोन किया, लेकिन उसका फोन बंद था। विभाग द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसका याची ने जवाब दिया, लेकिन इसके बाद उसका पंजीकरण रद्द करने का आदेश पारित कर दिया गया।

वर्ग पहेली-360

बाएं से दाएं

1. काम-काज अथवा उद्योग-धंधे में लगा रहने वाला, जिसके हाथ में अनेक काम रहते हों, उद्यमी।
4. 1. सुंदर, आकर्षक, मनोहर 2. जिसपर चिह्न या निशान हो, चिह्नित, अंकित।
5. 1. गाड़ी या हल के जुए की लकड़ी जिसके दोनों ओर बैल जोते जाते हैं 2. गाटा।
7. श्मशान में रहने वाली स्त्री, डाकिनी, पिशाचिनी।
8. 1. जिसमें चुंबक या उसके समान गुण हो 2. चुंबक संबंधी।
11. 1. विस्तृत, लंबा-चौड़ा, फैला हुआ 2. जो संकरा न हो।
12. 1. धोखा या चकमा देकर शत्रु पर प्रहार करने वाला व्यक्ति 2. गमन 3. पलायन।, 1. सरका हुआ, खिसका हुआ 2. गत 3. विचलित।

ऊपर से नीचे

1. 1. कार्य, काम, रोज़गार, धंधा, व्यापार, व्यवसाय 2. कारण, प्रयोजन, हेतु 3. विवाह आदि कोई शुभ कार्य 4. कपड़े में बटन लगाने का छेद।
2. रसायन विज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवित वस्तुओं में होने वाले रासायनिक प्रक्रमों और वस्तुओं का अध्ययन होता है।
3. 1. दुमककर चलने की अवस्था
6. छोटा नगाड़ा जिसे बजाकर किसी प्रकार की घोषणा की जाती है, डुग्गी, डुगडुगी।
9. 1. किसी कार्य या उपलब्धि में अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे बढ़ जाने की स्थिति 2. चुनाव आदि में एक दल के प्रत्याशी का दूसरे दल के प्रत्याशी से मतों की संख्या में आगे बढ़ जाना, (लीड)।
10. 1. आघात, टक्कर 2. समूह, जमाव, समष्टि 3. हत्या, वध 4. निवास, रहने की जगह 5. शरीर, देह।



वर्ग पहेली - 359 का हल

1 उ	■	■	2 त	■
3 रा	■	4 सा	र	को
मा	■	5 कु	ली	न
■	यु	■	ता	■
ध	■	6 अ	र	थी
■	7 तृ	षा	वा	न
■	■	री	■	8 अ
भि				

सुडोकू -77

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9		8				1		
	5		9	4			6	8
6					3	9		
3	2		7			6		4
		4		2			5	
1		9			6	8		3
	1		8		4			
	9	6				5		7
			5			4		

सुडोकू - 76 का हल

4	1	7	8	9	6	5	2	3
2	3	6	4	1	5	8	7	9
9	8	5	7	3	2	4	1	6
8	2	4	6	7	9	1	3	5
6	5	1	2	8	3	7	9	4
7	9	3	1	5	4	2	6	8
5	4	2	3	6	7	9	8	1
3	7	8	9	4	1	6	5	2
1	6	9	5	2	8	3	4	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 08 .44 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 15 .55 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष — आज आप किसी अटके हुए कार्य के कारण काफी परेशान हो सकते हैं। तनाव के कारण आप अपने काम पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे लोगों से अपने मन की बातें शेयर न करें जो आपकी भावनाओं को उचित महत्व न देते हों।

वृष — आज यदि कहीं बाहर का भोजन ग्रहण कर रहे हैं तो सावधानी बरतें। स्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपको कुछ नया और रोमांचक करने का अवसर मिलेगा,जो भी काम शुरू करेंगे उसे सफलतापूर्वक अंजाम तक भी पहुंचा लेंगे।

मिथुन — आज दूसरों के साथ तालमेल बैठाने में कई बार थोड़ी परेशानी महसूस होगी। स्वयं की गलतियों को पहचानें और उसे दूर करने का प्रयास करें। जॉब में उच्चाधिकारी आपके प्रदर्शन से संतुष्ट रहेंगे। व्यवसाय की गति काफी अच्छी रहेगी।

कर्क — आज बिगड़े रिश्तों को सुधारने की दिशा में प्रयास कर सकते हैं। प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा करेंगे। दोस्तों के साथ बाहर कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक समस्याओं को लेकर आप थोड़ा संवेदनशील रहेंगे।

सिंह — आज बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। सरकारी कार्य थोड़े उलझते हुए प्रतीत हो रहे हैं। संपत्ति के माध्यम से आपको धन लाभ भी हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ अपेक्षा से कम होगा।

कन्या — आज आप अपनी उपलब्धियों के कारण आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। परिजनों के साथ आप घूमने की योजना बना सकते हैं। आपको एक साथ कई शुभ समाचार सुनने को मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

तुला — आज शाम के समय पुराने दोस्तों से मिलकर के मन प्रसन्न होगा। आप किसी काम के अटकने के कारण थोड़े व्यथित हो सकते हैं। धैर्यवान बने रहें जल्द ही आपके सभी कार्य बनते नजर आएंगे। आय के नए स्रोत बनने की संभावना भी प्रबल है।

वृश्चिक — आज आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। प्रेमी जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधने को लेकर योजना बना सकते हैं। पारिवारिक जीवन आनंदमय रहेगा। नए कारोबारी संबंध विकसित हो सकते हैं। काम के साथ ही आप समाज को भी पर्याप्त महत्व देने वाले हैं।

धनु — आज दूसरों के काम की जिम्मेदारी बिल्कुल न लें। घर का माहौल शाम के समय अच्छा रहेगा। मैनेजमेन्ट से जुड़े हुए क्षेत्र में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आप जैसा चल रहा है बस उसे वैसा ही चलने दें। गुस्से पर नियंत्रण रखें।

मकर — आज रिश्तेदारों के साथ किसी आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। बच्चों की सफलता पर आपको गर्व की अनुभूति होगी। ऐश्वर्य और विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। पुराने निवेश का लाभ आपको मिल सकता है।

कुंभ — आज आप नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोग परिवार के साथ क्वालिटी समय बिताना चाहेंगे। स्वजनों से खूब प्रेम व सत्कार मिलेगा। छात्रों के करियर को लेकर दिन बड़ा भाग्यशाली है। सभी जरूरी काम आप समय पर कर लेंगे।

मीन — आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। करियर को लेकर आप काफी उत्साहित और सकारात्मक रहेंगे। धार्मिक पूजा-पाठ में सम्मिलित हो सकते हैं। लोग आपको सुनना पसंद करेंगे। आपका व्यवहार सभी के प्रति बहुत उदार रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तकदीर का तमाशा — सुबह : 09 .26
- भाई जी सुपरहिट — रात : 08 .28

SONY PIX
- स्पाइडर मैन — सुबह : 10 .49
- सर्चिंग — रात : 08 .59

SONY SMAX
- ता रा रम पम — सुबह : 09 .45
- 12 वीं फेल — रात : 07 .00

ZEE CINEMA
- तलाश — सुबह : 10 .30
- कृष — रात : 10 .00

colors CINEPLEX
- दोस्ताना — सुबह : 09 .35
- कभी खुशी कभी गम — रात : 10 .18

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए।
पति भूत बना और बीवी बनी चुड़ैल कुछ समय बाद दोनों मिले।
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा,लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

टीएमसी का अर्थ तू, मैं और करप्शन है: मोदी

प्रधानमंत्री ने तृणमूल पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, टीएमसी ने किया पलटवार

कृष्णानगर/कोलकाता, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ हमला तेज करते हुए उसे ''उत्पीड़न, वंशवाद की राजनीति और विश्वासघात'' का पर्याय करार दिया तथा आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने योजनाओं को घोटालों में बदलने में ''महारत'' हासिल कर ली है। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल के विकास और देश की प्रगति के बीच आपसी संबंध पर जोर दिया तथा राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट जीतने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी का अर्थ अब हो गया है-''तू, मैं और करप्शन (भ्रष्टाचार)।'' उन्होंने ''केंद्रीय योजनाओं को अपना बताने'' और ''भ्रष्टाचार एवं पक्षपात'' की संस्कृति को बढ़ावा देने को लेकर तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की। मोदी ने कहा, ''टीएमसी ने पश्चिम बंगाल की छवि खराब कर दी है।

बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में आयोजित एक आधिकारिक कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा- आज हम विकसित पश्चिम बंगाल की ओर एक और कदम बढ़ा रहे हैं। कल, मैंने 7,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया था। इनमें रेलवे, बंदरगाह और पेट्रोलियम समेत अन्य विकास परियोजनाएं शामिल थीं। मोदी ने कहा मैं आज फिर 15,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर रहा हूं।

बिहार : मोदी ने 21,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया अनावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के औरंगाबाद जिले में 21,400 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने रतनवा गांव में एक आधिकारिक समारोह में परियोजनाओं का अनावरण किया। कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र वी अर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा और कई केंद्रीय मंत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा-ज्ञान की भूमि बिहार आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं औरंगाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहा हूं। औरंगाबाद ने कई स्वतंत्रता सेनानियों और बिहार विभूति श्री अनुग्रह नारायण जैसी महान हस्तियों को जन्म दिया है।

बारामती में नमो रोजगार मेले में शामिल हुए शरद पवार

बारामती। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार के प्रमुख शरद पवार शनिवार को बारामती में 'नमो रोजगार मेला 2024' के उद्घाटन के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ मौजूद थे। बारामती पवार का गढ़ माना जाता है। शरद पवार का नाम इस रोजगार मेले के लिए आमंत्रित व्यक्तियों की सूची में शुरू में शामिल नहीं था लेकिन इसमें राकांपा संस्थापक की मौजूदगी ने सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। शरद पवार ने इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस तथा अजित पवार को अपने आवास पर भोजन के लिए बुलाया। वहीं शिंदे और फडणवीस ने व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देकर भोजन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।

यूपी से भाजपा के इन उम्मीदवारों के नामों का एलान

लोकसभा चुनाव: 2024

- वाराणसी से पीएम नरेंद्र मोदी
- कैराना से प्रदीप कुमार
- मुजफ्फरनगर से संजीव कुमार बालियान
- नगीना से ओम कुमार
- रामपुर से घनश्याम लोधी
- संभल से परमेश्वर लाल सैनी
- अमरोहा से कंवर सिंह तंवर
- गौतम बुद्धनगर से महेश शर्मा
- बुलंदशहर से भोला सिंह
- मथुरा से हेमा मालिनी
- आगरा से सत्यपाल सिंह बघेल
- फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर
- एटा से राजवीर सिंह "राजू भैया"
- आंवला से धर्मेन्द्र कश्यप
- शाहजहांपुर से अरुण कुमार सागर
- खीरी से अजय मिश्रा टेनी
- धौरहरा से रेखा वर्मा
- सीतापुर से राजेश वर्मा
- हरदोई से जय प्रकाश रावत
- मिश्रिख से अशोक कुमार रावत
- उन्नाव से साक्षी महाराज
- मोहनलालगंज से कौशल किशोर
- लखनऊ से राजनाथ सिंह
- अमेठी से स्मृति ईरानी
- प्रतापगढ़ से संगम लाल गुप्ता
- फर्रुखाबाद से मुकेश राजपूत
- इटावा से राम शंकर कठेरिया
- कन्नौज से सुब्रत पाठक
- अकबरपुर से देवेन्द्र सिंह "भोले"
- जालौन से भानु प्रताप सिंह वर्मा
- झांसी से अनुराग शर्मा
- हमीरपुर से कुं. पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल
- बांदा से आरके सिंह पटेल
- फतेहपुर से निरंजन ज्योति
- बाराबंकी से उपेंद्र रावत
- फैजाबाद से लल्लू सिंह
- अम्बेडकरनगर से रितेश पांडेय
- श्रावस्ती से साकेत मिश्रा
- गोंडा से कीर्तिवर्धन सिंह
- डुमरियागंज से जगदम्बिका पाल
- बस्ती से हरीश द्विवेदी
- संतकबीरनगर से प्रवीण कुमार निषाद
- महराजगंज से पंकज चौधरी
- गोरखपुर से रवि किशन
- कुशीनगर से विजय कुमार दुबे
- बांसगांव से कमलेश पासवान
- लालगंज से नीलम सोनकर
- आजमगढ़ से दिनेश लाल यादव निरहुआ
- सलेमपुर से रविन्द्र कुशवाहा
- जौनपुर से कृपा शंकर सिंह
- चंदौली से महेंद्र पांडेय।

एक नजर

केयी पानयोर बना अरुणाचल प्रदेश का 26वां जिला

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के लोअर सुबनसिरी से अलग करके केयी पानयोर को राज्य का 26वां जिला बनाया गया है। न्यीशी समुदाय के लोग नए जिले की लंबे समय से मांग कर रहे थे। इस जिले का मुख्यालय टेर गापिन-सैम सार्थ में होगा। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य की जनता को नया जिला बनने की बधाई दी और कहा कि केयी पानयोन जिले के गठन से विकास और प्रगति के नए युग की शुरुआत होगी।

महाराष्ट्र में खड़ी ट्रेन के कोच में आग लगी

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रेलवे यार्ड में खड़ी एक ट्रेन के खाली डिब्बे में आग लग गयी। मध्य रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मध्य रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुंबई से करीब 70 से 80 किलोमीटर दूर बदलापुर के रेलवे यार्ड में खड़ी ट्रेन के डिब्बे में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात करीब एक बजकर 20 मिनट पर आग लगी। उन्होंने बताया कि रेल करजात जाने वाली पटरी पर खड़ी हुई थी। प्रवक्ता ने बताया, ''रेल का डिब्बा आग में जलकर पूरी तरह से खाक हो गया। हालांकि, इस घटना में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है।

त्रिपुरा की समस्याओं के समाधान के लिए हुआ त्रिपक्षीय समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्री की उपस्थिति में समझौते पर किए गए हस्ताक्षर
- अमित शाह बोले-सरकार ने इतिहास का सम्मान किया है

त्रिपुरा के मूल निवासियों की समस्याओं के स्थायी समाधान के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शनिवार को टिपरा मोथा और त्रिपुरा तथा केंद्र सरकारों के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

शाह ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर करके सरकार ने इतिहास का सम्मान किया है, पिछली गलतियों को सुधारा है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने के लिए वर्तमान वास्तविकता को स्वीकार किया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार समझौते के तहत, त्रिपुरा के मूल लोगों के इतिहास, भूमि और राजनीतिक अधिकारों, आर्थिक विकास, पहचान, संस्कृति और भाषा से संबंधित सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने पर सहमति व्यक्त की गई। शाह ने कहा, ''मैं त्रिपुरा के सभी हितधारकों को आश्वस्त करता हूं कि अब आपको अपने अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। भारत सरकार आपके अधिकारों की रक्षा के लिए तंत्र बनाने में दो कदम आगे रहेगी।'' गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी इतिहास नहीं बदल सकता लेकिन हर कोई अपनी पिछली गलतियों से सीख सकता है और आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि टिपरा मोथा और सभी आदिवासी दलों ने रचनात्मक भूमिका निभाई है और त्रिपुरा में भाजपा सरकार ने भी इस समझौते के प्रति ईमानदारी से काम किया है। त्रिपुरा स्वदेशी प्रगतिशील क्षेत्रीय गठबंधन को टिपरा मोथा के नाम से जाना जाता है। टिपरा मोथा, राज्य और केंद्र सरकारों के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर यहां नॉर्थ ब्लॉक में हस्ताक्षर किए गए। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्वोत्तर में सद्भाव को आगे बढ़ाने वाले एक और समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा-त्रिपुरा के आर्थिक विकास, भूमि अधिकार और स्वदेशी लोगों की पहचान से संबंधित मुद्दों को हल करने वाले त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा, नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है और एक नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के इससे संबंधित मामलों पर शीघ्रता से फैसला नहीं करने से व्यक्ति इस बहुमूल्य अधिकार से वंचित हो जाएगा।

उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह टिप्पणी यह देखने के बाद की कि बंबई उच्च न्यायालय ने 29 जनवरी को शीर्ष अदालत के आदेश के बाद महाराष्ट्र में एक पार्षद की हत्या के मुख्य आरोपी अमोल विट्ठल वाहिले को जमानत दे दी है। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि इस प्रकार यह स्पष्ट है कि 29 जनवरी, 2024 को इस अदालत के आदेश पारित करने से पहले, उच्च न्यायालय ने जमानत याचिका पर गुण-दोष के आधार पर फैसला करने के बजाय इसे किसी न किसी आधार पर खारिज कर दिया था।

तमिलनाडु में आग लगने की घटना में एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

चेन्नई। चेन्नई के निकट चेंगलपट्टू के एक मकान में संभवतः रसोई गैस गैस लीक होने की वजह से आग लगने के कारण एक परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बच्चों की मां भी इस घटना में गंभीर रूप से झुलस गई है और उसका यहां किलपौक सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आग संभवतः गैस लीक होने के कारण लगी। उन्होंने बताया कि बिहार से आए इस परिवार के पास एक गैस चूल्हा था जो जमीन पर रखा था और मकान में कोई खिड़की नहीं थी।

ठाणे में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, दो महिलाओं समेत सात लोग गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे में अमीर बनने की चाहत रखने वाले लोगों के लिए अनुष्ठान करने की आड़ में कथित तौर पर सेक्स रैकेट चलाने के आरोपी स्वयंभू बाबा समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ठाणे अपराध शाखा के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि रैकेट की जांच राबोडी से 15 वर्षीय लड़की के लापता होने और अपहरण का मामला दर्ज किए जाने के बाद शुरू हुई। उन्होंने बताया कि जांच में 25 फरवरी को असलम खान और सलीम शेख नाम के दो लोगों की गिरफ्तारी हुई, जिन्होंने पुलिस को मुख्य आरोपी साहेबलाल वजीर शेख उर्फ यूसुफ बाबा के बारे में बताया, जिसे कुछ समय बाद पकड़ लिया गया।

हमारे पास फुटेज हैं, जिनकी मदद से होगी गिरफ्तारी

मैसुरु/बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के एक लोकप्रिय रेस्तरां 'द रामेश्वरम कैफे' में हुए विस्फोट के मद्देनजर शनिवार को कहा कि इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधी की गतिविधियां कैमरों में दर्ज हो गई हैं जिनकी मदद से उनकी गिरफ्तारी में आसानी से होगी। सिद्धारमैया ने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि पूर्वी बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड इलाके में स्थित रेस्तरां में हुई घटना में क्या कोई संगठन शामिल है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। बाद में मुख्यमंत्री ने रामेश्वरम कैफे जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल में घायलों से मुलाकात की।

सिद्धारमैया ने मैसुरु में संवाददाताओं से कहा-विस्फोट हुआ है। मास्क और टोपी पहने एक व्यक्ति बस से आया। उसने कैफे के काउंटर से 'रवा इडली' खरीदी और एक जगह बैठ गया। फिर उसने टाइमर सेट किया और चला गया। विस्फोट हुआ है और करीब नौ लोग (असल में 10) लोग घायल हुए हैं। सभी खतरे से बाहर हैं। यह पूछे जाने पर कि इस विस्फोट के पीछे क्या किसी संगठन का हाथ है या क्या यह किसी एक व्यक्ति का काम है, सिद्धरमैया ने कहा कि इस बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा-हम अपराधी को ढूंढ़ लेंगे। अपराधी का पता लगाना आसान होगा क्योंकि उसके बस से उतरने, रेस्तरां से भोजन खरीदने, एक जगह बैठने और बैग रखते हुए के वीडियो एवं तस्वीरें हैं। हम उसे जल्द से जल्द ढूंढ़ लेंगे। वर्ष 2022 में हुए मंगलुरु कुकर विस्फोट और शुक्रवार की घटना के बीच समानता का इशारा करने वाली कुछ रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर सिद्धारमैया ने कहा कि इस मामले में गंभीरता से जांच जारी है।

वहीं विपक्ष ने आरोप लगाया है कि सरकार की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण यह घटना हुई। विपक्ष की इस आलोचना को लेकर सवाल किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा-उनके समय में बम विस्फोट हुए थे, मंगलुरु कुकर विस्फोट हुआ था, क्या वह भी तुष्टीकरण था?'' मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या यह कोई आतंकवादी कृत्य है, मुख्यमंत्री ने कहा-जांच जारी है। जांच में जो सामने आएगा हम उसके आधार पर कार्रवाई करेंगे। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि पुलिस रामेश्वरम कैफे में हुए बम विस्फोट की गहन जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर गौर कर रही है।

बेंगलुरु के रेस्तरां में हुए विस्फोट का मामला

- मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बोले-सारी गतिविधियां कैमरों में दर्ज

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

मनसुख मंडाविया ने 40 नए संयंत्रों का उद्घाटन किया

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने शनिवार को थोक दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के निर्माण के लिए देश भर में 40 नये संयंत्रों का उद्घाटन किया। इस कदम से दवाओं में इस्तेमाल होने वाली महत्वपूर्ण सामग्रियों और चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने तथा आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।

जयपुर में बीएनआई बिज एक्सपो 15 से

जयपुर। उद्योग और कारोबार से जुड़ा 'बीएनआई बिज एक्सपो' जयपुर में 15 मार्च से शुरू होगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में 1200 से अधिक उद्यमियों के शामिल होने की संभावना है। बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल (बीएनआई) के कार्यकारी निदेशक अक्षय गोयल ने बताया कि एक्सपो में 150 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे।

गूगल ने स्टार्टअप को प्ले स्टोर से हटाया, तलब

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-भारतीय एप को हटाने की नहीं दी जा सकती अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

गूगल के अपने प्ले स्टोर से कुछ एप हटाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार ने शनिवार को कहा कि भारतीय एप को हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सरकार ने इस संबंध में गूगल और संबंधित स्टार्टअप को बैठक के लिए अगले सप्ताह बुलाया है।

आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक साक्षात्कार में कहा कि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की कुंजी है और उनके भाग्य का फैसला किसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी पर नहीं छोड़ा जा सकता है। मंत्री की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गूगल ने शुक्रवार को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से एक लोकप्रिय 'मैट्रिमोनी' एप सहित कुछ ऐप को हटाना शुरू कर दिया था। इन ऐप और जानेमाने स्टार्टअप संस्थापकों ने इस पर आपत्ति जताई थी। वैष्णव ने इस मुद्दे पर गंभीर रुख अपनाते हुए कहा, ''भारत सरकार की नीति बहुत स्पष्ट है... हमारे स्टार्टअप को वह सुरक्षा मिलेगी, जिसकी उन्हें जरूरत है।'' मंत्री ने कहा कि सरकार विवाद सुलझाने के लिए अगले सप्ताह गूगल और प्ले स्टोर से हटाए गए एप के डेवलपर से मुलाकात करेगी। वैष्णव ने कहा कि मैंने पहले ही गूगल से बात की है... मैंने उन एप डेवलपर से भी बात की है, जिन्हें हटाया गया है। हम उनसे अगले हफ्ते मिलेंगे... इस तरह (ऐप को) हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने 10 वर्षों में एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न का एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है।

मैंने गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है: चंद्रशेखर

इस संबंध में आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि वह प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को दबाने वाले गूगल के प्रभुत्व के बारे में चिंताओं को जाहिर करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को यह पता लगाना होगा कि क्या मौजूदा मुद्दा प्रभुत्व की स्थिति के दुरुपयोग से जुड़ा है। उन्होंने कहा-मैंने अतीत में गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है। यह भारत में 90 प्रतिशत से अधिक एप पारिस्थितिकी तंत्र को नियंत्रित करता है। हमें चिंता है कि उनका प्रभुत्व प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को रोकता है। स्टार्टअप के खिलाफ इसका दुरुपयोग किया जा सकता है और सरकार की कुछ वैध चिंताएं हैं। वहीं गूगल ने कहा कि इन डेवलपर को तैयारी के लिए तीन साल से अधिक का समय दिया गया। इसमें उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद दिया गया तीन सप्ताह का समय भी शामिल है। गूगल ने कहा कि इसके बाद अब वह यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है, कि उसकी नीतियां सभी पर समान रूप से लागू हों।

अमित शाह ने एनयूसीएफडीसी की शुरुआत की

नई दिल्ली। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम (एनयूसीएफडीसी) की शुरुआत की। उन्होंने साथ ही इस निकाय से प्रत्येक शहर में एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि शहरी सहकारी बैंकों को एटीएम सुविधा देने, क्रेडिट/डेबिट कार्ड जारी करने, समाशोधन प्रणाली और एसएलआर (वैधानिक तरलता अनुपात) सीमा बनाए रखने के लिए खुद को उन्नत बनाना चाहिए। आरबीआई ने एनयूसीएफडीसी को गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी और शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन के रूप में काम करने की मंजूरी दी है। इस मौके पर शाह ने कहा कि 20 साल बाद एनयूसीएफडीसी की स्थापना हुई है। यह वक्त की मांग है।

रोबोटिक सर्जरी में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीआरएसए के अध्यक्ष बोले-यह रोगियों के लिए फायदेमंद

रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी (आरएएस) भारत में एक गेम-चेंजर के रूप में उभरी है, जिसने नरम टिश्यू सर्जरी करने के तरीके में क्रांति ला दी है। रोबोटिक प्रणालियों की सटीकता और निपुणता के साथ, सर्जन बेहतर परिणाम, कम जटिलताएं और रोगियों के लिए कम रिकवरी समय प्राप्त कर सकते हैं।

हालांकि हाल के दिनों में सर्जनों द्वारा ऐसी तकनीकों को अपनाने में वृद्धि हुई है, लेकिन बढ़ती ज़रूरत को पूरा करने के लिए ऐसी तकनीकी प्रगति के लिए और अधिक डॉक्टरों की जरूरत है। क्लिनिकल रोबोटिक सर्जरी एसोसिएशन (सीआरएसए) के प्रमुख रोबोटिक सर्जनों ने ऐसी उन्नत सर्जिकल तकनीकों में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि इसे देश भर के सभी योग्य रोगियों के लिए उपलब्ध कराया जा सके।

सीआरएसए के अध्यक्ष डॉ. विवेक बिंदल, ने कहा, "आरएएस एक उन्नत तकनीक है, जो रोगियों के लिए फायदेमंद है। यह बेहतर परिणाम, न्यूनतम पहुंच लाभ और चिकित्सक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। आरएएस में अपने वर्षों के अनुभव से, मैं स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि आरएएस के रोगियों के लिए कई फायदे हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	73,150
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	65,150
गिन्नी (प्रति नग)	48,500-48,700
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	73,000
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,600
सोना जेवरात गिन्नी	63,600
चांदी पक्की	720 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,700
चांदी आभूषण	72,900।

विशेष लाइव कारोबार में सेंसेक्स निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में शनिवार को विशेष कारोबार के दूसरे और अंतिम सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स तथा निफ्टी नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। जीडीपी का आंकड़ा बेहतर रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही।

देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने किसी बड़े व्यवधान से निपटने की अपनी तैयारी को परखने के लिए शनिवार को इक्विटी एवं इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड में विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया। विशेष कारोबार के दूसरे सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 60.80 अंक या 0.08 प्रतिशत चढ़कर 73,806.15 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 249.35 अंक या 0.33 फीसदी की बढ़त के साथ 73,994.70 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 39.65 अंक या 0.18 प्रतिशत बढ़कर 22,378.40 के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। दिन में यह 80.8 अंक या 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,419.55 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

असम में कृषि अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन करेंगे अर्जुन मुंडा

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), असम के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। यह संस्थान पूर्वोत्तर क्षेत्र में कृषि अनुसंधान और शिक्षण की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह संस्थान दिरपई चापोरी, गोगामुख और धेमाजी में सुबनसिरी नदी के किनारे बनाया गया है और 587 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां विस्तार और शिक्षण गतिविधियों के संचालन के लिए पर्याप्त स्थान है।

भारत ने अत्यधिक गरीबी को कर दिया खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

- अर्थशास्त्री ने अपने शोध के अनुसार किया खुलासा

एक प्रमुख अमेरिकी थिंक टैंक 'द ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन' के अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला और करण भसीन ने एक लेख में कहा कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया है। उन्होंने इसके लिए हाल में जारी 2022-23 के उपभोग व्यय के आंकड़ों का हवाला दिया।

दोनों प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों ने लेख में आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2011-12 के बाद से वास्तविक प्रति व्यक्ति खपत 2.9 प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ी है। इस दौरान ग्रामीण वृद्धि 3.1 प्रतिशत और शहरी वृद्धि 2.6 प्रतिशत रही। लेख में कहा गया कि इस दौरान शहरी और ग्रामीण असमानता में भी अभूतपूर्व गिरावट आई है। शहरी गिनी 36.7 से घटकर 31.9 हो गई, जबकि ग्रामीण गिनी 28.7 से घटकर 27.0 रह गई। गिनी सूचकांक आय वितरण की असमानता को दर्शाता है। अगर यह शून्य है तो इसका अर्थ है कि समाज में पूरी तरह समानता है। लेख में कहा गया है कि असमानता विश्लेषण के इतिहास में यह गिरावट अभूतपूर्व है। लेख में कहा गया है कि उच्च वृद्धि दर और असमानता में बड़ी गिरावट ने मिलकर भारत में गरीबी को खत्म कर दिया है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली आबादी का अनुपात हेडकाउंट गरीबी अनुपात (एचसीआर) 2011-12 में 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत रह गया। ग्रामीण गरीबी 2.5 प्रतिशत थी, जबकि शहरी गरीबी घटकर एक प्रतिशत रह गई।

चेन्नई सुपर किंग्स का अभ्यास शुरू

इंडियन प्रीमियर लीग

चेन्नई, एजेंसी



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तैयारियों के लिए चेन्नई सुपर किंग्स का शनिवार को तेज गेंदबाज दीपक चाहर की मौजूदगी में शिविर शुरू हुआ। चाहर 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगे।

तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) के अधिकारी ने बताया कि भारतीय खिलाड़ियों का पहला जत्था शुक्रवार को यहां पहुंचा है। कुछ दिनों में और खिलाड़ियों के आने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर ने शुक्रवार को खिलाड़ियों के पहले बैच के आने की पुष्टि की थी। इसमें सिमरजीत सिंह (तेज गेंदबाज), राजवर्धन हंगरगेकर (ऑलराउंडर), मुकेश चौधरी (तेज गेंदबाज), प्रशांत सोलंकी (स्पिनर), अजय मंडल (ऑल-राउंडर) और दीपक चाहर (तेज गेंदबाज) थे। चाहर ने पिछले साल दिसंबर के बाद से किसी भी प्रारूप में क्रिकेट नहीं खेला है। वह अपने पिता की बीमारी के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी-20 श्रृंखला के बीच से हट गए थे और फिर द. अफ्रीका के दौरे से भी उन्होंने नाम वापस ले लिया था। उन्होंने पिछले महीने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अभ्यास के दौरान खुद को फिट घोषित किया था। बार बार चोटिल होने वाला यह तेज गेंदबाज जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी पर नजर गड़ाए हुए हैं। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के आगमन की अभी पुष्टि नहीं हुई है। उन्हें शुक्रवार को जामनगर में पत्नी साक्षी के साथ मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी के शादी पूर्व कार्यक्रम में देखा गया था। चेन्नई की टीम आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ करेगी।

मुंबई इंडियंस ने आरसीबी को सात विकेट से हराया

बेंगलुरु, एजेंसी

मुंबई इंडियंस ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी में खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन की बदौलत शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एकतरफा टी-20 मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) पर 29 गेंद रहते 7 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आरसीबी की बल्लेबाज मुंबई इंडियंस की गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करती दिखीं, जिससे टीम 6 विकेट पर 131 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस ने बल्लेबाजी में भी दबदबा बनाते हुए यह लक्ष्य 15.1 ओवर में 3 विकेट पर 133 रन बनाकर हासिल कर लिया।

मुंबई की टीम 4 मैच में तीसरी जीत से 6 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। मुंबई के लिए अमेलिया केर नाबाद 40 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। यास्तिका भाटिया ने 31, हेली मैथ्यूज ने 26 और कप्तान हरमनप्रीत कौर की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई कर रही नैट साइवर ब्रंट ने 27 रन का योगदान दिया। यास्तिका ने 16 गेंद में 4 चौके और 2 छक्के से 31 रन बनाकर टीम की तेज शुरूआत कराई। फिर मैथ्यूज और नैट साइवर ब्रंट ने उपयोगी योगदान दिया। अमेलिया की 24 गेंद में 7 चौके जड़ित नाबाद पारी से मुंबई ने आसान जीत दर्ज की। इससे पहले आरसीबी के लिए अगर एलिसे पैरी ने नाबाद 44 रन और जॉर्जिया वारेहैम ने 27 रन नहीं बनाए होते तथा दोनों ने छठे विकेट के लिए 52 रन की भागीदारी नहीं की होती तो आरसीबी इस स्कोर तक भी नहीं पहुंच पाती।

मुंबई की टीम कप्तान हरमनप्रीत और मुख्य तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल के बिना उतरी जो चोटों से उबर रही हैं, लेकिन मैदान में उनकी कमी नहीं खली। आरसीबी की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज संयम से नहीं खेल सकीं और मुंबई की गेंदबाजों की सही लाइन लेंथ के आगे टिक नहीं सकीं। कप्तान स्मृति मंधाना (11 गेंद में 9 रन) धैर्य खोने से तेज गेंदबाज इसी वोंग की गेंद को मैदान के बाहर पहुंचाने की कोशिश में नैट साइवर ब्रंट को आसान कैच देकर आउट हुईं। टीम की शीर्ष क्रम की अन्य बल्लेबाज ऋचा घोष और एस मेघना के साथ भी ऐसा हुआ। ऋचा को पूजा वस्त्राकर ने अपना शिकार बनाया और मिड ऑफ में संजना संजीवन को कैच देकर आउट हुईं। मेघना को नैट साइवर ब्रंट ने आउट किया। पैरी ने हालांकि दिखाया कि ऐसी पिच पर रन कैसे जुटाए जाते हैं, उन्होंने गेंदबाजों के खिलाफ रन जुटाने के लिए सही गेंद चुनीं। उन्होंने लेग स्पिनर अमेलिया केर पर लगातार गेंदों पर पुल और कट शॉट से बाउंड्री लगाई।

खेल डायरी

प्राग मास्टर्सः भारत के तीनों खिलाड़ियों ने बाजी ड्रॉ खेली

प्राग, एजेंसी। भारत के तीनों खिलाड़ियों आर प्रज्ञानंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अपनी बाजियां ड्रॉ खेली। लगातार दो मैच में हार के बाद प्रज्ञाननंदा के लिए इसे अच्छी वापसी कहा जा सकता है। इस भारतीय खिलाड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी नगुयेन थाई दाई वान के साथ अंक बांटे। गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को कोई मौका नहीं दिया और अंक बांटे जबकि गुजराती पोलैंड के माट्यूस बार्टेल को खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। चौथे दौर में किसी भी बाजी का परिणाम नहीं निकला और इस तरह से खिलाड़ियों की स्थिति में भी कोई परिवर्तन नहीं हुआ। ईरान के परहम माघसूदलू ने चेक गणराज्य के डेविड नवारा जबकि रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के साथ बाजी ड्रॉ खेली। चौथे दौर के बाद अब्दुसत्तारोव और माघसूदलू अब संभावित चार में से तीन अंक लेकर संयुक्त बढ़त पर हैं जबकि गुकेश और रापोर्ट ढाई-ढाई अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। गुजराती दो अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। वह प्रज्ञानंदा, नवारा, दाई वान और कीमर से आधा अंक आगे हैं। बार्टेल एक अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं।

एलेक्स और कैस्पर में होगा खिताबी मुकाबला

मैक्सिको ओपन

अकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी। गत चैंपियन एलेक्स डी मिनौर ने अपने खिताब के बचाव की तरफ मजबूत कदम बढ़ाते हुए मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कैस्पर रूड से होगा। ऑस्ट्रेलिया के तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर ने इंग्लैंड के जैक ड्रैपर के खिलाफ पहला सेट 6-3 से जीता लेकिन दूसरे सेट में वह 2-6 से हार गए। डी मिनौर तीसरे सेट में जब 4-0 से आगे चल रहे थे तब ड्रैपर ने अस्वस्थ होने से मुकाबला बीच में ही छोड़ने का फैसला किया। दिन के दूसरे सेमीफाइनल में रूड ने होल्गर रून को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

जेसिका पेगुला सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में

सैन डिएगो, एजेंसी। जेसिका पेगुला ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में अन्ना ब्लिंकोवा को 6-1, 2-6, 6-2 से हराकर सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेगुला का सामना अब मार्ता कोस्त्युक से होगा, जिन्होंने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को पहला सेट गंवाने के बाद 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। एम्मा नवारो ने डारिया सैविले को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उनका मुकाबला केटी बोल्टर से होगा, जिन्होंने 2022 की उपविजेता डोना वेकिच को 6-4, 6-3 से हराया। यह एक साल से भी कम समय में नवारो का टूर स्तर पर पांचवां सेमीफाइनल होगा।

मोनाको ने पीएसजी को बराबरी पर रोका

पेरिस, एजेंसी। स्टार फुटबॉलर किलियन एमबापे को लगातार दूसरे मैच में आधे खेल से बाहर बुला दिया गया, लेकिन मोनाको ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में गोलरहित बराबरी पर रोक दिया। पीएसजी ने मध्यांतर के बाद एमबापे को बुलाकर उनकी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी उतारा। यह दूसरा मैच है जबकि इस स्टार स्ट्राइकर की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को स्थानापन्न के रूप में उतारा गया। पिछले साल सितंबर के बाद यह दूसरा अवसर है जबकि पीएसजी की टीम गोल करने में नाकाम रही। इस मैच में अंक बांटने के बाद पीएसजी ने दूसरे नंबर पर काबिज ब्रेस्ट पर कुल बढ़त 12 अंक की कर दी है। वह मोनाको से 13 अंक आगे है।

देशपांडे और शार्दुल की गेंदबाजी के आगे तमिलनाडु 146 रन पर सिमटी

रणजी सेमीफाइनल

दिन खत्म होने तक मुंबई ने 2 विकेट पर 45 रन बनाए

मुंबई, एजेंसी

तुषार देशपांडे (24 रन पर 3) और शार्दुल ठाकुर (48 रन पर 2 विकेट) की गेंदबाजी के सामने तमिलनाडु की टीम रणजी के दूसरे सेमीफाइनल के पहले दिन पहली पारी में 146 रन पर आउट हो गई। दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने 2 विकेट पर 45 रन बना लिए। मुंबई पहली पारी में अभी तमिलनाडु से 101 रन पीछे है और उसके 8 विकेट बचे है। स्टंप्स के समय मुशीर खान 24 और रात्रि प्रहरी मोहित अवस्थी 1 रन बनाकर क्रीज पर थे। कुलदीन सेन ने पृथ्वी साव (5) को जबकि किशोर ने भूपेन लालवानी (15) को आउट किया। तमिलनाडु के कप्तान बीसाई किशोर का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उलटा पड़ गया क्योंकि बीकेसी मैदान में तेज गेंदबाजों को स्विंग जबकि स्पिनरों को टर्न मिल रहा था। तमिलनाडु ने 17 रन तक 4 और 42 रन तक 5 विकेट गंवा दिए थे। विजय शंकर (44) और वाशिंगटन सुंदर (43) ने छठे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। शारदुल ठाकुर ने पारी की चौथी गेंद पर बीसाई सुदर्शन को पगबाधा किया।

अवस्थी ने तमिलनाडु के लिए इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एन जगदीशन (4) को शॉट लेग पर मुशीर के हाथों कैच कराया। गेंदबाजी के लिए आए देशपांडे ने प्रदोष रंजन पॉल, आर साई किशोर को आउट कर तमिलनाडु को बैकफुट पर धकेल दिया। टीम का स्कोर अभी 42 रन ही था कि बाबा इंद्रजीत ने देशपांडे की गेंद को तनुष कोटियान के हाथों में खेल दिया। लंच के सत्र से पहले और बाद में शंकर और वाशिंगटन ने मुंबई के गेंदबाजों का सामना किया। शंकर ने देशपांडे की गेंद पर कुछ चौके लगाए। इस साझेदारी को तोड़ने के लिए मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाने ने गेंद फिर शार्दुल को थमाई और इस गेंदबाज ने शंकर की 109 गेंद में 8 चौके की मदद से 44 रन की पारी को खत्म किया। दूसरी स्लिप में शम्स मुलानी ने उनका कैच लपका। शंकर के आउट होने के बाद वाशिंगटन ने तेजी से रन बनाना शुरू किया। मोहम्मद (17) ने शार्दुल के ओवर में 3 चौके लगाए। मुशीर ने मोहम्मद को पगबाधा किया जबकि कोटियान ने अजित राम (15) को चलता किया। वाशिंगटन कोटियान का दूसरा शिकार बने।

मप्र ने विदर्भ को पहले दिन 170 रन पर रोका

नागपुर, एजेंसी

आवेश खान की अगुआई वाली गेंदबाजी इकाई के प्रदर्शन से मध्य प्रदेश ने शनिवार को रणजी सेमीफाइनल के पहले दिन विदर्भ को पहली पारी में 170 रन पर समेट दिया। मप्र के लिए आवेश ने 49 रन देकर 4 विकेट लिए, कुलवंत खेजरोलिया ने 38 और वेंकटेश अय्यर ने 28 रन देकर 2-2 विकेट लिए। मप्र ने स्टंप तक पहली पारी में 1 विकेट गंवाकर 47 रन बना लिए थे वह अब 123 रन पीछे है।

वीसीए स्टेडियम की पिच इतनी हरियाली लिए हुए थी कि मप्र ने दिन में कुल 56.4 में स्पिनरों से 2.4 ओवर डलवाए। बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने विदर्भ के अंतिम बल्लेबाज उमेश यादव का विकेट लिया। वहीं अन्य स्पिनर जैसे सारांश जैन दर्शक बने रहे। विदर्भ के लिए बल्लेबाजी में सिर्फ करूण नायर ही क्रीज पर टिक सके, जिन्होंने 105 गेंद में 9 चौके से 63 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। तेज गेंदबाज आवेश ने ध्रुव शोरे (13 रन) के स्टंप उखाड़ दिया। विदर्भ ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम के लिए बड़ी भागीदारी अर्थव तायडे (39 रन, 8 चौके) और अमन मोखाडे (13 रन, 75 गेंद) के बीच 36 रन की रही। कर्नाटक के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में शतक जड़ने वाले तायडे (63 गेंद) अय्यर की गेंद पर विकेटकीपर हिमांशु मंत्री को कैच दे बैठे। विदर्भ के लिए सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले करूण उतरे, लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर साथ नहीं मिला और आवेश ने मोखाडे को आउट कर दिया। मेजबान टीम ने 5 रन के अंदर यश राठौड़ और कप्तान अक्षय वाडकर के विकेट गंवा दिए, जिससे स्कोर 5 विकेट पर 106 रन हो गया। विदर्भ की 200 रन तक पहुंचने की उम्मीद भी तब खत्म हो गयी जब करूण खेजरोलिया की गेंद पर बोल्ड हो गए।

यूएस ओपन में नहीं खेलेंगे मेसी

शिकागो, एजेंसी

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अमेरिका के फुटबॉल टूर्नामेंट यूएस ओपन में भाग नहीं लेंगे। मेसी की अमेरिकी टीम इंटर मियामी ने इस बार यूएस ओपन कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

मेजर लीग सॉकर की 26 टीमों में से केवल 8 टीम ही इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। मेजर लीग सॉकर की जिन 8 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने का फैसला किया है उनमें अटलांटा, डलास, ह्यूस्टन, कैनसस सिटी, लॉस एंजिल्स एफसी, साल्ट लेक, सैन जोस और सिएटल शामिल हैं। इसमें कुल 96 टीम भाग्य आजमाएंगी। ह्यूस्टन इसका मौजूदा चैंपियन है। उसने पिछले साल फाइनल में इंटर मियामी को 2-1 से हराया था। मेसी चोटिल होने से इस मैच में नहीं खेल पाए थे।

फिलिप्स ने लिए 5 विकेट, न्यूजीलैंड को 369 रन का लक्ष्य

न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी

ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स ने 45 रन देकर 5 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट कर दिया। पहली पारी में 204 रन की बढ़त लेने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 3 विकेट पर 111 रन बनाए हैं और लक्ष्य से 258 रन पीछे है।

ऑस्ट्रेलिया ने सुबह दूसरी पारी 2 विकेट पर 13 रन से शुरू की और 4 घंटे के अंदर सभी विकेट गंवा दिए। फिलिप्स ने पहली बार पारी में 5 विकेट लिया है। उन्होंने उस्मान ख्वाजा (28), कैमरून ग्रीन (34), ट्रैविस हेड (29), मिच मार्श (0) और एलेक्स कैरी (3) का विकेट लिया। मैट हेनरी ने 36 रन देकर 3 विकेट लिए। फिलिप्स के इस प्रदर्शन से न्यूजीलैंड मैच में वापसी करने में सफल रहा। उसका दारोमदार अब रचिन रविंद्र (56*) और डेरिल मिशेल (12*) पर है। रविंद्र ने दिन का खेल समाप्त होने से कुछ देर पहले 77 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम सत्र में केन विलियमसन (9) का विकेट लेकर न्यूजीलैंड को झटका दिया। विलियमसन को नाथन लियोन ने पहली स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। स्मिथ ने हेड की गेंद पर विल यंग (15) का कैच लिया। टॉम (8) आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे जिन्हें लियोन ने विकेट के पीछे कैच कराया।



समुद्री लुटेरों पर आधारित 'लुटेरे' की कहानी

मुंबई, एजेंसी। रजत कपूर, अमृता खानविलकर और आमिर अली-स्टारर वेब सीरीज 'लुटेरे' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। वेबसीरीज लुटेरे की कहानी सोमालिया के समुद्री लुटेरों पर आधारित है, जो भारतीय विमान पोत को निशाना बनाकर लूटपाट करते हैं। इंडियन नेवी उनके खिलाफ क्या एक्शन लेती है, यह सब कुछ वेब सीरीज में देखने को मिलेगा। टीजर की शुरुआत नाव पर सवार कुछ भारी हथियारों से लैस लोगों से होती है, जिन्हे 'हम करीब हैं' कहते हुए सुना जा सकता है। रजत कपूर नौसेना की वर्दी पहने हुए सीन में दिखाई देते हैं और दूरबीन से लोगों को देखते हैं। वीडियो जहाज पर गोलीबारी करने वाले लोगों के साथ समाप्त होता है। जय मेहता द्वारा निर्देशित वेब सीरीज लुटेरे का निर्माण शैलेश आर सिंह ने हंसल मेहता के साथ किया है। लुटेरे 22 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

खेसारी लाल की रंग दे बसंती का ट्रेलर जारी

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की आने वाली फिल्म रंग दे बसंती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रोशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंह और निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। इस फिल्म में खेसारी लाल यादव के साथ रति पांडेय और डायना खान मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के ट्रेलर में खेसारी लाल यादव फुल एक्शन में हैं। फिल्म में एक ओर वह जांबाज सैनिक के रूप में नजर आए हैं, जो देश के खातिर हमेशा मर मिटने को तैयार रहता है और वही दूसरी ओर यूनिवर्सिटी में युवा नेता के रूप में प्रभु श्रीराम का घोष बुलंद करते नजर आ हैं। निर्माता रोशन सिंह ने बताया कि हमारी सोच थी कि इस फिल्म को जेनरिक थोड़ा अलग करें और आगे बढ़ें। अपर क्लास के हिसाब से इस फिल्म को हमने बनाया और साथ ही भोजपुरी के हर वर्ग के दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी, ऐसी उम्मीद है। फिल्म के गाने एक से बढ़कर एक होंगे। फिल्म में बॉलीवुड के बड़े कलाकारों की आवाज गानों में सुनने को मिलेगी।

दिल्ली मेरे लिए दूसरा घर: आकांशा रंजन

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री आकांशा रंजन कपूर का कहना है कि दिल्ली उनके लिए दूसरा घर है और वह यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती है। आकांशा रंजन कपूर ने हाल ही में दिल्ली का दौरा किया, जहां ढेर सारे प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। एमिटी विश्वविद्यालय में उनकी यात्रा एक यादगार घटना में बदल गई क्योंकि छात्रों ने उनके आगमन पर खुशी मनाई, जिससे एक शानदार माहौल बन गया। उत्साही छात्रों द्वारा गर्मजोशी से किए गए स्वागत पर, आकांशा ने अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, दिल्ली मेरे लिए हमेशा विशेष रही है क्योंकि मेरी दादी और मेरे चचेरे भाई यहां रहते हैं। यह मेरे लिए दूसरा घर है और मैं यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती हूं। मैं वास्तव में एमिटी यूनिवर्सिटी की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे एक सम्माननीय अतिथि के रूप में आमंत्रित किया और यहां दिल्ली में आकर यहां की सर्द सर्दियों का अनुभव लिया। मैं छात्रों के बीच आकर और उनकी जीवंत ऊर्जा में डूबने से बहुत रोमांचित था। भारी भीड़ को हूटिंग करते हुए देखकर, यह बस अद्भुत लगा। छात्रों के बीच रहना और उनके साथ बातचीत करना हमेशा बहुत अच्छा लगता है।

तमन्ना ने किए श्रीकाशी विश्वनाथ के दर्शन



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों बनारस में मौजूद हैं। उन्होंने 12 ज्योतिर्लिंग में से एक काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। तमन्ना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को साझा किया है। इन फोटो में वह वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में हैं। अगली फोटो में तमन्ना भगवान ज्योतिर्लिंग को स्पर्श करती हुईं दिखाई दे रही हैं।

फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में मुख्य भूमिका में होंगी सारा अली खान

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का टीजर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा अली खान मुख्य भूमिका है। ऐ वतन मेरे वतन की कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया पर ऐ वतन मेरे वतन पर एक अपडेट पोस्ट किया। वीडियो में करण जौहर ने भारत के कुछ भूले-बिसरे हीरोज और उनकी अनकही कहानियों के बारे में बात की है। वह दर्शकों को 22 वर्षीय उषा नाम की एक साहसी लड़की से परिचित कराते हैं, जो 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ देश को एक साथ लाने के लिए एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाती है और अपने देश के लिए खड़ी होती है। करण जौहर कहते हैं, शेरशाह के पीवीसी कैप्टन विक्रम बत्रा, जिन्होंने अपने दुश्मनों के दिलों में डर पैदा किया और कारगिल युद्ध में अपनी जान दे दी और राजी से सहमत सैयद, जिन्होंने जासूसी करने के लिए पाकिस्तानी सेना के परिवार में शादी की। 21 मार्च को ऐ वतन मेरे वतन ऑन प्राइम में इस गुमनाम हीरो की कहानी देखें।

मडगांव एक्सप्रेस से कुणाल करेंगे निर्देशन में डेब्यू

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का टीजर रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। कुणाल खेमू ने इंस्टाग्राम पर टीजर साझा किया, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मडगांव एक्सप्रेस के लिए तैयार हो जाइए, पागलपन की विविधता के माध्यम से एक जंगली यात्रा। मडगांव एक्सप्रेस ट्रेलर 5 मार्च को आएगा। देखते रहिए। मडगांव एक्सप्रेस में नोरा फतेही, उपेन्द्र लिमये और छाया कदम भी हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी मडगांव एक्सप्रेस एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में बचपन के तीन दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

जगमग हुआ जामनगर... प्री-वेडिंग में जुटीं हस्तियां

अनंत-राधिका

मुकेश अंबानी-नीता अंबानी बेटे आकाश और बहू के साथ

जामनगर। उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी के लिए जामनगर में शनिवार को मेहमानों का तांता लगा रहा। शहर मेहमानों में देश-दुनिया की राजनीति, कारोबारी, अभिनय, क्रिकेट से लेकर समाजसेवा में सक्रिय हस्तियों से जगमग रहा। समारोह में हॉलीवुड सिंगर रिहाना ने प्रस्तुति दी। नीता ने बताया कि परिवार का जामनगर से गहरा नाता रहा है। इसी कारण रीति-रिवाजों के साथ यहां प्री-वेडिंग का प्लान बनाया।

पत्नी के साथ मार्क जुकरबर्ग

क्रिकेटर डॉयने ब्रावो

पत्नी के साथ महेंद्र सिंह धोनी

डब्ल्यूटीओ: किसान-मछुआरों के हित की रक्षा में सफल रहा भारत

अबू धाबी, एजेंसी

- बैठक संपन्न होने के बाद पीयूष गोयल बोले-भारत पूरी तरह संतुष्ट

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक समाप्ति के बाद वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत इस बैठक से पूरी तरह संतुष्ट है। इससे हमारे किसान व मछुआरों का हित कहीं से प्रभावित नहीं होगा और हम पहले की तरह उन्हें हर प्रकार का लाभ देते रहेंगे और नीतिगत रूप से भी हमें इसमें कोई बाधा नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार पहले की तरह किसानों से अनाज खरीदती रहेगी और उन्हें सब्सिडी भी देती रहेगी। मछुआरों को भी पहले की तरह सरकार की तरफ से मिलने वाली तमाम सुविधाएं व सब्सिडी जारी रहेंगी। पीयूष गोयल ने

कहा कि भारत गैर व्यापारिक मुद्दों को डब्ल्यूटीओ के मंच पर चर्चा के लिए आने से रोकने में सफल रहा।

चीन विकास के लिए निवेश सहमति पत्र पर तो यूरोप औद्योगिक नीति पर एमसी13 में चर्चा करना चाहता था। 26 फरवरी से लेकर एक मार्च तक अबूधाबी में एमसी13 का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कमोबेश हम जिस उद्देश्य के साथ अबूधाबी आए थे, उसे हमने प्राप्त कर लिया है और हम पूरी संतुष्टि के साथ वापस जा रहे है। हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य अपने किसान व मछुआरों की रक्षा करना था।

हालांकि, डब्ल्यूटीओ के एमसी13 में पब्लिक स्टॉक होल्डिंग (पीएसएच) को लेकर स्थायी समाधान या विकसित देशों द्वारा मछुआरों को दी जाने वाली सब्सिडी में कटौती जैसे किसी भी बड़े मुद्दों पर कोई सहमति नहीं बनी सकी, लेकिन 2013 में डब्ल्यूटीओ के एमसी में सभी देशों ने पीस क्लाज पर हस्ताक्षर किए थे जिससे किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी को कोई चुनौती नहीं दी सकती है।

आयात पर सीमा शुल्क की छूट की अवधि में इजाफा

एमसी13 में ई-कामर्स के जरिए डिजिटल रूप में आने वाली वस्तुओं के आयात पर सीमा शुल्क की छूट की अवधि को फिर से दो साल के लिए बढ़ा दिया गया, जबकि भारत इस छूट को समाप्त करने के पक्ष में था। हालांकि, इस फैसले से डिजिटल रूप में विदेश से आने वाली किताब या फिल्म जैसे आइटम के महंगे होने की आशंका समाप्त हो गई।

दो देश नए सदस्य बने

भारत सीमा शुल्क छूट को हटाने के पक्ष में यह दलील दे रहा था कि एक संप्रभु देश के पास यह अधिकार होना चाहिए कि वह अपने उद्योग के हित में जरूरत पड़ने पर सीमा शुल्क लगा सके। ई-कामर्स के जरिए डिजिटल उत्पादों के निर्यात में अधिकतर हिस्सेदारी विकसित देशों की है। एमसी13 में दो नए देश कोमोरोस और तिमोर-लेस्टे को डब्ल्यूटीओ की सदस्यता दी गई। इसके साथ ही डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों की संख्या 166 हो गई। 22 और देशों ने डब्ल्यूटीओ की सदस्यता के लिए आवेदन किया है।

खाद्य आयात की विश्वसनीयता पर जापान-सिंगापुर का जोर

ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील जैसे देशों के केर्न्स समूह ने दावा किया है कि सार्वजनिक भंडार व्यवस्था बाजार को नुकसान पहुंचा रही है और कोई निर्यात प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। जापान और सिंगापुर जैसे खाद्य आयातक देश कृषि नीतियों में विश्वसनीयत पर जोर दे रहे हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने निवेश सुविधा पर चीन के नेतृत्व वाले एक प्रस्ताव को भी खारिज किया। दोनों देशों ने कहा कि यह एजेंडा डब्ल्यूटीओ को मिली जिम्मेदारी से बाहर है।

एक नजर

भारतवंशी हेली ने प्रचार अभियान में 1.2 करोड़ डॉलर चंदा जुटाया

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दावेदार भारतवंशी निक्की हेली के प्रचार अभियान दल ने फरवरी में 1.2 करोड़ डॉलर का चंदा जुटाए जाने की घोषणा की है। रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दौड़ में हेली को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कड़ी टक्कर मिल रही है और वह अभी तक एक भी प्राइमरी चुनाव नहीं जीत पाई हैं लेकिन हेली का कहना है कि वह तीसरी पार्टी के उम्मीदवार या निर्दलीय के तौर पर चुनाव में उतरने के बारे में नहीं सोच रहीं और वह पूरी तरह से रिपब्लिकन नेता हैं।

बलूचिस्तान को मिला नया सीएम सरफराज का हुआ निर्विरोध चयन

कराची। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के उम्मीदवार सरफराज बुगती को शनिवार को अशांत बलूचिस्तान प्रांत का निर्विरोध नया मुख्यमंत्री चुना गया है। दरअसल, बुगती ने 8 फरवरी के आम चुनावों में पीपीपी टिकट पर प्रांतीय विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अंतरिम सरकार में कार्यवाहक संघीय आंतरिक मंत्री से इस्तीफा दे दिया था। वरिष्ठ राजनेता को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का भी समर्थन मिला था, जब वह शुक्रवार को विधानसभा सचिव ताहिर शाह के साथ अपना नामांकन पत्र जमा करने पहुंचे थे।

गाजा में अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की गई जान

गाजा। हमास ने शनिवार को कहा कि गाजा में मृतकों की संख्या बढ़कर 30 हजार के पार हो गई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान, इजरायली सेना ने 92 फिलिस्तीनियों को मौत के घाट उतार दिया, जबकि 156 अन्य घायल हुए हैं। मंत्रालय ने बताया कि इनमें से 15 की मौत दीर अल-बलाह शहर के अल-अक्सा अस्पताल में हुई हैं। इजराइल ने हवाई हमले से दो घरों को निशाना बनाया। सूत्रों ने बताया कि गाजा शहर में अल-जायतून, ताल अल-हवा, अल-सबरा और अल-दराज के पड़ोस पर हवाई हमलों में दस लोग मारे गए।

ईरान के संसदीय चुनाव में कट्टरपंथियों ने बनाई बढ़त

दुबई। ईरान में संसदीय चुनाव संपन्न होने के एक दिन बाद राजधानी तेहरान में जारी शुरुआती मतगणना में कट्टरपंथियों ने बढ़त बना ली है। सरकारी मीडिया ने शनिवार को कहा कि तेहरान में 5,000 मतपत्रों में से 1,960 की अब तक गिनती हुई है। इसने प्रति घंटे अद्यतन की जा रही गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के आधार पर यह जानकारी दी। अधिकारियों ने अब तक कुल मतदान प्रतिशत जारी नहीं किया है। हालांकि, इरना ने अनाधिकारिक रिपोर्ट के आधार पर इसे 41 प्रतिशत बताया है। कट्टरपंथियों का पिछले दो दशकों से संसद में वर्चस्व रहा है।

चुनाव धांधली: दूसरा देश पाकिस्तान को जांच के लिए हुक्म नहीं दे सकता

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता जहरा ने अमेरिका के निर्देश को मानने से किया इनकार

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने चुनाव में धांधली की जांच

करने के अमेरिका के निर्देश को खारिज कर दिया है। कहा कि, पाकिस्ताान बाहरी आदेशों के आगे नहीं झुकेगा। दरअसल अमेरिका ने अपने एक बयान में कहा था कि पाकिस्तान के आम चुनाव में हुई कथित धांधली की पूरी निष्पक्षता और पार्दर्शिता के साथ जांच होनी चाहिए।

अब पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर अमेरिका के निर्देश को मानने से साफ इनकार कर दिया है और कहा है कि 'कोई भी देश, पाकिस्तान को हुक्म नहीं दे सकता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है।' मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि 'पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में फैसले करने का अधिकार हमारा है।' दरअसल पाकिस्तान में बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। इमरान खान की पार्टी चुनाव में कथित धांधली के गंभीर आरोप लगा रही है। बता दें, अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखा। पत्र में सांसदों ने उनसे आग्रह किया कि वह पाकिस्तान की नई सरकार को तब तक मान्यता न दें, जब तक चुनाव में धांधली की विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से जांच न हो। अमेरिका के इस बयान पर पाकिस्तान के विदेश विभाग ने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रतिक्रिया दी। इमरान खान की पार्टी पीटीआई चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। हालांकि पाकिस्तान के चुनाव आयोग और कार्यवाहक सरकार ने पीटीआई के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है और कहा है कि जिस भी पार्टी को चुनाव नतीजों पर शंका है, उनके लिए कानूनी कार्यवाही का विकल्प खुला है।

इमरान को कोर्ट ने हिंसा से जुड़े 4 मामलों में दी अंतरिम जमानत

पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नौ मई की हिंसा से जुड़े

चार मामलों में अंतरिम जमानत दी है। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। इमरान खान अभी कई मामलों में पंजाब प्रांत के रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। पिछले साल नौ मई को इमरान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने एक दर्जन से ज्यादा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था। इनमें रावलपिंडी में सेना मुख्यालय, फैसलाबाद में इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) की इमारत, मियांवाली एयरबेस, जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस) शामिल हैं। पीटीआई संस्थापक की जमानत याचिकाओं पर शुक्रवार को आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) के न्यायाधीश अरशद जावेद ने सुनवाई की। द इंटरनेशनल के मुताबिक उन्होंने नौ मई की हिंसा से जुड़े चार मामलों में इमरान को अंतरिम जमानत दे दी।

सीएए का विरोध करने वाले सुप्रीम कोर्ट जाएं: मुख्यमंत्री हिमंत

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि इस कानून का विरोध करने वालों को शीर्ष अदालत में जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, एक वर्ग सीएए का समर्थन कर रहा है। उनमें एक मैं भी हूं। लेकिन उसी समय असम में कई लोग इसका विरोध भी कर रहे हैं।

हमें दोनों के नजरिए को देखना होगा। हमें सीएए का समर्थन या विरोध करने पर किसी की आलोचना नहीं करनी चाहिए। जो सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें असम में शांति भंग करने के बजाए सर्वोच्च न्यायालय में जाना चाहिए। नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता पाने में आसानी होगी।

हूती विद्रोहियों के हमले का शिकार हुआ जहाज लाल सागर में डूबा

दुबई, एजेंसी

- यमन सरकार ने दी जानकारी पिछले माह हुआ था हमला

यमन में हूती विद्रोहियों के हमले का शिकार हुआ मालवाहक पोत लाल सागर में डूब गया है। हमले के बाद पिछले महीने हूतियों के हमले के बाद क्षतिग्रस्त जहाज को छोड़ दिया गया था। यमन सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक, 'जहाज शुक्रवार की रात डूबा।

अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने पहले बताया था कि मालवाहक जहाज पर जब हमला हुआ, उस समय वह 41,000 टन से ज्यादा उर्वरक लेकर जा रहा था। अमेरिकी सेना ने कहा था कि हमले से मालवाहक जहाज को काफी नुकसान पहुंचा है। बीते सोमवार को यमन सरकार की एक टीम ने बेलीज के झंडे वाले 'रूबिमार' का दौरा किया था और कहा था कि यह आंशिक रूप से जलमग्न हो गया है और आने वाले कुछ दिनों में पूरी तरह से डूब सकता है।

ब्रिटेन के स्वामित्व वाला मालवाहक जहाज 'रुबिमार' 18 फरवरी को बुल्गारिया की ओर बढ़ रहा था, तभी हूती विद्रोहियों ने उसे निशाना बनाया।

अमेरिका ने एक बार फिर हूती विद्रोहियों की मिसाइल की तबाह

वाशिंगटन। अमेरिका ने एक बार फिर हूती विद्रोहियों के हमले को नाकाम किया है और सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल को तबाह कर दिया। अमेरिकी सेना के यूएस सेंट्रल कमांड ने बयान जारी कर बताया कि 1 मार्च को खुद के बचाव में की गई कार्रवाई में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों की मिसाइल को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना ने कहा कि हूती विद्रोहियों ने यमन में अपने प्रभाव वाले इलाके लाल सागर में अमेरिकी एयरक्राफ्ट को निशाना बनाने के लिए सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल तैनात की हुई थी। इस खतरे को भांपते हुए अमेरिकी सेना की यूएस सेंट्रल कमांड ने इस मिसाइल को निशाना बनाकर तबाह किया।

अमेरिका में भारतीय डांसर की गोली मारकर हत्या, जांच की मांग

न्यूयॉर्क/सूरी, एजेंसी

- अभिनेत्री देवोलीना ने दी जानकारी पीएम मोदी से की जांच की अपील

कोलकाता के भरतनाट्यम और कुचुपुड़ी नर्तक अमरनाथ घोष की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। 'साथ निभाना साथिया' में गोपी बहू का किरदार निभाने वाली मशहूर अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने इसकी जानकारी एक्स पर दी और विदेश मंत्री जयशंकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले की जांच की मांग की है।

भारत के महावाणिज्य दूतावास ने अमरनाथ घोष की हत्या पर शोक जताते हुए एक्स पर लिखा 'मिसौरी के सेंट लुइस में मृतक अमरनाथ घोष के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। हम फोरेंसिक, पुलिस के साथ जांच कर रहे हैं और सहायता प्रदान करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। भट्टाचार्जी के कहा, 27 फरवर की शाम को घोष टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात हमलावरों ने उनकी गोलीमार कर हत्या कर दी। बता दें कि घोष वाशिंगटन विवि से नृत्य में मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स (एमएफए) की पढ़ाई कर रहे थे। भट्टाचार्जी के ट्वीट के अनुसार, घोष के माता-पिता की मौत हो चुकी थी। आरोपी के बारे में अभी तक कुछ सामने नहीं आया हैं। कुछ दोस्तों के अलावा घोष के परिवार में कोई नहीं है।

लाहौल स्पीति फिर बंद...

शिमला : हिमाचल प्रदेश में शनिवार को चेतावनी के बीच ऊंचे क्षेत्रों में भारी बारिश व बर्फबारी बर्फबारी हुई। अटल टनल, रोहतांग, केलांग, जिस्या, दारचा, कोकसर और लाहौल घाटी में दो इंच तक ताजा हिमपात हो चुका है। इससे अटल टनल के लिए वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। लाहौल स्पीति में सबसे ज्यादा सड़कें बंद है। मौसम विभाग ने शनिवार को चंबा, लाहौल स्पीति, कुल्लू शिमला और किन्नौर में भारी बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया गया है। ● एजेंसी

अमेरिका से जंगी ड्रोन मिलने का रास्ता साफ, अंतिम मुहर आज

वाशिंगटन, एजेंसी

- दो मार्च को डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी से कोई आपत्ति नहीं कराई गई दर्ज

अमेरिका से भारत को जंगी ड्रोन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी कांग्रेस में 31 एमक्यू-9 बी सी-गार्डियन ड्रोन भारत को देने पर डेमोक्रेटिक व रिपब्लिकन पार्टी से कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है।

मीडिया के अनुसार, दो मार्च तक सांसदों को आपत्ति देनी थी, लेकिन सांसदों से संबंध मामले में कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई। अब कांग्रेस से तीन मार्च को अंतिम मुहर लगने के बाद कोई संवैधानिक बाधा नहीं आएगी। गौरतलब है कि, ये सशस्त्र ड्रोन खुफिया जानकारी जुटाने, वायु-समुद्री युद्ध में काम आएंगे। ड्रोन पैकेज की लागत 33,069 लाख करोड़ रुपये है।

एयर ट्रेनिंग मिसाइल से लैस होगा ड्रोन

ये ड्रोन 161 एम्बेडेड ग्लोबल पोजिशनिंग और इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम के साथ आएंगे। इसके अलावा 35 एलउ रियो ग्रांडे कम्युनिकेशंस इंटेलिजेंस सेंसर सूट, 170 एजीएम-114आर हेलफायर मिसाइलें, 16 एम36ई9 हेलफायर कैप्टिव एयर ट्रेनिंग मिसाइल से लैस होगी।

मणिपुर: हिंसा में विस्थापित लोग भी कर सकेंगे मतदान: ईसी

इंफाल। मणिपुर में जातीय हिंसा में विस्थापित हुए लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में वोट डालने में सक्षम बनाने के लिए राहत शिविरों में मतदान केंद्र बनाया जाएगा। चुनाव आयोग ने इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

चुनाव आयुक्त द्वारा जारी बयान में बताया गया, पिछले साल तीन मई से जारी जातीय हिंसा के दौरान राज्य के कई हिस्से से बड़ी संख्या में मतदाता अपने मूल स्थान से विस्थापित हो गए। वर्तमान में वे राहत शिविरों में रह रहे हैं। चुनाव आयोग ने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ चर्चा करने के बाद निर्णय लिया गया कि विस्थापित लोगों के लिए विशेष मतदान केंद्रों बनेंगे। विशेष केंद्रों में वोट की गिनती सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी।

इस्लामी अतिवादी फैला रहे चरमपंथी जहर: ऋषि सुनक

लंदन, एजेंसी

- लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुनक की भावुक अपील, बोले-विभाजनकारी ताकतों से मिलकर सामना करेंगे

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक भावुक अपील की है। उन्होंने बताया कि चरमपंथी ताकतें देश को तोड़ने और बहु-धार्मिक पहचान को कमजोर करने के लिए तैयार है। अपनी हिंदू मान्यताओं का हवाला देते हुए पीएम सुनक ने कहा कि ब्रिटेन का स्थाई मूल्य सभी धर्मों और जातियों के प्रवासियों का स्वागत करता है।

सुनक ने कहा, जो आप्रवासी यहां आए हैं उन्होंने संपूर्ण रूप से अपना योगदान दिया है। उन्होंने हमारे देश की कहानी में एक नया अध्याय लिखने में मदद की है। उन्होंने ऐसा अपनी पहचान छोड़े बिना किया है। ब्रिटिश पीएम ने आगे कहा, आप मेरी तरह एक हिंदू और ब्रिटिश नागरिक हो सकते हैं, या एक धर्मनिष्ठ मुसलमान और एक देशभक्त नागरिक हो सकते हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं। या एक

समर्पित यहूदी और अपने स्थानीय समुदाय की जान हो सकते हैं तथा ये सभी हमारे स्थापित ईसाई गिरजाघर की सहिष्णुता पर आधारित है। ब्रिटिश पीएम ने कहा, मुझे डर है कि दुनिया में सबसे सफल बहु-जातीय, बहु-आस्था वाले लोकतंत्र के निर्माण में हमारे प्रयास को कमजोर किया जा रहा है। कुछ ऐसी ताकतें हैं जो हमें तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। ब्रिटेन के सांसदों के लिए बढ़ती सुरक्षा चिंताओं को लेकर ब्रिटेन में निकाले गए मार्च के दौरान हिंसा के बाद प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी की है।

विज्ञान कार्नेगी साइंस में स्कॉट शेपर्ड ने की खोज, तीनों हमारे बाहरी सौर मंडल के दो ग्रहों की करे रहे हैं परिक्रमा

यूरेनस और नेपच्यून के तीन नए चंद्रमाओं की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : खगोलविदों ने यूरेनस और नेपच्यून के तीन नए चंद्रमाओं की खोज की है। इस खोज के बाद यूरेनस के 28 और नेपच्यून के चंद्रमा की संख्या 16 हो गई है। यह खोज जमीन आधारित दूरबीनों से हुई है। पिट्सबर्ग, पेंसिल्वेनिया स्थित कार्नेगी साइंस ने खोजे गए नए चंद्रमाओं की जानकारी दी है।

इन चंद्रमाओं में यूरेनस का एक और नेप्च्यून के दो उपग्रह शामिल हैं। ये तीनों चंद्रमा हमारे बाहरी सौर मंडल के दो विशाल ग्रहों की परिक्रमा कर रहे हैं। खोजकर्ता कार्नेगी साइंस में स्कॉट शेपर्ड के अनुसार खगोलविदों ने यूरेनस और नेप्च्यून के आसपास के क्षेत्र के 5 मिनट के दर्जनों

यूरेनस व नेप्च्यून के नए चंद्रमाओं की तस्वीर।

एक्सपोजर लिए। जिसमें उन्हें कुछ अंधेरी रातों में करीब चार घंटे का समय लगा। यूरेनस के नए चंद्रमा का अस्थायी नाम एस/2023 यू1 रखा गया है।

इसका वास्तविक आकार लगभग 8 किमी है, जो खोज की इस उपलब्धि की महत्ता का संकेत देता है। क्योंकि यूरेनस पृथ्वी से लगभग 2 अरब मील की दूरी पर स्थित है। इस चंद्रमा को यूरेनस की एक परिक्रमा करने में लगभग 680 दिन लगते हैं।

चिली में कार्नेगी साइंस के लास कैम्पानास वेधशाला में मैगलन टेलीस्कोप का उपयोग करके इस नए यूरेनस के चंद्रमा का पता लगाया। खोजकर्ता वैज्ञानिक शेपर्ड ने नेप्च्यून के चंद्रमाओं का पता लगाने के लिए मैगलन टेलीस्कोप का उपयोग किया। जिसमें एक का नाम एस/2002 एन 5 रखा है।

यह लगभग 14 मील चौड़ा है और नौ वर्ष में नेपच्यून की परिक्रमा करता है। नेप्च्यून के दूसरे नए चंद्रमा का नाम एस /2021 एन1 रखा गया है। यह नौ मील चौड़ा है और हर 27 साल में नेपच्यून की परिक्रमा करता है।

चंद्रमाओं को गुरुत्वाकर्षण शक्ति खींच लाई

वैज्ञानिकों का कहना है कि उनकी कक्षाएँ इस बात का संकेत हैं कि ये छोटे चंद्रमा यूरेनस और नेपच्यून के साथ पैदा नहीं हुए थे। बल्कि युरेनस व नेप्च्यून की गुरुत्वाकर्षण शक्ति इन्हें अपनी ओर खींच लाई। तीनों चंद्रमाओं की झुकी हुई कक्षा इसका ठोस सबूत है।

अमेरिका: दो साल में हिन्दी भाषा पढ़ाने वाले स्कूल दस गुना बढ़े

वाशिंगटन, एजेंसी

- हिन्दी को बढ़ावा देने वाली संस्था आईएएपीएच ने कहा- 12 विवि में हिन्दी के अलग विभाग बने

अमेरिका में हिन्दी का दबदबा बढ़ रहा है। पिछले दो साल के दौरान अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय भाषा के तौर पर हिन्दी विषय पढ़ाने वाले स्कूलों की संख्या दस गुना बढ़ गई है। अब 90 स्कूलों में हिन्दी के कोर्स चल रहे हैं। वहीं हिन्दी के छात्रों की संख्या भी बढ़कर 14 हजार हो गई है।

बता दें, मशहूर सिलिकॉन वैली के सरकारी स्कूलों में अगस्त से हिन्दी वैश्विक भाषा कोर्स शुरू होगा। पहली बार हिन्दी को वैश्विक भाषा का दर्जा दिया गया है। अमेरिका में हिन्दी को बढ़ावा देने वाली संस्था आईएएपीएच के अनुसार डलास और ह्यूस्टन समेत डेढ़ दर्जन शहरों के स्कूलों में अगले सत्र से हिन्दी के विषय शुरू होंगे। हार्वर्ड, येल, प्रिंस्टन जैसे 12 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में हिन्दी का अलग विभाग संचालित किया जा रहा है। दो साल पहले तक अमेरिका के 6 विश्वविद्यालयों में ही हिन्दी का विभाग संचालित होता था। कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने बताया है कि अमेरिका में भारतीयों की दूसरी और तीसरी पीढ़ी में हिन्दी के प्रति लगाव का बड़ा कारण हिन्दी को भाषा के रूप में पढ़ने के बाद मिलने वाले भविष्य में बहुत सारे विकल्प खुलेंगे।

कुछ भारतीय कंपनियां हिन्दी अधिकारियों की नियुक्ति करती हैं। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में हिन्दी के शिक्षकों की मांग बढ़ रही है। अमेरिका की पहली हिन्दी पाठ्य पुस्तक 'नमस्ते जी' के लेखक अरुण प्रकाश का कहना है कि स्कूलों में हिन्दी शिक्षकों को प्रति सप्ताह 40 हजार रुपए मिलते हैं। ऐसे में शिक्षकों का रुझान बढ़ रहा है।